रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 02 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-341 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पेरिस ओलंपिक में देश के लिए तीसरा पदक लाने पर मुख्यमंत्री साय ने दी स्वप्निल कुसाले को बधाई

**रायपुर।** पेरिस ओलंपिक में देश के लिए तीसरा पदक लाने पर मुख्यमंत्री साय ने स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई दी है। स्वप्निल ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि स्वप्निल ने बिल्कुल सही निशाना साधते हुए ब्रांज मेडल जीत लिया। उनकी कड़ी मेहनत और एकाग्रता का सार्थक परिणाम पेरिस में सामने आया। देश को उन पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों में हमारे निशानेबाजों ने विजय से शानदार आगाज किया है उससे पूरा देश आह्लादित है। हम छत्तीसगढ़ के लोगों की ओर से भारतीय ओलंपिक दल को हार्दिक बधाई देते हैं।

### आरक्षण के लिए एससी, एसटी का उप वर्गीकरण कर सकती हैं सरकारें: सुको

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में 'पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2006' को बरकरार रखते हुए कहा कि नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में आरक्षण के भीतर आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों का उप-वर्गीकरण किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की संविधान पीठ ने छह-एक के बहुमत वाले अपने फैसले में पंजाब के अलावा तमिलनाडु और अन्य राज्यों में इस तरह के उप-वर्गीकरण के लिए कानून की वैधता को बरकरार रखा।

### किसान, युवा, महिला, गरीब के उत्थान से ही देश का भला: योगी

**लखनऊ।** जाति के मुद्दे पर देश में हो रही राजनीति के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर



इस बात को दोहराया है कि जातियां केवल चार ही हैं और अगर इनका उत्थान हुआ तो देश में कहीं भी भेदभाव की स्थिति नहीं आएगी। योगी विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पहली बार सरकार के एजेंड का हिस्सा किसान बना है। किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिल रहा है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड योजना शुरू की गई।

# गांव गरीब और किसानों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में अंतरित की

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका वितरण योजना और सरस्वती सायकल योजना फिर से शुरू करने वाली है। जगदलपुर में कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान साय ने रिमोट का बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की 6वीं किश्त की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधायक किरण देव की मांग पर जगदलपुर शहर में लम्बे समय से अधूरे पड़े उच्च स्तरीय ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा कराने के लिए 1 करोड़ की राशि भी मंजूर की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में जमा होने के मेसेज के आने की पुष्टि भी की। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर जिले में चल रहे विकास कार्यो और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दन्तेश्वरी माता के जयकारे से शुरू कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि केन्द्र सरकार




की भांति छत्तीसगढ़ की सरकार भी गरीबो के कल्याण, विकास और खुशहाली के लिए समर्पित है। मोदी की गांरटी के तहत गांव गरीब, किसान, महिला, युवा आदिवासी पिछड़े सभी वर्ग के विकास के लिए योजना चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने कार्यभार संभालते ही कैबिनट की पहली बैठक में 18 लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पक्का मकान बनाने की स्वीकृति दी थी। तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए इस बार साढ़े पांच हजार रूपए मानक बोरा की दर से पत्ता खरीदी की गई और पूरे सीजन पत्ता खरीदा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तेन्दूपत्ते को बेचने के बाद होने वाले फायदे को भी बोनस के रूप में संग्राहकों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदने की गारंटी पूरी की है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई।

### विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में मोदी सरकार का मिल रहा पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मिशन में केन्द्र की मोदी सरकार का भरपूर सहयोग छत्तीसगढ़ को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले की राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का राज्यांश जमा नहीं करके 18 लाख गरीब बेघर लोगों को उनके पक्के घर बनाने के सपने को तोड़ दिया था। राज्य में नयी सरकार बनते ही सबसे पहले राज्यांश की व्यवस्था कर पैसा केन्द्र सरकार को दिया गया। अब आने वाले कुछ ही दिनों में आवास योजना के तहत बनने वाले घरों के लिए वर्ष 2023-24 की राशि भी छत्तीसगढ़ को मिल जाएगी। जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 18 लाख लोगों को उनका पक्का घर मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उनके पिछले दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में रेल सड़क परियोजनाओं के विस्तार पर भी केन्द्रीय मंत्रियों से चर्चा हुई है। उन्होंने लम्बे समय से लंबित जगदलपुर-रावघाट रेल परियोजना पर सकारात्मक चर्चा होने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राजधानी रायपुर से बस्तर को जोड़ने वाले एक मात्र राष्ट्रीय राजमार्ग के जीर्णोद्धार के लिए भी जल्द ही स्वीकृति मिलेगी। इसके साथ ही कवर्धा से सुकमा तक नये राष्ट्रीय राजमार्ग की मांग भी केन्द्र सरकार से की गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पीएमश्री योजना, पीएम जनमन योजना से लेकर राज्य में चलने वाली किसी भी जनकल्याणकारी योजना के लिए पैसे की कमी नहीं होने का आश्वासन भी केन्द्र सरकार के मंत्रियो से मिला है। कार्य म को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 3 करोड़ 95 लाख से ज्यादा पौधे लगाएं जाएंगे। कश्यप ने इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जो पौधा उपस्थित महिलाओं को दिया है, उसका रोपण और देखभाल उनकी जिम्मेदारी है। बस्तर के जंगलों में प्रभु श्रीराम के चरण पड़े हैं, यही कारण है कि बस्तर के जंगलों में एक भी कांटे नहीं हैं, हमारे जंगल हमारी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं इसलिए जंगलों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्य म को सम्बोधित करते हुए कहा कि जबसे छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार बनी है, तबसे हर वर्ग के हित में अहम निर्णय लिए जा रहे हैं। हमारी सरकार घोषणापत्र के अनुरूप हर वादे को पूरा कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए महतारी वंदन योजना समेत अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और इस दिशा में काम हो रहा है।

# हिमाचल में बादल फटने और अचानक बाढ़ आने की घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत, 45 लापता

पायनियर संवाददाता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और अचानक आयी बाढ़ के कहर के कारण शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में काफी तबाही मची है। मिली रिपोर्ट के अनुसार बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात घटी इन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है और कम से कम 45 लोग लापता हैं। शिमला के रामपुर इलाके में गुरुवार तड़के बादल फटने के कारण कई घर, स्कूल और अस्पताल प्रभावित हुए। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि 19 लोग लापता हैं और तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और स्पेशल होम गार्ड की टीमें मौके पर पुहंच गयी हैं, हालांकि टूटी सड़कों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में बाधाएं आ रही है। मंडी के थलातुखोद क्षेत्र में आधी रात को विनाशकारी बादल फटने से मकान ढह गये और सड़क संपर्क बाधित हो गया। नौ लोग लापता हैं और एक शव बरामद किया गया है। मंडी जिला प्रशासन ने वायुसेना को अलर्ट कर दिया है और एनडीआरएफसे सहायता मांगी है। एसडीआरएफ सहित कई बचाव दल क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद अथक प्रयास कर रहे हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन राहत प्रयासों की निगरानी के लिए पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों की ओर रवाना हो गये हैं। कुल्लू में, भारी बारिश के कारण मलाना नाला क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। मलाना वन और मलाना टू बिजली परियोजनाओं पर भारी असर पड़ा है और पार्वती नदी में जल स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। निरमंड क्षेत्र में पटवार खाना, होटल और दुकानों सहित 8-10 भवन बह गए। एक परिवार के सात सदस्यों सहित सात से 10 लोग लापता बताये जा रहे हैं। स्थानीय तहसीलदार और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। कई पुल नष्ट हो गये हैं और सड़कें बंद हैं, जिससे बचाव कार्यों में काफी दिक्कतें आ रही है। खराब मौसम के कारण प्रभावित क्षेत्रों में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिये गये हैं।

## लोकसभा में लगे रेल मंत्री हाय-हाय के नारे, वैष्णव का धैर्य टूटा

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का लोकसभा में अलग रंग दिखायी दिया। अति विनम्र स्वभाव और मुस्कान भरे चेहरे के




लिए पहचाने जाने वाले वैष्णव का रेलवे को लेकर विपक्ष की कथित ट्रोल आर्मी एवं विपक्षी सदस्यों के आरोपों से कुपित होकर धैर्य टूट गया और उन्होंने जिस आक्रामक अंदाज में विपक्षी सदस्यों की टोकाटाकी का प्रतिवाद किया उससे विपक्ष आसन के समक्ष आ गया और रेल मंत्री हाय हाय के नारे लगाये। लोकसभा में तीन दिन तक बजट में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में कहा था कि देश के अभियंताओं में इतनी क्षमता और बुद्धिमत्ता है कि वे सर्वोत्तम तकनीक और प्रौद्योगिकी का आविष्कार कर सकते हैं। मोदी के दूरदर्शिता के अनुरूप अब रेलवे में हर क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# बदलते समय में कौशल को उन्नत बनायें नागरिक सेवा कर्मी : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बल मुख्यालय नागरिक सेवाओं के कर्मियों से रक्षा मंत्रालय में कुशल नीति निर्माण और सुधारों के कार्यान्वयन के लिए तेजी से बदलते समय में अपने कौशल को उन्नत करने का आह्वान किया है। वह 83वें सशस्त्र सेना नागरिक सेवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने नागरिक सेवाओं को शासन का 'स्टील फ्रेम' बताते हुए आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयासों और सैनिकों के कल्याण में किये जाने वाले योगदानों सहित विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, आप सशस्त्र बलों और बाकी नागरिक सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बेहतर दक्षता के लिए अपनी क्षमताओं को और



अधिक मजबूत करने की जरूरत है। सिंह ने कहा, पिछले पांच वर्षों के दौरान रक्षा मंत्रालय में अभूतपूर्व सुधार किए गए हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। हमारी उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। यह टीम वर्क के कारण संभव हुआ है। सशस्त्र बलों और नागरिक सेवाओं को बेहतर परिणाम के लिए कमांड मुख्यालय एवं सेवा मुख्यालय से लेकर मंत्रालय स्तर तक मिलकर काम करना चाहिए। रक्षा मंत्रालय में नागरिक सेवा के अधिकारियों को प्रमुख भूमिकाओं में शामिल करने से निर्णय की गुणवत्ता बेहतर होगी। रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग से नागरिक सेवा के कर्मियों की करियर में बेहतर प्रगति की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे उनकी क्षमताएं बढ़ेंगी, उनके करियर में प्रगति बेहतर होगी और ये कर्मी हमारी रक्षा प्रणाली को मजबूत करते हुए सशस्त्र बलों को बेहतर सहायता प्रदान करने में सक्षम होंगे। बेहतर कैरियर प्रगति सुनिश्चित करने से एएफएचक्यू नागरिक सेवा की ओर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भी आकर्षित होंगी। सिंह ने कर्मियों से ईमानदारी, अनुशासन और एकरूपता के मूल मूल्यों पर ध्यान देने का आह्वान किया। उनका विचार था कि हर व्यक्ति सम्मान का हकदार है। चाहे उसकी हैसियत या पद कुछ भी हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अहंकार को त्यागना चाहिए और कर्मियों को एक टीम के रूप में काम करना चाहिए। उन्होंने एक-दूसरे से सीखने का आह्वान किया। जिससे कठिन कार्य को भी पूरा करना आसान हो जाता है।

## संसद भवन में जलभराव पर लोकसभा सचिवालय का स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने नये संसद भवन की सुदृढ़ता को लेकर मीडिया रिपोर्ट में व्यक्त किये जा रहे संदेह को खारिज



करते हुये कहा कि भारी बारिश के दौरान भवन की लॉबी के ऊपर ग्लास डोम्स को फिक्स करने के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला एडहेसिव के थोड़ा हट जाने के कारण लॉबी में पानी का मामूली रिसाव हो गया था। सचिवालय के सूत्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर यह भी देखा गया कि नये संसद भवन के मकर द्वार एवं उसके आसपास जलभराव हो गया था। उल्लेखनीय है कि ग्रीन पार्लियामेंट हरित संसद की संकल्पना के अनुसरण में नये संसद भवन की लॉबी सहित भवन के कई हिस्सों में ग्लास डोम्स लगाये गये हैं, जिससे संसद के दैनिक कामकाज में प्रचुर प्राकृतिक रोशनी का उपयोग किया जा सके। सूत्रों के अनुसार बुधवार को हुई भारी बारिश के दौरान, भवन की लॉबी के ऊपर ग्लास डोम्स को फिक्स करने के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला एडहेसिव थोड़ा हट गया, जिससे लॉबी में पानी का मामूली रिसाव हो गया। समस्या का हालांकि समय पर पता चल गया और तुरंत आवश्यक उपाय किये गये। इसके बाद पानी का कोई और रिसाव नहीं देखा गया। इसी तरह मकर द्वार के सामने जमा पानी भी तेजी से ड्रेनेज प्रणाली के द्वारा निकल गया।

## सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं के बिजली के दाम वापस ले : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं की बिजली के दामों की बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार के तुगलकी निर्ण के कारण राज्य की लौह उत्पादन इकाईयां बंद हो गयी है। इनमें काम करने वाले 2 लाख से अधिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उद्योगों को राहत देने तथा उद्योगों में काम करने वाल छत्तीसगढ़िया मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने के लिये उद्योगों के बिजली के दामों में विशेष रियायत दिया था ताकि छत्तीसगढ़ की लौह इकाईयां पड़ोसी राज्य से सस्ते में उत्पादन कर सके और राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाली लौह इकाईयों की मदद हो। इसके साथ ही कांग्रेस सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को भी 400 यूनिट तक की बिजली के दामों को आधा कर राहत प्रदान किया था। किसानों को 5 एचपी तक पंप के लिये बिजली मुफ्त मिलती थी। भाजपा की सरकार आने के बाद सरकार के आिर्थक कुप्रबंधन के कारण सभी वर्गो के बिजली के दाम बढ़ गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली के साथ भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। 7 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं।

### हरित अर्थव्यवस्था एवं उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के नये अवसर

# समग्र रणनीतिक साझीदारी का रोडमैप तय किया भारत वियतनाम ने

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत और वियतनाम ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र को केन्द्र में रख कर अपनी समग्र रणनीतिक साझीदारी के कार्यान्वयन की अगले पांच साल के रोडमैप पर मुहर लगाई तथा ऊर्जा, कृषि, संस्कृति, स्टार्ट अप्स, हरित अर्थव्यवस्था एवं उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के नये अवसर खोलने तथा पर्यटन सहित लोगों के आदान प्रदान बढ़ाने के संकल्प व्यक्त किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिंग चिंग के बीच हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में उक्त निर्णय लिये गये। बैठक के बाद नौ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों नेताओं ने वर्चुअल रूप से वियतनाम के नया चांग में दूरसंचार विश्वविद्यालय में आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क का उद्घाटन किया तथा वियतनाम के आपदा



प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के गठबंधन (सीडीआरआई) में शामिल होने की घोषणा की। जिन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किया गया है उनमें भारत और वियतनाम के बीच 2024-28 की अवधि के दौरान व्यापक रणनीतिक साझीदारी के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना, भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड और वियतनाम सीमा शुल्क के सामान्य विभाग, वियतनाम के बीच सीमा शुल्क क्षमता निर्माण में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन, कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए मणिपुर के इंफाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और हनोई स्थित वियतनाम कृषि विज्ञान अकादमी के बीच समझौता ज्ञापन, कानूनी क्षेत्र में सहयोग पर वियतनाम के न्याय मंत्रालय और भारत के कानून एवं न्याय मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन, रेडियो एवं टेलीविजन पर सहयोग के लिए प्रसार भारती और वॉयस ऑफ वियतनाम (वीओवी) के बीच समझौता ज्ञापन, वियतनाम सरकार और भारतीय निर्यात-आयात बैंक के बीच 30 करोड़ डॉलर की राशि के दो डॉलर क्रेडिट लाइन करार, वियतनाम के क्वांग नाम प्रांत स्थित माई सोन में एफ ब्लॉक के संरक्षण और बहाली के लिए भारत सरकार और वियतनाम सरकार के बीच आशय पत्र, औषधीय पौधों के क्षेत्र में सहयोग पर वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय के पारंपरिक चिकित्सा प्रशासन और भारत के राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड, आयुष मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन तथा गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के सहयोग और विकास पर वियतनाम के संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय और भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन शामिल हैं। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, प्रधानमंत्री फाम मिंग चिंग और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। सबसे पहले, मैं समस्त भारतीयों की ओर से, महासचिव न्यूयेन फु चोंग के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वे भारत के अच्छे मित्र थे।

## आरक्षण का अर्थ 'बुद्धुओं को बढ़ावा देना' मानती है कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके नेता दिवंगत राजीव गांधी आरक्षण को बुद्धुओं को बढ़ावा देना मानते थे। आम बजट 2024-25 में



शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने यह आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की उन्नति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को इंदिरा गांधी हों या राजीव गांधी दोनों ने आने नहीं दीं। उन्हें ही अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) से नफरत थी। सूर्या ने कहा, दिनांक तीन मार्च 1985 को नवभारत टाइम्स के संपादक आलोक मेहता ने राजीव गांधी का इंटरव्यू प्रकाशित किया था जिसमें गांधी ने कहा था कि आरक्षण के नाम पर बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि आज सब देख रहे हैं कि कांग्रेस के कर्म उसे किस मोड़ पर ले आये हैं। शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा में सत्तापक्ष ने दावा किया कि देश में शिक्षा संस्थानों का घनत्व बढ़ा है और नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति से दलित, आदिवासी, महिला, पिछड़े वर्गों का नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## किसानों की हालत सुधारने के लिए कोई वादा पूरा नहीं किया सरकार नेः सुरजेवाला

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने राज्यसभा में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों की हालत सुधारने के लिए अब तक जो भी वादे किये वे केवल जुमले साबित हुए और किसानों की आय दोगुना करने से लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल की खरीद करने जैसे एक भी वादे को पूरा नहीं किया गया है। कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि मोदी सरकार के किसान कल्याण क्रियाकलापों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकार ने पांच वर्षों में कृषि मंत्रालय के बजट का एक लाख करोड़ रूपया वापस लौटाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दी जायेगी लेकिन मंत्रालय की स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि किसानों की आय दोगुना तो नहीं की जा सकी बल्कि यह कुछ राज्यों में पहले से भी कम हो गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार बजट में कृषि के आवंटन को चार प्रतिशत से कम कर कुल बजट के केवल 2.74 प्रतिशत पर ले आयी है। उन्होंने सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश में सवा लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह निजी बीमा कंपनियों के लिए मुनाफे का सौदा बन गयी है। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के समय एमएसपी लागू करने का वादा किया था लेकिन अब तक यह पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कृषि मंत्री द्वारा दिये गये आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार खुद उसके द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही फसलों की खरीद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गेंहू, चना, जौ और सरसों के कुल उत्पादन में से बहुत कम फसल को एमएसपी पर खरीदा है। उन्होंने कहा कि फिर एमएसपी का क्या औचित्य रह जाता है। किसानों के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री कुसुम योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके तहत जो घोषणाएं की थी वे धरातल पर नहीं उतरी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने उर्वरक पर सब्सिडी में भी कटौती की है।

# सिल्हाटी उपकेंद्र की क्षमता बढ़ने से 65 गांवों में नहीं होगी वोल्टेज की समस्या

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लगातार अपनी पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में आज ऊर्जा सचिव पी दयानंद के निर्देशानुसार पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक आर. के. शुक्ला के व्दारा 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सिल्हाटी के व्दितीय 40 एम.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इससे 65 गांवों के 20 हजार से अधिक घरेलू व कृषि पंप उपभोक्ताओं को सीधा बेहतर वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। यह 132/33 केव्ही उपकेंद्र कबीरधाम जिले के सिल्हाटी गांव में स्थित है, जहां पहले 40 एमव्हीए का एक ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति हो रही थी, वहां 40 एमव्हीए का एक और ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता 80 एमव्हीए हो गई है। इस उपकेंद्र की 33 केव्ही की तीन नई लाइनें मड़मड़ा, कुसुमघटा और सारंगपुर निकाली गई है, जिनसे 33 केव्ही के कुसुमघटा, पांडातराई, मड़मड़ा, बैजलपुर, गांगपुर, सारंगपुर लाइन भी ऊर्जीकृत हो गए हैं। इस उपकेंद्र से भविष्य में दो और 33 केव्ही लाइनें संधारित की जाएंगी, जिससे तीन और उपकेंद्र ऊर्जीकृत होंगे। इस उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ने से कबीरधाम जिले के संचा./ संधा. संभाग पंडरिया के अंतर्गत 65 ग्रामों तथा 6 उपकेन्द्रों से जुड़े लगभग 20 हजार विभिन्न श्रेणी के उपभोक्तओं तथा किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सिल्हाटी उपकेन्द्र के ऊर्जीकरण से 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र डोमसरा के 33 के.व्ही. खरहट्टा फीडर से 2 उपकेन्द्र के भार सिल्हाटी उपकेन्द्र में स्थानांतरित होने से 14 मेगावॉट भार कम होगा तथा 35 ग्रामों के लगभग 6 हजार किसानों को लो-वोल्टेज समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही कवर्धा के 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र से 4 मेगावॉट इस प्रकार कुल 18 मेगावॉट लोड दोनों उपकेन्द्रों से कमी होगी, जिससे खरीफ फसल के समय उपकेन्द्र अतिभारित होने से बचेंगे तथा उपभोक्ताओ को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। सिल्हाटी उपकेन्द्र के ऊर्जीकरण से क्षेत्र मे लो वोल्टेज समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, एमएस चौहान, मुख्य अभियंता डीके तुली, जी. आनंद राव व अविनाश सोनेकर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जीएसटी में सुधार के लिए जीएसटी काउंसिल के ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का हुआ पुनर्गठन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सदस्य के रूप में हुए नामित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री ओपी चौधरी जीएसटी में सुधार के लिए हाल ही में जीएसटी काउंसिल के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का पुनर्गठन किया गया है। इस नए गठन में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में दो राज्यों के उप मुख्यमंत्री समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं। नई दिल्ली जीएसटी काउंसिल की ओर से जारी पत्र के अनुसार, जीएसटी में सुधार के लिए यह पुनर्गठन किया गया है। ग्रुप का संयोजक महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार को बनाया गया है। उड़ीसा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ पांच अन्य राज्यों के वित्त मंत्रियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। चौधरी को सदस्य बनाए जाने से छत्तीसगढ़ के वित्तीय दृष्टिकोण और अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। वे लगातार राज्य के वित्तीय प्रबंधन और जीएसटी के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुधार कर रहे हैं, जो इस समिति की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून, प्रक्रियाओं और नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए सिफारिशें प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी व्यवस्था सभी राज्यों की आर्थिक स्थितियों और जरूरतों के अनुरूप हो, जिससे समग्र आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रही है आत्मनिर्भरता का सुख

## महिलाओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। पूरे राज्य में इस योजना का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। कोरबा विकासखण्ड के कोरकोमा की रहने वाली गीता नायक ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही नायक ने कहा कि उनके पति नीलांबर नायक खेती का कार्य करते हैं। विगत 6 माह से उन्हें योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों के अध्यापन कार्य तथा उनके लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करने में करती हैं। साथ ही राशनकार्ड से उन्हें निर्धारित दर पर खाद्यान्न भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हो रही है। साथ ही उन्हें एक प्रकार की वित्तीय सुरक्षा महसूस होती है। जिससे वे निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाती हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। लाभान्वित होने वाली हितग्राही रायपुर जिले के गांव सिलतरा निवासी 50 वर्षीय उषा आडिल ने बताया कि महतारी वंदन की राशि पाकर आज बहुत खुशी हो रही है। इसे शब्दों में बया नहीं कर सकती हूं। राशि का उपयोग अपनी कालेज में पढ़ने वाली बेटी निम्मी के लिए कर रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही है। कालेज की फीस भरने के लिए राशि काम आ रही है। उसी गांव की प्रेमा वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपनी 7 वर्ष की नन्ही पोती चित्रांशी के लिए चांदी का आभूषण खरीदकर उपहार देने की बात कही। रायपुर जिले के ग्राम रैता निवासी संतोषी खुंटे ने बताया कि छोटी-छोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। राशि का उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए करेगी। रायपुर निवासी अर्चना पद्मवार ने बताया कि पैसा का उपयोग अपनी जरूरी दवाईयां खरीदने के कर रही हैं।

# विधायक पुरंदर मिश्रा एवं निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के वार्डो में जनसुविधा हेतु प्रतिदिन लगाये जा रहे जनसमस्या निवारण शिविर के तहत जोन 2 के वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के क्षेत्र में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान त्रिमूर्ति नगर में लगाये गये जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर की व्यवस्था का वहां पहुंचकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी शासकीय विभागो के स्टालों में पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य अंजनी राधेश्याम विभार, एमआईसी सदस्य सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद गोपाल सोना एवं जोन 2 जोन कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे सहित संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अंजनी राधेश्याम विभार के अनुरोध पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को वार्ड 6 के त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में नागरिको को जीवन में स्वस्थ परिवेष देने वहां सुलभ शौचालय का निर्माण एवं जनउपयोग हेतु नये सामुदायिक भवन का निर्माण तत्काल प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्वीकृति लेकर प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने जोन 2 कमिश्नर को इस पर शीघ्र आवष्यक कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य के अनुरोध पर दुर्गा पंडाल मैदान को शीघ्र बजरी डालकर उपयोग हेतु सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये है। रायपुर उत्तर विधायक ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार रायपुर जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा लगाये जा रहे जनसमस्या निवारण पखवाडा षिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राषन कार्ड केवाईसी सहित आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट से संबंधित जनसमस्याओं से अवगत कराकर उसका त्वरित समाधान प्राप्त कर पूर्ण वांछित लाभ उठाने का आव्हान नागरिको से किया है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों और जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ शासन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनसमस्याएं सुनकर शिविर स्थल पर ही यथा संभव उनका त्वरित समाधान करने की चुस्त कार्य प्रणाली को लेकर सराहना की है।

# खुले में कचरा फेंकने वालों की अब खैर नहीं एक्शन मोड में नगरपालिका





**भाटापारा।** कलेक्टर जिला बलौदा बाजार-भाटापारा निर्देशानुसार तथा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में कचरा फेंकने वाले व्यक्तियों को प्रथम चरण में समझाइए दिया गया तथा पटपर एस.एल.आर.एम सेंटर के पास स्थित सतनामी मुक्तिधाम के सामने मुख्य मार्ग कचरा फेंकने पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है जिसमें कचरा फेंकते हुए एक व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुए 5000/- रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा उक्त स्थल की सफाई करवा कर समतलीकरण का कार्य किया गया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर वासियों से अपील की की अपने वार्ड/ मोहल्ले/ गली एवं शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें तथा कचरा को कचरे वाली गाड़ी में ही डालें तथा खुले में कचरा फेंकने पर कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई।


# सोनू पटाक, विप्र फाउन्डेशन भाटापारा के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**भाटापारा।** पालक संघ के सक्रिय जुझारू संघर्षशील व्यक्तित्व के तेजतर्रार युवा नेता संतोष पटाक, सोनू को सामाजिक एवं जनहित में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली सामाजिक संगठन विप्र फाउन्डेशन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति से अब सामाजिक कार्यों से उत्तरोत्तर प्रगति को बल मिलेगी। ज्ञात रहे कि सोनू पटाक की युवा वर्ग में लोकप्रियता को देखते हुए विप्र फाउन्डेशन के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष कचरु प्रसाद शर्मा, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपाली शर्मा, महामंत्री राजा सारस्वत, प्रदेश संयोजक मुल्कराज शर्मा, चरण शर्मा द्वारा जिला अध्यक्ष के रूप में इन्हें शपथ दिलाई गई। सोनू पटाक की नवनियुक्ति पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा बधाई प्रेषित की गई है जिसमें प्रमुख रुप से ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, आदि गौण ब्राम्हण समाज के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे आदि गौण ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र भृगु, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भृगु, पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन, संतोष सोनी, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र शर्मा, विनय उपाध्याय, डॉ. सुधाकर शर्मा, डॉ. विमल त्रिपाठी, सन्टी किशोर भानुशाली आदि लोगों ने बधाई दिये।



# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राइवेट स्कूलों की मान्यता संबंधित हजारो फाईल गायब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर गंभीर आरोप लगाया उन्होंने कहा कि डीओ कार्यालय के उच्च अधिकारी और मान्यता शाखा के प्रभारी द्वारा रायपुर ज़िले में संचालित प्राइवेट स्कूलों के मान्यता संबंधित शासकीय दस्तावेज़ो को ग़ायब कर दिया गया है, उन्होंने रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को इस गंभीर मामले की जाँच हेतु शिकायत पत्र सौंपा है और रायपुर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को शिकायत पत्र सौंपकर उक्त मान्यता शाखा अधिकारी और लिपिकों के विरुद्ध शासकीय दस्तावेज़ो की चोरी/ग़ायब होने पर विधि सम्मत एफआईआर दर्ज करवाने हेतु शिकायत पत्र सौंपा है। विकास तिवारी ने कहा कि शिक्षा विभाग के आला अधिकारी और प्राइवेट स्कूलों के मिली भगत से निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार 2009 के तहत प्रदेश में ग़रीब बच्चो का हक़ छीना जा रहा है, जरूरत मंद छात्रों के स्थान पर बड़े घर के बच्चो को प्रवेश दिया जा रहा है, बिना फीस नियामक 2020 लागू हुवे प्राइवेट स्कूल संचालक मनमाना फीस वसूल कर रहे है, और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की इसमें मिलीभगत है, हर साल रायपुर ज़िले में ही 500 करोड़ रू से अधिक की उगाही की जा रही है,पालकों और छात्रों को लूटा जा रहा है।










# भ्रष्टाचार व अनियमितता के मामले मे जवाबदेही तय कर दंडात्मक कारवाई व क्षति पूर्ति राशि तय होनी चहिये

## विडम्बनाओ का निराकरण नही उसका पोषण भाटापारा में समस्या की प्रमुख वजह

*मलाईदार क्षेत्र के रुप मे प्रचलित क्षेत्र अधिकारियों की मनपसंद जगह*










पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा क्षेत्र प्राकृतिक सांस्कृतिक सामाजिक शैक्षणिक भौगोलिक ऐतिहासिक धार्मिक औद्योगिक आदि सभी दृष्टिकोणों से कुदरत द्वारा प्रदत परिपूर्ण क्षेत्र है जिसके कारण इस क्षेत्र कि पहचान राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय व सभी जिलों ख्याति प्राप्त रुप मे है परंतु इन सबके बीच सभी पैमानों पर भ्रष्टाचार अनियमितता भर्राशाही जैसी विडम्बनाये भी है जिसका सक्षात उदाहरण दाऊ कल्याण सिंह के सम्पत्ति से जुडे मामलों मे प्रशासनिक अनियमितता खुलकर सामने आई है और इसी तरह अन्य प्रशासनिक विभागों मे भी भर्राशाही का आलम भी व्यात माना जा सकता है जो शहर की व्यवस्था विकास सुदृढता को प्रभावित करती नजर आती है।

**लम्बे समय से प्रचारित भाटापारा मलाईदार क्षेत्र**

क्षेत्र की लोगों मे किवदंती प्रचारित है की भाटापारा मलाईदार क्षेत्र है जिसके कारण जो भी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी यहां आते है वह इस क्षेत्र से मोहित रहते है जिसके चलते कई अंगद की तरह पैर जमाये




रहने के प्रयास मे भी रहते है जिसके चलते क्षेत्र के अनेक दुरगामी विकास प्रशासनिक प्रयोजना क्षेत्र की योग्यता प्रतिभा सभी प्रशासकीय मापदंडो का भी दोहन शोषण किया जाता है। जिसका सीधा प्रभाव गरीब आम वर्ग को पढता है जिसका सीधा उदाहरण दाऊ कल्याण सिंह के सम्पत्ति से मामले से ही लगाया जा सकता है।

**मलाईदार क्षेत्र के दोहन मे कुछ जनप्रतिनिधि व दलाल वर्ग के लोग भी रहते है प्रभावी**

गौरतलब है की भाटापारा क्षेत्र जो की सन 1956 से जब इसकी राजधानी नागपुर हुआ करती थी उस समय से राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय ख्याति प्राप्त क्षेत्र मे गिना जाता है परंतु समय के बदलते परिवेश के साथ भोपाल राजधानी व रायपुर हो जाने के बाद अपेक्षाकृत तुलात्मक दृष्टिकोण से भाटापारा को वह सर्वांगीण विकास नही मिल पाया जिसका वह हकदार है उक्त क्षेत्र के शोषण दोहन मे कुछ जनप्रतिनिधि वर्ग व दलाल वर्ग के लोगों का भी सहयोग रहा है कहेंगे तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी, जिसमें विभिन्न पहलुओं से भाटापारा आज 50 सालों से विडम्बना का शिकार होते आया जिससे क्षेत्र की विकास समृध्दि प्रभवित हुई है।

**भ्रष्टाचार व अनियमितता पर जिसकी जवाबदाही है उन पर कार्यवाही व राशि की भरपाई**

गौरतलब है कि दाऊ कल्याण सिंह के सम्पत्ति से जुडे मामले हाईकोर्ट का फैसले आने पर उक्त मामले के कई करोड़ों रुपये के अचल सम्पत्ति के भर्राशाही व अनियमितता के मामले को लेकर उच्चस्तरीय जाँच समिति गठित होने चहिये व उक्त मामलों के दोषियों से अंतिम भू स्वामी के क्षतिपूर्ति कि भरपाई जाँच मे पाये गये सम्बंधित मामलो के दोषियों से क्षतिपूर्ति राशि वसूल कर दंडात्मक कारवाई किया जाना चहिये जिससे शासन प्रशासन व कानून व्यवस्था के प्रति आम जनता मे सकरात्मक संदेश जा सके।

# कलेक्टर ने किया अंदरुरी क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नारायणपुर जिले की सीमा से लगे गांवों का भ्रमण किया और वहां आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, आश्रम-छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र, उचित मूल्य की दुकान एवं जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया।

## उमरगांव में किया जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उमरगांव में जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण किया और उन्होंने शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार प्रत्येक घर में जल उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए हर घर जल के प्रमाणन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## चौडंग के उचित मूल्य दुकान संचालक को बर्खास्त करने के दिए निर्देश

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने चौड़ंग स्थित उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां खाद्य सामग्री की तौल करवाई। उन्होंने यहां स्टॉक पंजी में दर्ज मात्रा और दुकान में उपलब्ध मात्रा में अंतर पाए जाने पर दुकान संचालक को बर्खास्त करने के निर्देश दिए। वहीं निगरानी में लापरवाही बरतने पर खाद्य निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन और उचित मूल्य की दुकान का निर्माण शीघ्रता से करने व पूर्व माध्यमिक शाला की छत के मरम्मत के लिए प्राक्क लन तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया।

## चलका के प्राचार्य अनुपस्थित, अवैतनिक अवकाश घोषित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम चलका में स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां प्राचार्य को बिना सूचना के अवकाश में जाने पर अवैतनिक अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी की भूमिका को भी लापरवाही पूर्ण पाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में बातचीत की और बच्चों को वास्तविक संख्या, प्राकृत संख्या एवं पूर्ण संख्या के संबंध में प्रश्न पुछा। बच्चों द्वारा तुरंत उत्तर देने पर कलेक्टर ने खुशी जताई। उन्होंने बच्चों से पाठ्यपुस्तक एवं शाला गणवेश के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

## बयानार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नवंबर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

उन्होंने बयानार में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निरीक्षण किया और कार्य की गति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छत ढलाई का कार्य अगस्त माह तक पूर्ण करने एवं संपूर्ण कार्य को नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मापदण्ड अनुसार नर्सिंग स्टॉफकक्ष एवं शौचालयों का निर्माण करने के निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बयानार में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को परोसे गए भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। यहां बच्चों को गर्म भोजन में चावल, रोटी, दाल और आलू भिंडी की सब्जी परोसी गई थी। उन्होंने केन्द्र में आने वाले बच्चों के कुपोषण की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि, यहां चार बच्चे मध्यम कुपोषण की स्थिति में हैं। इनमें एक बच्ची कुपोषण से बाहर आ चुकी थी, किन्तु मौसमी बीमारी के कारण वह फिर से मध्यम कुपोषण की स्थिति में आ गई है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में भी निर्देशित किया।

## हायर सेकेण्डरी स्कूल बयानार में उपलब्ध कराए जाएंगे शिक्षक

कलेक्टर दुदावत ने हायर सेकेण्डरी स्कूल बयानार का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और विद्यालय में शीघ्र ही शिक्षक उपलब्ध कराने की बात कही।

## बयानार के छात्रावास अधीक्षक को नोटिस

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बयानार स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां खिड़कियों में जालियां न लगाए जाने पर नाराजगी जताते हुए छात्रावास अधीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन में आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। चेमा में निर्माणाधीन शाला भवन को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही माध्यमिक शाला के लिए नए भवन की दी जाएगी स्वीकृति। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने चेमा में निर्माणाधीन स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निर्माणाधीन भवन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए राशि उपलब्ध कराने तथा माध्यमिक शाला के लिए नए भवन के स्वीकृति की बात कही। उन्होंन कहा कि शाला का स्थानांतरण तीन माह के भीतर पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ कार्य करें। उन्होंने इसके साथ ही बच्चों को डेस्क और बेंच उपलब्ध कराने के संबंध में भी निर्देशित किया।

## मर्दापाल सीएचसी में स्टॉफक्वॉटर बनाने में विलंब पर जताई नाराजगी

मर्दापाल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण में विलंब पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नाराजगी जताई। उन्होंने इस मामले में स्टॉफक्वार्टर के निर्माण तक सीजीएमएससी के इंजीनियर का वेतन रोकने व ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन आवासों को 15 अगस्त तक हस्तारित करने के लिए भी निर्देशित किया।

## 20 अगस्त तक पूर्ण करें तहसील भवन के निर्माण का कार्य

कलेक्टर दुदावत ने इसके साथ ही मर्दापाल में निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युतीकरण का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन का निर्माण कार्य 20 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड का किया निरीक्षण

कलेक्टर दुदावत ने इस दौरान गोलावंड में संचालित एकलव्य आदर्श विद्यालय तथा बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रावास क्रमांक 2 के अधीक्षक के पद से मुक्त किए गए व्याख्याता एलबी को तुरंत अपने मूल पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने छात्रावास में शौचालय तथा विद्यालय भवन में सीढ़ी के रास्ते से हो रहे पानी के रिसाव की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान बच्चों से बातचीत कर उन्हें बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपको बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आपको पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या न हो। दोनों छात्रावासों में इन्वर्टर तथा विद्यालय भवन में सोलर लाईट लगाई जाएगी। इसके साथ ही यहां पुस्तकालय को भी सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अपने घर-परिवार से दूर रहकर यहां पढ़ाई कर रहे हैं। आप पूरी लगन के साथ परिश्रम करें। उन्होंने प्रतिमाह आयोजित टेस्ट की समीक्षा की बात भी कही।

## कोंडागांव जिला मुख्यालय में बन रहे ओबीसी हॉस्टल को अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर दुदावत ने जिला मुख्यालय में बन रहे अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावास का निरीक्षण किया। भवन निर्माण में अच्छे गुणवत्त की सामग्री का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने भवन के मध्य स्थित रिक्त स्थानों की लैंड स्कैपिंग करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही भवन के पीछे स्थित भूमि में लैंड फिलिंग करने, छात्रावास भवन के समक्ष पेवर ब्लॉकिंग करने एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के संबंध में भी निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंताए, आर मरकाम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, एचएस मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त डॉ रेशमा खान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन चुनाव संपन्न, तरुण सोनी बने अध्यक्ष और मनोज सिंह सचिव

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



ट्रक मालिकों की संस्था बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन बीटीओ का वार्षिक चुनाव बुधवार को प्रशासन की निगरानी में मतदान प्रक्रिया से संपन्न हुआ। भारी गहमागहमी की बीच रात्रि करीबन 11 बजे परिणामों की घोषणा की गई। आये परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए तरुण प्रकाश सोनी को 479 मत मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी राकेश सिंह गौतम को 423 मत मिले। इस प्रकार तरुण सोनी को अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त हुई। सचिव पद पर मनोज कुमार सिंह को 475 मत मिले तो वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी कृष्णा जीवन शुक्ला को 397 मत मिले। इस प्रकार सचिव पद पर मनोज सिंह ने कब्जा जमाया। उपाध्यक्ष पद पर मनोज साहा एवं मनोज कुमार गुप्ता ने जीत हासिल की तो कोषाध्यक्ष पद पर मनीष कुमार नायक ने विजय हासिल की, तो वहीं दूसरी तरफ सह सचिव पद पर अविनाश कर्मकार एवं लक्ष्मण कुमार यादव ने जीत का परचम लहराया। उल्लेखनीय हैं कि बीटीओए के इस वार्षिक चुनाव में राकेश सिंह गौतम एवं तरुण सोनी का पैनल आमने सामने थे। जिसमें राकेश सिंह पैनल से सिर्फ सचिव पद के उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह ही जीत का परचम लहराने में कामयाब हुए, तो वहीं दूसरी तरफ तरुण सोनी के पैनल से सचिव पद के प्रत्याशी कृष्णा शुक्ला को हार का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि दक्षिण बस्तर की एकमात्र करीबन 965 ट्रक मालिकों की पंजीकृत संस्था बैलाडीला ओनर्स एसोसिएशन है जिसके द्वारा ट्रको के माध्यम से लोह अयस्क परिवहन छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों में किया जाता है।

## जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 2 अगस्त से होगी काउंसिलिंग

**नारायणपुर।** राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा और ओरछा (छोटेडोंगर) में शिक्षण सत् 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु मेरिट सूची जारी करते हुए काउंसिलिंग कर विद्यालय आबंटित कर प्रवेश दिये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला स्तर पर काउन्सिलिंग दिनांक 02 अगस्त 2024 से 08 अगस्त 2024 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर के सभाकक्ष में समय प्रातः 10.30 बजे से 4.30 तक उपस्थित होकर प्रवेश नीति वर्ष 2024-25 के भाग 05 में शाला में प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेजों की सूची अनिवार्य दस्तावेज एवं विशेष आरक्षण अंतर्गत आने-वाले विद्यार्थियों के दस्तावेज की सूची अनुसार विद्यार्थियों के समस्त अभिलेखों के परीक्षण पश्चात् अभिलेख पात्र पाये जाने पर प्रवेश हेतु विद्यालय आबंटन की कार्यवाही की जायेगी। मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। काउन्सिलिंग 02 अगस्त से 08 अगस्त तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंवें।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने की अटल टिकरिंग लैब की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग में संचालित अटल टिकरिंग लैब संचालित शालाओं के प्राचार्यों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के अध्यक्षता में की गई। बैठक के माध्यम से कोंडागांव जिले में संचालित 10 शासकीय एवं 2 अशासकीय विद्यालयों में अटल टिकरिंग लैब की समीक्षा की गई। सभी प्राचार्यों को संचालित लैब का प्रतिदिन उपयोग करते हुए साइंस मॉडल, ड्रोन निर्माण, रोबोट निर्माण, 3डी प्रिंटर एवं स्टेम आधारित गतिविधियां कराने हेतु निर्देश दिया गया, साथ ही पोषित शालाओं के प्रधान अध्यापकों को सप्ताहांत में प्रति शनिवार को लैब में भ्रमण एवं गतिविधियां प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। प्राचार्यों के द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियागांव, दहिकोंगा, आलोर, धनोरा एवं बोरगांव के विद्यार्थियों को छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नालाजी दुर्ग में रोबोटिक, रेस प्रतियोगिता, ड्रोन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की एवं प्रथम एवं द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त किया। सभी प्राचार्यों को संचालित लैब का नियमित उपयोग एवं 05-05 विद्यार्थियों का समूह बनाकर मॉडल प्रस्तुत करने निर्देश दिया गया एवं अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जायेगा। समीक्षा बैठक में समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र नाथ पाण्डे, एडीपीओ कंवलसाय मरकाम, प्रोग्रामर जितेन्द्र देवांगन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ में वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे भी पहुँचे। इस दौरान एयरपोर्ट में विधायक किरणदेव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छूराम कश्यप, सुभाऊ कश्यप के साथ-साथ बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., सीसीएफ आरसी दुग्गा, कलेक्टर विजय दयाराम के., एसपी शलभ सिन्हा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपकर बस्तर जिले में की एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जगदलपुर प्रवास के दौरान बस्तर जिले में एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को आम के पौधों का वितरण भी किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख पौधों का रोपण, वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 95 लाख 85 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया विकासनगर स्टेडियम में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विकास नगर स्टेडियम में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का अवलोकन किया। यहां कोंडागांव नगर पालिका के शीतलापारा वार्ड, विकासनगर वार्ड एवं बाजार पारा वार्ड के लिए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दुदावत ने यहां आवेदन देने पहुंचे नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने आवेदनों के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बिजली एवं जल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परतापूर्वक कार्य का प्राक्कलन तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सेन चौक बिजली ऑफिस के सामने बिजली बिल में प्रति यूनिट मूल्य वृद्धि के विरोध व भाजपा द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेशानुसार व जिला प्रभारी श्रीपाल कटारिया के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके के नेतृत्व मे कांकेर सेन चौक बिजली ऑफिस के सामने बिजली बिल में प्रति यूनिट मूल्य वृद्धि के विरोध व भाजपा द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदर्शन किया गया, व राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली बिल घरेलू, गैर घरेलू, आद्योगिक क्षेत्रों में प्रति यूनिट के दर में मूल्य वृद्धि के विरोध मे कांकेर युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष शोएब अहमद जी, सत्यार्थ करायत, जिला महासचिव सुरेश नाग, शेष गजबिए, पूर्व अध्यक्ष शिवांकित श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता, तौहीद खान, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, महामंत्री सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, राजेश भास्कर, रोमनाथ जैन, रोहिदास शोरी, सरजू शोरी, नरेश बिछिया, उदय शर्मा, यासीन करानी, गुड्डा यादव, मुकेश तिवारी, दीपक शोरी, मुन्ना अहमद, शादाब खान, रोशन आरा, अनमोल मंडावी, चंद्रलोक ठाकुर, सद्दाम हुसैन, योगेश ठाकुर, विनय ठाकुर, निरंजन भास्कर, अमित साहू, याहेन्द्र, जीशान अली, प्रशांत जैन, चमन साहू, सुमित राय, अमन गायकवाड, संग्राम नेताम, सोमेश सोनी, अभय रॉय, लतीफ मेमन, दामेश्वर दर्रो, पुखराज कोसमा आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर-शिक्षण सप्ताह का आयोजन


## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय के छात्राओं ने की किया विभिन्न गतिविधि

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





देश में चार वर्ष पूर्व 29 जुलाई सन् 2020 को नई शिक्षा नीति लागू हुई नई राष्ट्रीय व शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के न उपलक्ष्य में स्कूलों में शिक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा गया। जहां सात दिवसीय शिक्षा सप्ताह चला है। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोंडागांव के विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर बालिकाओं को नई शिक्षा नीति की जानकारी प्रदान की गई। सर्वप्रथम दिवस स्थानीय सामग्री से टीएलएम बनाया गया, शाला के प्रत्येक बच्चे ने एक-एक की टीएलएम का प्रदर्शन किया जिसे शिक्षकों के सामने बनाकर प्रस्तुतीकरण किया, इसमें सभी 6 विषयों को शामिल किया गया। जिसके अंतर्गत स्थानीय सामग्री में पत्थर और पत्ते के माध्यम से गणित की संरचना, बाल की सहायता से पृथ्वी की संरचना, भारत देश का नक्शा और इसी प्रकार के



पोस्टर के द्वारा हिंदी संस्कृत सामाजिक विज्ञान गणित और अंग्रेजी विषय के विभिन्न प्रकारों को प्रदर्शित किया गया। द्वितीय दिवस एफएलएन के माध्यम से सभी लोगों को जागरूक किया गया। खेल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेले के माध्यम से बच्चों में सहयोग की भावना विकसीत की गई। जहां बच्चों को समूह में प्रतियोगिता करवाकर फिटनेस से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया। जहां बच्चों ने खेल में खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी खेल, रस्सी कुद, दौड़, चेस आदि खेल बच्चों ने खेला। वहीं तृतीय दिवस पर एफएलएन के माध्यम से बच्चों के द्वारा सभी लोगों को जागरूक किया गया। चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा एकता भावना को विकसित करने के लिए गीत कविता एवं डांस की प्रस्तुतीकरण दी गई तथा फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांचवे दिन डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए यूट्यूब एवं फेसबुक बालिकाओं द्वारा बनाकर प्रदर्शन किया गया। वहीं छठवें दिन एक पेड़ मां के नाम आयोजन कर विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम विद्यालय में ग्यारह पेड़ का पौधा रोपण किया गया और अंतिम दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधिक्षका के द्वारा आवासीय विद्यालय के छात्राओं, शिक्षका, ट्यूटर शिक्षकों और पालकगड़ों को न्योता भोजन भी करवाया गया। जहां सभी को खीर-पूड़ी, चांवल-दाल, सब्जी, पापड़ आदि वितरण किया गया। इस षिक्षा सप्ताह कार्यक्रम को त्यौहार के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां आवासीय विद्यालय के अधिक्षिका रघनी मरकाम और समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में चयनित आवेदकों के शारीरिक दक्षता परीक्षा 04 दिसम्बर से

**नारायणपुर।** भारतीय थल सेना में भर्ती हेतु अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थलसेना के वेबसाईट पर देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षा 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में आयोजित होना है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अन्तर्गत अभ्यर्थी को 1.6 किमी दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढा कूदना, बैलेन्सिंग बीम में चलना इत्यादि निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त 2024 तक अपना आवेदन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र नारायणपुर में जमा कर सकते है।

## रक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शुरू, प्रशिक्षण में 120 युवक-युवतियों ने लिया भाग

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के युवक-युवतियों को अग्निवीर, पुलिस बल, फॉरेस्ट गार्ड, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएससी जैसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को भर्ती के पूर्व निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में प्रातः 06 से 08 बजे एवं सायं 05 से 07 बजे तक का निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है, जिसमें लगभग 120 युवक-युवतियों ने भाग लिया। युवक-युवतियों को शारीरिक प्रशिक्षण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कांकेर के पूर्व सैनिक एवं जिलें के व्यायाम शिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है। खेल अधिकारी ने बताया कि जो अभ्यर्थी प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं वे अपना पंजीयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग कांकेर में कार्यालयीन अवधि में करा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर +91-7999923743 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिले के 16 छात्राओं का हुआ फुटबाल बालिका वर्ग अंडर 17 सुब्रतो कप में चयन

**नारायणपुर।** जिले में 01 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगलापारा नारायणपुर के 16 छात्राओं को ट्रैक शूट देकर सम्मानित किया एवं नारायणपुर के इतिहास में पहली बार फुटबाल बालिका वर्ग अंडर 17 वर्ग से छात्राएं सुब्रतो कप में चयन हुआ है, इस इंटरनेशनल मैच को खेलने छात्राएं नई दिल्ली जा रही है। आदरणीय डी.ई.ओ. सर के द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके आगामी मैच के लिए बधाईयां दिया गया ताकि वे छत्तीसगढ राज्य और जिले का नाम रोशन कर सके।

# मनरेगा में किए हजारों मजदूरों की 32 करोड़ से अधिक राशि लटकी

## आर्थिक तंगी में भरण पोषण मुश्किल

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद मनरेगा के अनेक रोजगार मूलक कार्य में कड़ी धुप के बीच काम करने वाले हजारों मजदूरों बीते 2 माह से अधिक समय हो रहा है लेकिन अब तक भुगतान लटका पड़ा है जबकि वर्तमान स्तिथि में मजदूरों को पैसा की आवश्यकता काफी ज्यादा बताया जाता है विभागीय कर्मचारी से मिली जानकारी अनुसार जिला मे 32 करोड़ से अधिक मजदूरी भुगतान नही हुआ है जिनमे देवभोग 6 करोड़ 32 लाख और फिंगेश्वर 5 करोड़ 95 लाख एवम् छुरा 8 करोड़ जबकि गरियाबंद 6 करोड़ और मैनपुर विकासखण्ड की 7 करोड़ 73 लाख की मजदूरी भुगतान पेंडिग बताई जाती हैं फिर अब तक ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो रही है जिसे लेकर गांव गांव के अधिकांश मजदूरों मे नाराजगी देखने को मिल रहा है खासकर महिलाओं में नाराजगी है क्योंकि वर्तमान में स्कूली बच्चों को काफी किताब से लेकर तमाम वस्तु उपलब्ध कराना होता है इसके अलावा फिलहाल कोई काम नही होने के चलते किसी प्रकार मजदूरी नही मिलने पर परिवार का भरण पोषण मुश्किल हो रहा हैं और इसके मद्देनजर कई मजदूर अक्सर सरपंच सचिव रोजगार सहायक के चक्कर लगाने को मजबूर होते लेकिन ऑनलाइन



भुगतान नही होने की बात सुनकर मायूस होकर वापस चले जाते हैं इस बीच ग्रामीण मजदूर सरकार के खिलाफ भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहते हैं की राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद लगभग ऐसी समस्या का सामना हजारों मजदूरों को नही करना पड़ेगा लेकिन डबल इंजन की सरकार होने पर पहले की तरह लेट लतीफ मजदूरी भुगतान से निजाद मिल जाएगा मगर अफसोस की बात आज भी लेट लतीफ मजदूरी भुगतान हो रहा है मतलब सरकार बदलने पर भी हालत नही बदल रही है।

### खाली हाथ मनाया रथयात्रा

देवभोग के कई मजदूरों से चर्चा करने पर बताया की प्रमुख मे से एक रथयात्रा त्योहार खाली हाथ मनाना पड़ा है। ऐसे में आगामी दिनों में नवा खाई त्यौहार आने को है इस त्यौहार मे बच्चो के कपड़ा सहित कई तरह की वस्तु खरीदनी पड़ती है लेकिन अब तक मजदूरी भुगतान की कोई खबर नहीं है जिसे लेकर अधिकांश मजदुर चिंचीत दिखाई पड़ रहे है क्योंकि नवा खाई त्यौहार भी खाली हाथ नहीं मनाना पड़े सबसे खास बात तो यह है की मजदूरी भुगतान नही हो पाने की अब तक ठोस कारण सामने नही आ रही हैं कभी फंड नही होने की बात कहते तो कभी और दूसरा बहाना बनाकर टाल देते हैं शायद यही वजह है कि मजदूरों ने भी हाल फिलहाल मे मजदूरी भुगतान होने की उम्मीद छोड़ दिया है।

# अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com





थाना कुरूद पुलिस की कार्यवाही- धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काले रंग की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 के डब्ल्य 3479 में अवैध रूप से शराब लेकर ग्राम छाती की ओर से सेनचुवा की ओर जाने वाले है कि सूचना पर तत्काल मौके पर मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम सेनचुवा मोड एनएच 30 नहर नाली के पास घेराबंदी कर एक काले रंग की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 के डब्ल्यू 3479 में दो व्यक्ति छाती की ओर से सेनचुवा की ओर जाते हुये दो व्यक्ति को पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम केवलकृष्ण देव साहू एवं चंदन ध्रुव बताये जिनके कब्जे से एक काला रंग का पिट्ठू बैग में 42 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल शराब भरा कुल 7.560 बल्क लीटर किमती 3780 रूपये एवं प्रयुक्त मो.सा. एक एचडी डिलक्स काले रंग की क्रमांक सीजी 04 के डब्ल्य 3479 किमती 15000 रूपये जुमला किमती 18780. रूपये मिला आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से मौके पर शराब को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। थाना नगरी पुलिस की कार्यवाही- धमतरी पुलिस थाना नगरी को भम्रण के दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब वार्ड क्रमांक 05 जंगलपारा नगरी मे प्लास्टिक जरकीन मे रख लोगो को अवैध रूप से बिक्री कर रहा है कि मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति कन्हैया ध्रुव जिसके पास हाथ भठ्ठी का बना हुआ कच्ची महुआ शराब अवैध रूप कब्जे मे रखा पकडा गया। जो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से एवं उसके कब्जे से कुल 12 लीटर लगभग हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 1500. रूपए एवं शराब बिक्री रकम 300 रूपए जुमला किमती 1800 रूपये जब्त कर आरोपी कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 1रोपीगण केवलकृष्ण देव साहू पिता हरीश कुमार साहू उम्र 26 वर्ष साकिन बगदेही थाना कुरूद जिला धमतरी, चन्दन ध्रुव पिता मिलाप सिंग ध्रुव उम्र 42 वर्ष साकिन बगदेही थाना कुरूद जिला धमतरी, कन्हैया ध्रुव पिता स्व अंकालूराम ध्रुव उम्र 32 वर्ष वार्ड क्रमांक 05 जंगलपारा नगरी, थाना नगरी। उक्त कार्यवाही में थाना कुरूद से सउनि संतोष कोमरा, हेमंत ध्रुव आरक्षक संतोष ध्रुव, पूनम सोनवानी, आर चालक रवि निषाद, थाना नगरी से सउनि मोहन लाल निषाद, आरक्षक कल्याण नेताम, मआर डिगेश्वरी साहू व चालक आर हेमलाल ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# एनएसयूआई ने मृत कमार छात्रा के परिजनों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के नगरी नगर पंचायत के चुरियारा पारा में स्कूल की बाउंड्री वॉल ढहने से दुर्घटना में जान गंवाने वाली कमार छात्रा दुर्गा कमार के परिजनों से मुलाकात करने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन अपने साथियों के साथ उनके घर पहुंचे और परिजनों का हाल जाना व गहरी संवेदना व्यक्त की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि पिछले दिनों दुर्घटना की शिकार हुई मासूम छात्रा दुर्गा कमार के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और इस दुःख की घड़ी में पूरी एनएसयूआई पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है और पीड़ित छात्रा के परिजनों को मुआवजा दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी, प्रदेश सचिव गीतेश साव, ब्लॉक अध्यक्ष फैजल खान, नोमेश सिन्हा, विधानसभा सचिव सुदीप



सिन्हा, शहर अध्यक्ष राकेश नेताम, ब्लॉक सचिव जयप्रकाश, ब्लॉक महासचिव योगीत ध्रुव, मनोज साहू,प्रियल सोरी आदि मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी को फोन किया गया लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मुआवजा की राशि की जानकारी पूछने पर जानकारी लेकर बता रहा हूँ कह कर फोन रख दिया। एनएसयूआई ने छात्रा के परिजनो को मुआवजा व न्याय दिलाने की जिम्मेदारी ली है।

# परमात्मा गुणों का भंडार है यही भावना हमें परमात्मा की तरह बना सकते है : विशुद्ध सागर





पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा् ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि हमारी भावना ही हमारे भव का विनाश कर सकती है अर्थात हमे मुक्ति तक पहुंचा सकती है। जिस दिन परमात्मा से ऐसी प्रीति हो जाए जिसमें कोई राग द्वेष न हो उस दिन यह प्रीति ही मुक्ति का मार्ग बन जाएगा। अर्थात प्रीति हमेशा शाश्वत आत्मा के प्रति होनी चाहिए नाशवान शरीर के प्रति नहीं। संसार की अव्यवस्था को हमने बहुत दूर कर लिया अब प्रयास करना है मन की अव्यवस्था को दूर करने का। मन की अव्यवस्था दूर होते ही जीवन अपने आप व्यवस्थित हो जाएगा। हम हमेशा दूसरो के दोष देखते है लेकिन विचार करना है कि क्या हमे किसी ने यह अधिकार दिया है कि हम उसके दोषों को देखे। हमे अपने दोषों को देखने के लिए दूसरो को अधिकारी जरूर बनाना चाहिए क्योंकि अपने दोषी को जानने और उसे दूर करने का अवसर मिल जाएगा। परमात्मा जो हमसे कभी कुछ नहीं चाहते उनके प्रति हमारा द्वेष दूर नहीं हो पा रहा है तो यह संसार जो सदा ही हमसे कुछ न कुछ चाहता है उनसे द्वेष कैसे दूर होगा। जैसे लम्बे समय के अंधकार को क्षणभर में रोशनी करके दूर किया जा सकता है उसी प्रकार स्वयं के दोषों को दूर करके अपनी आत्मा के अंधकार को दूर किया जा सकता हैं । जीवन से दोष, द्वेष और दूरी को समाप्त करने के लिए हमे गुण दर्शन को प्राप्त करना होगा। ज्ञानी भगवंत कहते है इस संसार के प्रत्येक पदार्थ में कुछ न कुछ गुण है लेकिन या तो हम उसे जानते नहीं या मानते नहीं। यही हमारी अज्ञानता है। आज सुख के सारे साधन होते हुए भी अगर हम दुखी है तो उसका एक मात्र कारण स्वदोष को न देख पाना है। हमे गुण दर्शन का ज्ञान प्राप्त करने के लिए पहले गुणानूरागी बनना होगा। हमे परमात्मा जैसा बनने के लिए पहले परमात्मा के आचरण को अपने जीवन में लाना होगा। परमात्मा के गुणों को देखकर उनके प्रति अनुराग को बढ़ाकर गुणानूरागी बनना है। गुनानूरागी बनकर ही परमात्मा की तरह बन सकते है। दूसरो में अवगुण दिखना और स्वयं में केवल गुण दिखना भी एक अवगुण है। मै अवगुण का भंडार हूं और परमात्मा गुणों का भंडार है यही भावना हमे परमात्मा की तरह बना सकते है।

### कलेक्टर की संवेदनशीलता से मुकेश को तत्काल मिला व्हीलचेयर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मिलकर दिव्यांग मुकेश की मनचाही मुराद पूरी हो गई। विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम गाड़ाघाट के रहने वाले मुकेश 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग की श्रेणी में आते है। उन्होंने आज कलेक्टर अग्रवाल से मिलकर चलने-फिरने में हो रही परेशानी एवं शारीरिक समस्या से अवगत कलेक्टर को अवगत कराया। साथ ही चलने-फिरने की सुविधा प्रदान करने एक व्हीलचेयर की मांग की। कलेक्टर अग्रवाल ने दिव्यांग मुकेश की बातों को बड़ी तन्मयता से सुनकर संवेदनशीलता के साथ उन्हें तत्काल व्हीलचेयर प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुकेश को तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध करा दिया। कलेक्टर अग्रवाल ने अपने हाथों से मुकेश को व्हीलचेयर प्रदान कर उनके अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# डायरिया संभावित प्रभावित वाले गांवों में सघन सर्वे और रोकथाम के उपाय जारी





पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में ऐसे गांव जहाँ डायरिया प्रकरण मिले है उन गावों में सघन सर्वे ज़ारी है। सर्वे में मितानिन,स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर रहे हैं। इसमें परिवार के एक-एक सदस्य की इस बाबत जानकारी नोट की जा रही है। बचाव की जानकारी के साथ-साथ आवश्यक होने पर जरूरी दवाइयां, ओआरएस, जिंक टेबलेट, क्लोरीन गोली घर पर ही सर्वे के दौरान दी जा रही है। ऐसे केस जिसमें उपचार कैम्प में संभव नहीं है उन्हें इलाज हेतु सी एच सी अथवा जिला अस्पताल भेजा गया है। आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार जिन गाँवों में सर्वे चल रहा है वहां मिले केस हैं जिसमें विकासखण्ड पलारी में ग्राम सिसदेवरी 26, बलौदा में डमरू 10 भाटापारा में कुकदा 12, सिमगा में रानीजरौद 6 तथा पुलिपेटा 5.पाए गए सभी प्रकरण में कुछ मरीज पूरी तरह ठीक हो गए हैं जबकि कुछ का उपचार ज़ारी है। उक्त गाँवों में अभी सर्वे ज़ारी है तथा स्थिति नियंत्रण में है। एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार गांवों में सर्वे और उपचार के साथ-साथ पंचायत और पी एच ई विभाग के समन्वय से पानी की टंकी की सफाई,उसका क्लोरीनेशन गांवों में साफ -सफाई, ताज़े भोजन, उबला पानी के उपयोग की मुनादी भी कोटवारों के माध्यम से की जा रही है। लगातार उल्टी-दस्त, पेट मे मरोड़, कमज़ोरी, निर्जलीकरण जैसी स्थिति डायरिया के लक्षण हैं। ऐसी किसी स्थिति में तत्काल नजदीक के मितानिन अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करें।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के निर्वाचन हेतु सदस्यों की संवर्गवार सूची का प्रथम प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त के आदेशानुसार, लक्ष्मण राव मगर सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी जिला संघ निर्वाचन के निर्देशन तथा डीके साहू जिला सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के निर्वाचन हेतु जिला संघ सदस्यों की संवर्गवार सूची का प्रथम प्रकाशन 30/07/2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर भारत लाल साहू, हनुमान सिंह वर्मा, योगेश्वर साहू,मानसिह कपूर सहायक निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। डीके साहू मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 28 जून 2024 को जिला संघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है जिसके अनुसार 28 जून 2024 से लेकर 28 जुलाई 2024 तक सभी संवर्ग हेतु सदस्यता अभियान चलाया गया। उपरोक्त समयावधि में प्राप्त आवेदनों की स्करुटनी पश्चात 30 जुलाई 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया। उक्त सूची का अवलोकन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकेगा। 31 जुलाई 2024 से 7 अगस्त 2024 तक प्रथम प्रकाशित सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। 8 अगस्त 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग का अंतिम प्रकाशन शाम 4 तक किया जाएगा तथा जिला संघ का निर्वाचन 22 अगस्त 2024 गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब धमतरी में एक ही दिन में संपन्न किया जाएगा।

# जांच दलों ने देवरीडीह जलाशय एवं कबीर सागर का किया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में देवरीडीह जलाशय के बंड टूटने एवं दामाखेड़ा स्थित कबीर सागर की दीवार गिरने के जांच हेतु गठित दोनों टीमों के सदस्यों द्वारा आज स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान मौके में उपस्थित ग्रामीणों से भी बातचीत कर जानकारी हासिल की। गौरतलब है की विगत दिनों लगतार बारिश से सिमगा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम दरचुरा में स्थित देवरीडीह जलाशय का बंड का एक हिस्सा टूटने से ग्राम गणेशपुर एवं दरचुरा में जलभराव हो गया। जलाशय के बंड टूटने के कारणों का जांच हेतु अपर कलेक्टर दिप्ती गौते की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया। जांच दल में एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, कार्यपालन अभियंता पीएम ग्राम सड़क योजना बलौदाबाजार चंद्रभान सिंह तंवर एवं कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग बलौदाबाजार विरेन्द्र सिरमौर शामिल है। उसी तरह ग्राम दामाखेड़ा में कबीर सागर तालाब की निर्माणाधीन दीवार गिर गई थी। उक्त जाँच दल में एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा,कार्यपालन अभियंता पीएम ग्राम सड़क योजना बलौदाबाजार चंद्रभान सिंह तंवर एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार आर.आर. महिलांगे शामिल है। जाँच दल जाँच पश्चात् अपना विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेंगे।

## छिर्राबहरा में डायरिया से एक की मौत, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची विधायक चातुरी नंद

### शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य अमले में को दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिर्राबहरा के एक महिला की डायरिया से मौत हो जाने की सूचना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद पहुंची। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से भेंट कर सांत्वना भेंट की। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम छिर्राबहरा में डायरिया से एक महिला की मौत की सूचना मिली थी जिसके बाद गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे है जिससे डायरिया पूरे क्षेत्र में फैल रही है। विभाग की उदासीनता का ही परिणाम है कि डायरिया से एक महिला की मौत हो गई। बता दें कि विधायक नंद के निर्देश पर ही स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ से शिविर लगाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद स्वास्थ्य अमला पहुंचा था। निरीक्षण के दौरान युवा नेता अरमान हुसैन, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष भीष्म देव पटेल, एनएसयूआई के प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण विशेष रूप से मौजूद रहे।

# एनएच अधिकारियों ने छीना आदिवासी किसान का अन्न ढाई एकड़ की खेत तालाब में तब्दील

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण विभाग के अधिकारियो की घोर लापरवाही ने आदिवासी किसान का बीते 2 साल से अन्न छीन रखा है जिसके चलते किसान को लाखो रुपए का नुकसान उठाना मजबूरी हो गया है मामला देवभोग के समीप डोहेल का जहां सिद्धेश्वर मरकाम का ढाई एकड़ का खेत है और इस खेत का पानी पुल के माध्यम से निकासी होता रहा लेकिन उक्त पुल को पाटकर एनएच सड़क बनने से अब वह खेत तालाब में तब्दील हो चुका है क्योंकि सिद्धेश्वर के खेत से पानी निकासी होने का कोई दूसरा विकल्प नही है उल्लेखनीय हो की 74 करोड़ की लागत से खुटगांव से मंडागमुडा तक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कराया जा रहा हैं और छोटे मोटे पुल को तोड़ कर लगभग सड़क बनाया जा चुका है लेकिन तोड़े पुल से होने वाले नुकसान से विभागीय अधिकारियों के साथ ठेकेदार भी कोई सरोकार नहीं रखते तभी सिद्धेश्वर जैसे किसानो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है इस बीच सिद्धेश्वर अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंच कर मीडिया को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा की ढाई एकड़ में फसल उत्पादन करने की मंशा से हर साल खेती किया जाता है लेकिन बरसात का पानी निकासी नही होने के चलते खेत पानी से लबालब भरा हुआ होता है ऐसे में फसल की पैदावार कैसे हो सकती है और फसल की उत्पादन नही होने पर आर्थिक परेशानी भी झेलनी पड़ती हैं।

### 10-10 हजार इन्वेस्ट सरकार समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित

सिद्धेश्वर मरकाम और पत्नी ने रोते बिलखते हुए कहा कि बीते 2 साल में 10-10 हजार खर्च कर खेत की साफसफाई निंदई जोताई किया जाता है इसी उम्मीद में की इस बार फ़सल उत्पादन होगा और उक्त फसल को सरकार के समर्थन मूल्य मे बेचकर हजारों रूपे की आमदनी होगी लेकिन पानी की निकासी नही होने के चलते फसल पूरी तरह खराब हो जाता हैं मतलब सरकार की समर्थन मूल्य अनुसार धान नही बेच पाने के चलते 3 लाख से अधिक का आर्थिक नुकसान उठाया जा चुका है जबकि खेती किसानी के अलावा परिवार के भरण पोषण के लिए दूसरा कोई विकल्प नही है और पूरी स्तिथि को अवगत कराते ठेकेदार के कर्मचारियों को कई बार निवेदन भी किया लेकिन आज तक पानी निकासी के लिए कोई पहल नही हो पाया वर्तमान में भी खेत पर पानी लबालब भरा हुआ है जिसे देख इस बार भी फसल उत्पादन नही होने की स्तिथि बनी हुई है ।

### एसडीएम से गुहार पर नहीं मिली राहत

सिद्धेश्वर मरकाम दशरू सुकल यादव श्यामलाल मोनू बेलो बाई सहित अन्य ने तत्कालीन एसडीएम कलेक्टर को लिखित गुहार लगाते हुए खेत से पानी निकासी करने की पहल के लिए आवेदन दिया रहा मगर अफसोस की बात है आवेदन पर आज तक कोई कार्यवाही नही हो पाया और आर्थिक स्थिति इतनी ठीक नहीं की मुख्यमंत्री मंत्री अधिकारियों के बीच पहुंचकर अपनी पीड़ा को बताया जा सकें इसलिए लगातार एसडीएम कार्यालय और ठेकेदार कर्मचारियों के बीच चक्कर काटने को मजबूर है।

## कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने शिविर 3 अगस्त को

**धमतरी ।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहट के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु आगामी 3 अगस्त को मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन बेलोरा और बिरझुली में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी ने बताया कि सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत भवन बेलोरा और दोपहर 3 बजे से बिरझुली में शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिवों को शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करना सुनिश्चित करने कहा है।

# महादेव कावरे बने रायपुर के नये संभागीय कमिश्नर

## महासमुंद समेत कई ज़िलों के कलेक्टर बदले गये

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने कई आईएएस अफसरों का प्रभार बदल दिया है। इसमें आईएएस महादेव कावरे रायपुर संभागयुक्त बनाये गये हैं। ऋतु सेन को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली भेजा गया है। उन्हें सीएसआईडीसी दिल्ली हेडक्वार्टर में पदस्थ किया गया है, ऋतु सैन, भा.प्र.से. (2003) को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति उपरांत राज्य संवर्ग लौटने पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-निवेश आयुक्त, छ.ग. औद्योगिक विकास निगम (मुख्यालय दिल्ली) के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस अन्बलगन पी., भा.प्र.से. (2004), सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, जनशिकायत निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस नीलम नामदेव एक्का, भा.प्र.से. (2005), सचिव, जनशिकायत निवारण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, विमानन, सचिव, गृह एवं जेल विभाग को आयुक्त, बिलासपुर संभाग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस जनक प्रसाद पाठक, भा.प्र.से. (2007), आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा तथा अतिरिक्त प्रभार पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ करते हुए मिशन संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस शारदा वर्मा, भा.प्र.से. (2008), सचिव, वित्त विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, बजट, आयुक्त, उच्च शिक्षा, मिशन संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान को अस्थाई



रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस किरण कौशल, चिकित्सा शिक्षा के पद पर पदस्त किया गया है। आईएएस अनुराग पाण्डेय कलेक्टर, जिला-बीजापुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव, मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस चंदन कुमार, विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव, वित्त विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग एवं विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस संजीव कुमार झा. भा.प्र.से. (2011), संचालक, समग्र शिक्षा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संचालक, विमानन का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। आईएएस रजत बंसल, भा.प्र.से. (2012), आयुक्त, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं आयुक्त, मनरेगा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, मनरेगा के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सपा गया है। आईएएस पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, भा.प्र.से. (2012), सचिव, लोक सेवा आयोग तथा अतिरिक्त प्रभार महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, लोक सेवा आयोग एवं महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस पुष्पा साहू, भा.प्र.से. (2012), संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा तथा अति. प्रभार सचिव, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल, संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को केवल संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। आईएएस रितेश कुमार अग्रवाल, भा.प्र.से. (2012), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. इफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संचालक, कोष एवं लेखा के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, पेंशन एवं पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस प्रभात मलिक, भा.प्र.से. (2015), कलेक्टर, जिला-महासमुंद को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), रायपुर के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त सचिव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आईएएस प्रभात मलिक, भा.प्र.से. द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), रायपुर का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), रायपुर के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया गया है। आईएएस विनय कुमार लंगेह, भा.प्र.से. (2016), कलेक्टर, जिला-कोरिया को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस जयश्री जैन, भा.प्र.से. (2016), उप सचिव, लोक निर्माण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार उप सचिव, विमानन विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस जयश्री जैन, भा.प्र.से. द्वारा मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया गया है। आईएएस चंदन संजय त्रिपाठी, भा.प्र.से. (2016), संचालक, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-कोरिया के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस संबित मिश्रा, भा.प्र.से. (2018), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरबा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-बीजापुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

# बार में शराब के साथ परोसने रखा था फंगस वाला चिकन और मछली

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

बार-रेस्टोरेंट में दुषित खाद्य सामाग्री मिलने पर रिसाली निगम ने संचालक से कुल 16000 जुर्माना वसूला। क्षेत्र के दो बीयर बार में मछली और चिकन में फंगस लगने पर जब्त किया। वहीं एक रेस्टोरेंट में बदबूदार मिठाई को जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। दुषित खाद्य सामाग्री से होने वाले बीमारी की रोकथाम के लिए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा अभियान चला रही है। निगम के अधिकारी गुरूवार की सुबह आजाद मार्केट स्थित तिलक डेयरी पहुंचे। यहां पर डेयरी संचालक ऐसी मिठाई को बेचने रखा था, जिसमे से दुर्गन्ध उठ रही थी। अधिकारी उस समय हतप्रभ रह गए जब ब्लू हैवन बार के भीतर रखे फ्रिजर को खोला। फ्रिजर से



फंगस लगे चिकन, मछली और ग्रेवी को जब्त किया गया। इसी तरह अंगूरी बार से भी दूषित खाद्य सामाग्री को जब्त किया गया। बार संचालक दुषित खाद्य सामाग्री को ग्राहक को परोसने रखा था। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा, अमित चंद्राकर, मंगल कुर्रे, बिरेन्द्र देशमुख, विवेक रंगनाथ, टेकराम आदि शामिल थे।

**किचन की सफाई करने अल्टीमेटम-** निगम अधिकारियों ने जांच के दौरान बार-रेस्टोरेंट की सफाई को भी चेक किया। किचन की दीवार पर भट्ठी से खाना बनाते समय निकलने वाले धुएं डस्ट की मोटी परत पाई गई। जिसे साफ करने 3 दिन का समय दिया गया है। दोबारा जांच में गंदगी मिलने पर दो गुना अर्थदण्ड वसूल करने की चेतावनी दी गई।

**बार में डेंगू का खतरा-**बार संचालक शराब, कोल्ड्रींक की बोतल को खुले स्थान पर एकत्र कर रखे थे। इन्ही बोतल में बारिश का पानी जमा हो रहा था। निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने पानी भरे बोतल को पहले खाली कराया।

# राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ अन्य समस्याओं का भी हो रहा निराकरण

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगातार जारी है। जिसमें प्रमुख रूप से नागरिको के समस्याओ का समाधान राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना, सड़को की मरम्मत करना, साफ-सफाई करना, स्ट्रीट लाईट लगाना, मोर मकान मोर आस का फार्म मिल जाना इस प्रकार के समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा है। जोन-04 दर्री तालाब सामुदायिक भवन शिविर में 56 वर्षीय तुलसिया बाई ने बताया मुझे उम्मीद नहीं थी। राशन कार्ड लेने आई थी, वह तो मिला ही, आयुष्मान कार्ड भी बन गया साथ में माँ के नाम एक बेल का पौधा भी लगाने को मिला। इसी काम के लिए हमे नगर निगम आफिस में बाबू के पास



जाना पड़ता था। डॉ को दिखा के दवाई भी मिल गया। सब काम एक ही जगह हो गया। यह शिविर हमारे लिए बहुत लाभदायक है। सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद। जोन-02 बाजार चौक कुरूद वार्ड 21 व 22 में स्थानीय निवासियो द्वारा शिविर का भरपुर लाभ लिया गया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अपील की है कि इस शिविर में नागरिको की सभी प्रकार के समस्याओ का समाधान किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाये। शिविर में सभी प्रकार के आवेदन लिये जा रहे है। जिसका निराकरण शीध्र होने लायक है, वह किया जा रहा है बाकी का निराकरण करके आप सबको सूचना दी जायेगी। एक ही जगह एक ही छत के निचे सभी अधिकारी मिल जायेगे, इधर उधर जाना नहीं पड़ेगा। अधिकारियो को भी निर्देशित किये अधिकतम समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से करने का प्रयास किया जाये।

# शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्या का हुआ निवारण

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली में चल रहे जनसमस्या निवारण शिविर के चौथे दिन 130 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर स्थल पर दो लोगों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर मृतक के परिजनों को सौंपा गया। वहीं शासन की योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को जानकारी दी गई। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्ग दर्शन में चल रहे शिविर में पहुंची मृतक माया राम यादव और एल आदि नारायण का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। वहीं आधार अपडेट कराने पहुंचे दो गंभीर मरीजों का प्राथमिकता के साथ आधार अपडेट कराया गया। इसके अलावा शिविर में मनीषा यादव की गोद भराई भी की गई। शिविर में कुल 40344 रूपए राजस्व वसूली भी की गई। शिविर में आयुक्त मोनिका वर्मा,



पार्षद विधि यादव, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि के रूप में मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल व निगम के अधिकारी उपस्थित थे। अतिक्रमण के 2 शिकायत-टंकी मरोदा क्षेत्र में आयोजित शिविर में अतिक्रमण हटाने शिकायत नागरिकों ने की है। शिकायत की जांच की जा रही है।

वहीं निर्माण संबंधी शिकायत आई है। शिविर रिसाली में-गुरूवार को जनसमस्या निवारण शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसाली में लगाया जाएगा।

# मनेंद्रगढ़ में आरटीओ कार्यालय का कैंप लगवाने की मांग
## जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के गठन के साल भर हो जाने के बाद भी अब तक नवगठित जिले वासियों को कोरिया जिले के बैकुंठपुर आरटीओ कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ रहा है जिस समस्या को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि कोरिया जिले से पृथक होकर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर नवगठित जिला बना है, जिसे बने लगभग एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं उसके बावजूद नवगठित जिले के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने एवं अन्य आरटीओ कार्यालय संबंधी कार्यों के लिए कोरिया जिले के बैकुंठपुर आरटीओ कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे नवगठित जिले वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने मांग कि आम जन की समस्या को ध्यान में रखते नवगठित जिले मनेंद्रगढ़ में माह में दो बार आरटीओ कार्यालय का कैंप लगवाया जाएं ताकि शहर वासियों को आरटीओ संबंधित कार्यों के लिए कोरिया जिले के कार्यालय जाना ना पड़े। जिल प्रवक्ता की मांग पर कलेक्टर राहुल वेंकट ने आर टी ओ अधिकारियो को नवगढ़ित जिले में कैंप लगाने के लिए एक सप्ताह के अन्दर आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

# जनसमस्या निवारण शिविर में बारिश के बाद भी सौ से अधिक लोग अपनी समस्या के निराकरण के लिए पहुंचे

- जनसमस्या निवारण शिविर में लायसेंस,सफाई,आधार कार्ड, आबादी पट्टा एवं अति मण की समस्या को लेकर पहुंचे वार्डवासी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के विभिन्न वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए शिविर में पंहुच रहें हैं। नागरिको को सभी आवश्यकताओं के निराकरण को लेकर निगम मुख्य कार्यालय में आना पड़ता है। जिसे शिविर के माध्यम से अपने वार्ड में अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते है। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम क्षेत्र के अंगार मोती सामुदायिक भवन नया पारा में 10 वार्डो के लिए आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचकर नागरिको से रूबरू हुए। लोगो ने अपनी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। वार्डवासियों के समस्याओं के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिविर में मौजूद अधिकारियों को जल्द निराकरण के लिए निर्देश दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य संजय कोहले,दीपक साहू एवं मनदीप सिंह भाटिया के साथ शिविर के विभिन्न स्टालों में पहुँचकर अधिकारी/कर्मचारियो से शिविर में प्राप्त हुए आवेदनों की रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नल-जल आपूर्ति, राशन कार्ड,सामाजिक सहायता योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अतिक्रमण, नालियों एवं गलियों की नियमित साफ-सफाई, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट मरम्मत / संधारण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण करने के लिये शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। बता दे कि आज अंगार मोती सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। वार्ड 01 से 06 के अलावा 33,34,35 एवं 56 के लोगों ने जनसमस्या निवारण शिविर में बारिश के बाद भी 135 लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचे। शिविर में कुल 135 आवेदन प्राप्त हुये।

# सालिड वेस्ट के संबंध में होटल व्यवसायियो, हाउसिंग सोसायटी, प्राइवेट अस्पताल की कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में गुरूवार को सालिड वेस्ट कचरा संग्रहण के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें होटलो एवं हाउसिंग सोसायटीयो से निकलने वाले कचरे को किस प्रकार से सेग्रिगेट किया जाए प्रशिक्षक द्वारा बताया गया। होटलो से जो भी गीला कचरा निकलता है उसका पर्याप्त मात्रा में वहीं पर आसानी से खाद बनाया जा सकता है। सभी होटलो के लिए यह अनिवार्यता है अपने कैंपस में ही गीले कचरे का निपटान करें। कोई भी होटल व्यवसायी, हाउसिंग सोसायटी एवं अस्पताालो द्वारा अपने यहां का कचरा इधर-उधर नहीं फेकेगे और फेकते हुए पाये जाने पर निगम द्वारा दण्डनात्मक कार्यवाही की जायेगी। सूखा कचरा नगर निगम के सफाई कर्मचारी को एक जगह एकत्रित करके देना है। अस्पतालो से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है इसको कहीं पर नहीं फेकना है उसका निपटान वैज्ञानिक ढंग से करना है। खूले में मेडिकल वेस्ट फेकते हुए पाये जाने पर हास्पिटल के उपर दण्डनात्मक कार्यवाही करते हुए उनका गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी अस्पताल, होटल व्यवसाय खोलने के लिए जब अनुमति मिलती है, तो उन सब बातो का बराबर उल्लेख रहता है, होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी पालन नहीं करते है, इसका उन्हे पालन अवश्य करना होगा। होटलो एवं अस्पतालो का नम्बरिंग होगा, जो बेस्ट करेगे उनको निगम पुरस्कृत भी करेगी। जो लोग नहीं मानेगे उनके खिलाफकार्यवाही भी की जावेगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया की सफाई में सबका सहयोग चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्यो द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सभी के द्वारा नियमो का पालन किया जायेगा।

## महापौर व आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल व सुखद भविष्य की कामना की

# नगर निगम द्वारा सेवानिवृत्त होने पर चारो कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के चार कर्मचारियो के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चारो सेवा निवृत्त कर्मचारियो का विदाई समारोह का कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर एमआईसी दीपक साहू द्वारा अधिकारी/ कर्मचारियो की मौजूदगी में सेवानिर्वित्त कर्मचारी राजस्व उप निरीक्षक भुवनदास साहू,सहायक राजस्व निरीक्षक,भगतसिंह यादव,भृत्य गौरीशंकर तिवारी,भृत्य अरुण यादव को शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी।नगर निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आरके बोरकर,जावेद अली, अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियो ने चारो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया,आयुक्त ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।महापौर इस अवसर पर धीरज बाकलीवाल ने कहा की सेवा निवृत्त कर्मचारियो द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की।साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे साढ़े चार साल से मैं नगर निगम परिवार से जुड़ा हूँ।निगम कर्मचारियो ने जो मुझे प्यार व स्नेह दिया उसके लिए आप सभी का ह्दय से आभार व्यक्त करता हूँ।उन्होंने कहा चारो सेवा निवृत्त कर्मचारियो को बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। इस दौरान नगर निगम कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष संजय मिश्रा महामंत्री अनिल सिंह ने सभी चारो सेवा निवृत्त को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश अहीर, संतोष मिश्रा, क्षमा शर्मा,हेमलता वर्मा, विनोद उपाध्यय,लवकुश शर्मा,साक्षी वर्मा, किरण अग्रवाल, योगेंद्र वर्मा,अनिल करिहार,नरेंद्र मनहरे, नारायण यादव, सुमन गुप्ता,दीपक साहू, दामिनी भुवल, गौकरण सोनी, उमेश यादव, सिद्धांत शर्मा,पवन चंद्राकर, रामखिलावन शर्मा, मुन्ना यादव, चंद्रलेखा कसार, प्रिंसी शर्मा, योगेंद्र वर्मा एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी रहे।

# 38 वर्ष सेवायें देने के बाद सेवानिवृत्त हुए नलनीश

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली में पदस्थ नलनीश मिश्रा सहायक ग्रेड 2 बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। संगठन में विभिन्न जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए 38 साल सेवाऐं दी। वे साडा कार्यकाल में 20 जनवरी 1997 से कार्यरत थे। रिसाली निगम के सभागर में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चंद्रभान ठाकुर समेत कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, निगम सचिव रोहित साहू, सहा. अभियंता आर.के. जैन व प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हा ने नलनीश मिश्रा को सेवाकाल की उपलब्धी की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

**National Yuva Cooperative Society Ltd.**
Regd. Office: 209, 2nd Floor, A/2-B, Vardhaman Janak Market Janakpuri, New Delhi-110058, Ph.: 011-45096652/40153681
E- Mail: nycs.ltd@gmail.com, Website: www.nycsindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that **23rd Annual Representative General Body Meeting (RGB) of National Yuva Cooperative Society Limited** will be held on 25th August, 2024 at 10:00 am at National Cooperative Union of India, 3, August Kranti Marg, New Delhi – 110016.

**All the Members of the RGB and Central Registrar of Cooperative Societies** are requested to participate in the meeting.

Detailed agenda of the meeting can be viewed in the website: **www.nycsindia.com**


Date: 02nd August 2024
Place: New Delhi

Prakash Chandra Sahu
President, NYCS Ltd.

## संपादकीय

### भारत-चीन संबंध तनाव की स्थिति

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर** ने स्वीकार किया है कि चीन के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण हैं, लेकिन इसमें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। उनका हालिया बयान भारत और चीन के बीच वर्तमान समय में जारी राजनयिक तनाव रेखांकित करता है। इसके पहले भी उन्होंने कहा था कि चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका अर्थ था कि हमें चीन के खिलाफ काम करने के पहले दो बार सोचना चाहिए। विदेश मंत्री द्वारा वर्तमान समय में भारत-चीन संबंधों का आंकलन उन चुनौतियों को रेखांकित करता है जो विभिन्न राजनयिक प्रयासों तथा उच्चस्तरीय संपर्क के बावजूद बनी हुई हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान का एक प्रमुख तत्व यह था कि उन्होंने चीन के साथ विवाद सुलझाने में तीसरे पक्ष की 'मध्यस्थता' से साफ इनकार किया। विदेश मंत्री ने जोर दिया कि भारत चीन के साथ अपने मुद्दे द्विपक्षीय स्तर पर बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के हल करना चाहता है। यह दृष्टिकोण भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रत्यक्ष प्रबंधन की दीर्घकालीन नीति का हिस्सा है। जयशंकर की टिप्पणी विदेश नीति में संप्रभुता व स्वायत्तता बनाए रखने के भारतीय दृष्टिकोण की परिचायक है। तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को अस्वीकार कर भारत चीन के साथ अपने मतभेद प्रत्यक्ष संवाद व बातचीत के माध्यम से हल करने के इरादे का संकेत दे रहा है। भारत का यह दृष्टिकोण स्थापित राजनयिक चैनलों के माध्यम से विवाद समाधान के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है। इससे वह विदेशी प्रभाव को अस्वीकार करता है जिससे प्रक्रिया में बाधा आ सकती है तथा वह और जटिल हो सकती है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान में दिलचस्पी दिखाई, पर इसका कोई लाभ नहीं हुआ। चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग को भारत आमंत्रित कर उनका जोरदार स्वागत किया गया, पर इससे बर्फ नहीं पिघली और सीमाओं पर तनाव जारी रहा। भू-राजनीति की जटिलताओं में भारत अमेरिका के ज्यादा निकट आया है जो भारत का प्रयोग चीन का प्रभाव सीमित करने के लिए करना चाहता है। स्वाभाविक रूप से चीन इससे बहुत चिंतित है। चीन की बेचैनी सीमा पर उसकी कार्रवाइयों से प्रकट होती है जो 1962 से 2017 में 'डोकलाम घटना' होने तक शांतिपूर्ण बनी रही। भारत-चीन संबंध जटिल और बहुआयामी हैं जिन पर ऐतिहासिक, राजनीतिक, आर्थिक व रणनीतिक तत्वों का प्रभाव पड़ता है। दोनों देशों के बीच काफी लंबी सीमा है। 1962 में अक्साईचिन क्षेत्र में सीमा विवाद के कारण भारत-चीन युद्ध हुआ था। मजेदार बात है कि सीमा विवादों के बावजूद दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बढ़े हैं। चीन भारत का एक सबसे बड़ा व्यापार साझीदार है। लेकिन हालिया वर्षों में सीमा पर टकराव तथा रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ी है। हालिया वर्षों में संबंधों में सहयोग व टकराव, दोनों शामिल रहे हैं। 2017 में हुई डोकलाम झड़प सीमा पर तनाव का प्रमुख उदाहरण है। यह टकराव डोकलाम पठार पर हुआ जो चीन और भूटान के बीच विवादित क्षेत्र है। 2020 में गलवान घाटी में झड़प से टकराव और बढ़ा। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद भारत और चीन लगातार राजनयिक और आर्थिक संबंध बनाए रहे। दोनों देशों ने परस्पर लाभ के दृष्टिकोण से मतभेदों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता अनुभव की है क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा क्षेत्रीय भू-राजनीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

# गैर आदिवासियों के मकड़जाल में फंसती आदिवासी बालाएं

विनय प्रकाश तिर्की
रायपुर



वर्ष 1977, मिशनरी स्कूल जोकबहला से लगभग 8-9 किलोमीटर दूर हमें कक्षा पाँचवी की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र कलिबा जाना हुआ। जाहिर है, हमारी उम्र लगभग 11-12 साल की रही होगी। हम लोग टोलियों में परीक्षा देने पैदल ही निकल पड़े। कंधों में किताबों के अलावा पोटलियों में कुछ चावल और लकड़ियां भी थीं। स्कूल में सूचना दी गई थी कि उसी गाँव के स्थित एक कच्चे दीवारों से बने प्रार्थनालय में ही सभी को रुकना होगा। इस गाँव में ईसाई मिशनरियों की कोई संस्थाएँ नहीं थीं न ही कोई चर्च था। पैरिश से दूर होने के कारण यहाँ के ग्रामीणजनों ने रविवार को प्रार्थना के लिए कच्ची दीवारों से एक बड़ा हॉल बनवा रखा था। जीवन में किसी तरह की पहली परीक्षा को लेकर सभी बच्चों के मन में एक अजीब किस्म का भय था तो वहीं परीक्षा केंद्र को देखने की उत्सुकता भी थी। यह ग्राम आदिवासी बहुल न होकर गैर आदिवासी बहुल था जहाँ प्रतिवर्ष शालेय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होती रहती थीं।

परीक्षा केंद्र को देखकर हमारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। कहाँ एक ओर ईसाई मिशनरी स्कूल के पक्के विशाल भवन तो कहाँ टूटे-फूटे खंडहरनुमा स्कूल वह भी कई टुकड़ों में। शेष बच्चों पर क्या गुजरी होगी कह नहीं सकता, पर मेरे बाल मन को बड़ी निराशा हुई। स्कूल में जगह की कमी और जर्जर भवनों के कारण वहीं बाजू में स्थित आम के विशाल बगीचे के नीचे जमीन पर सभी परीक्षार्थियों को पंक्तिबद्ध बिठा दिया गया। इस केंद्र पर लगभग 20-25 स्कूलों के बच्चे परीक्षा देने आए हुए थे। बहुत अधिक संख्या होने से बड़े-बड़े ग्रुप में विभिन्न स्कूलों के बच्चों को मिलाते हुए विभाजित कर दिया गया। मेरे ग्रुप के सबसे पिछली पंक्ति में मुझे बैठना हुआ। डेढ़ घंटे की परीक्षा की समयावधि में मैं आधे घंटे में ही परीक्षा पेपर लिखकर पाथली मारकर बैठा रहा। एक परीक्षा निरीक्षक मुझे खाली बैठा देख पूछ बैठे कि मैं क्यों पेपर नहीं लिख रहा हूँ। मेरे यह बताने पर कि मैंने पूरा पेपर हल कर लिया है तो उन्हें बड़ा आचार्य हुआ। वे मेरे उत्तर पुस्तिका को लेकर पढ़ने लगे और चार-पांच सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछने लगे। मैंने सभी का सही-सही जवाब दे दिया। उन्हें बड़ी हैरानी हुई और वे प्रेम से बोले, बेटा, एक दिन तुम बड़े आदमी बनोगे।

मेरे सामने की पंक्ति पर बैठी एक बाला जो मेरी दायीं ओर बैठी थी यह सब बड़े ध्यान से सुन रही थी, और मुड़-मुड़ कर मुझे देख रही थी। परीक्षा निरीक्षक के हटते ही वह आसपास पड़ी आम की सूखी पत्तियाँ उठाकर मुझपर फेंकने लगी और कुछ-कुछ प्रश्नों का उत्तर इशारों से मुझसे पूछने लगी। रंग रूप से साफयह बाला अन्य बालाओं से अलग लग रही थी, फ्रॉक में वह और भी खूबसूरत लगती, उनकी मासूमियत का अंदाज भी अलग ही था। बेहद आकर्षक होने के बावजूद वह शायद पढ़ाई में फिसड्डी थी। परीक्षा खत्म होने तक मुझपर उनका आम की सूखी पत्ती फेंकने का सिलसिला जारी रहा और मैंने भी बड़ी ही संजीदगी से उन्हें हर विषय के प्रश्नों के उत्तर बताता चला गया, इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी मैं सहायता करता रहा। परीक्षा के अंतिम दिन मैंने उन्हें डरते-डरते उनका स्कूल, नाम और गाँव का पता भी पूछ लिया। नाम- विमला एक्का, स्कूल गोरिया, ग्राम कपा....। उस आम पेड़ के बगीचों के नीचे बैठ वह बस मंद-मंद मुस्कुराती उस लड़की का चेहरा याद रह गया। मेरे बाल मन को उनका कितना नाम कितना प्यारा लगा था। उनसे पहली और आखिरी मुलाकात बस यहीं तक थी। मेरे जेहन में बचपन की कुछ अच्छी यादों में एक याद यह भी थी।

उस घटना के करीब चालीस वर्षों बाद उसी गाँव के लोगों से मैंने उनके बारे जानकारी लेनी चाही तो अपनी याददाश्त को जोर देकर मेरे मित्र ने बताया कि अपनी कक्षाओं में बार-बार फेल होते हुए वो सिर्फ नौवीं दसवीं तक ही पहुँच पाई और सुंदर सी दिखने वाली यह बाला बाजू के गाँव बन्दरचुवा के एक मुस्लिम कसाई की चौथी बीबी बन गई थी। यह कसाई आसपास के गाँवों के अतिरिक्त उनके गाँव भी आता-जाता रहता था। उसके सम्पर्क में आकर उनके मोहपाश में फँसकर वह अपना सबकुछ लुटा बैठी। यह जानकर मुझे बड़ा क्षोभ हुआ। जानकारी लेने पर और भी कई आदिवासी बालाओं के गैर आदिवासियों, विशेषकर मुस्लिम पुरुषों से विवाह के आँकडों ने मुझे इस विषय पर लिखने पर मज़बूर कर दिया।

झारखंड के आदिवासी इलाकों में यह एक आम समस्या बनते जा रही है, जिसे कई लोग लैंड जिहाद के नाम से पुकारते भी हैं। कुछ राजनैतिक दल इसे आदिवासियों बीच गैर आदिवासियों की घुसपैठ पर सवाल खड़ा कर रहे हैं तो वहीं कुछ इसे आदिवासियों के विरुद्ध गैर आदिवासियों की सोची-समझी राजनीति का हिस्सा भी मानते हैं। लैंड जिहाद इसलिए क्योंकि आदिवासियों की आड़ में कई बेशकीमती जमीन वे हथिया रहे हैं। ज्ञात हो कि विशेष प्रावधान के तहत एक आदिवासी की जमीन एक आदिवासी ही खरीद सकता है। कानून, आदिवासी समुदाय से बाहर किसी भी व्यक्ति को आदिवासी भूमि की बिक्री और खरीद पर प्रतिबंध लगाता है। इस तरह के कानून के लागू होने से इस्लामवादियों को आदिवासी समुदायों की जमीन आदिवासी महिला से विवाह की आड़ में उसे हड़पने का एक रास्ता मिल गया है। विवाह के बाद भी ये आदिवासी महिलाएँ सुविधानुसार कभी आदिवासी के तौर पर तो कभी अल्पसंख्यक मुस्लिम बनकर लाभ ले रहीं हैं।

रांची की पूर्व मेयर सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य सुश्री आशा लकड़ा के अनुसार- संथाल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी यानी जनसांख्यिकी आँकड़े तेजी से बदल रही है। बांग्लादेशी मुसलमान वहाँ की आदिवासी युवतियों से साजिश के तहत शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के खिलाफ वहाँ के आदिवासी समुदाय उनके खिलाफ कुछ भी नहीं बोल पा रहे हैं ना ही उनके खिलाफ थाना में एसटी धाराओं के तहत केस दर्ज कर पा रहे हैं। उन्होंने पत्रकारवार्ता के दौरान सामने रखा कि कैसे संथाल परगना की भोली- भाली आदिवासी युवतियों से शादी कर जनसांख्यिकी आँकड़े को वे बदल रहे हैं। उन्होंने लगभग पन्द्रह आदिवासी महिलाओं के नाम गिनाए, जोकि आदिवासियों के लिए आरक्षित पंचायतों के विभिन्न पदाधिकारी हैं, कोई महिला सरपंच है, तो कोई जनपद सदस्य तो कोई जिला पंचायत की अध्यक्ष। इनके सभी पति मुस्लिम हैं। यह भी विचारणीय है कि मुस्लिम युवाओं से विवाह के बाद भी ये आदिवासी महिलाएँ अनुसूचित जनजाति का लाभ लेते हुए सीधे तौर पर अपने पतियों को इसका लाभ दे रही हैं, और परोक्ष और अपरोक्ष रूप से अपने ही समुदाय का अहित भी करती जा रहीं हैं। सुश्री लकड़ा के अनुसार आदिवासी युवतियों के साथ मुसलमानों के विवाह और बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण संथाल परगना में 25 से 30% डेमोग्राफी चेंज हो चुका है, यह स्थिति सचमुच डरावना है।

छोटानागपुर क्षेत्रों में ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। प्रेम प्रसंग, प्रेम विवाह और यहाँ तक कि बलात्कार के मामले जहाँ महिला आदिवासी है और पुरुष मुस्लिम है, आम हो गए हैं। विशेष रूप से, आदिवासी समुदाय एक से अधिक महिलाओं से शादी करने की मुस्लिम प्रथा से संभवतः सहमत है। अधिकांश शादियाँ किसी भी रीति-रिवाज के अनुसार नहीं होती हैं और जोड़े बस साथ रहना शुरू कर देते हैं। इनमें ईसाई आदिवासी महिलाओं की संख्या अधिक है। कई मामलों में पहले से शादीशुदा होने की जानकारी इन युवतियों को नहीं होती, और बाद में विवाद और झगड़े होने लगते हैं। झारखण्ड के साहिबगंज में आदिवासी महिला रुबिका हत्याकाण्ड इसका उदाहरण है, जहाँ मुस्लिम प्रेमी के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी उन्हें नहीं थी, और इससे उत्पन्न विवाद और झगड़े से उन्हें अपनी जान देकर कीमत चुकानी पड़ी।

संथाल परगना में कुल छह जिले शामिल है जिसमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ आते हैं। विभिन्न आदिवासी नेताओं के जनसांख्यिकी आंकड़ों में बड़े बदलाव संबंधी बयानों और पत्रकारवार्ता को लेकर ऐसे समाचार दुनियाभर के समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलों में सुर्खियाँ बटोर रहे हैं। आदिवासी दशकों से विस्थापन व रोजगार के अभाव में लाखों की संख्या में पलायन करने को मजबूर हुए हैं और अभी भी हो रहे हैं जिसका सीधा असर उनकी स्थानीय जनसंख्या पर भी पड़ रहा है। रोजगार की आड़ में गाँव से शहरों की ओर पलायन करने से कई आदिवासी गाँव आंशिक रूप से खाली तो हुए, पर इन्हीं खाली हुए स्थानों पर बाहरी तत्व काबिज भी होते जा रहे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकारी रोजगार के अवसर अत्यंत कम हो गए हैं, सी स्थिति में शहरों में बसे जनजातीय समुदायों की संतानें अब अपनी मूल जड़ों, मूल जगहों में वापिस होने लगी हैं। शहरों के संघर्षमय जीवन ने उन्हें तोड़ दिया है, जीवन जीने के लिए उन्हें ग्रामीण जीवन आसान लगने लगा है। अपने ही पुरखों के स्थानों पर बाहरी लोगों की घुसपैठ से वे खुद को ठगा महसूस करने लगे हैं। आदिवासी क्षेत्रों में विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में गैर- आदिवासी छोटा नागपुर क्षेत्र में आ बसे और नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता ना मिलने के कारण और पांचवी अनुसूची के प्रावधान व आदिवासी-विशेष कानून कठोरता से लागू न होने के कारण अन्य राज्यों के गैर आदिवासी इन क्षेत्रों में बसते चले गए, और जनसांख्यिकी आँकड़ों में स्पष्ट परिवर्तन दिखने लगा। पूर्वी भारत में विशेष कानून लागू होने से इन क्षेत्रों में यह समस्या नहीं है परंतु जब उन्हें भी यदि ऐसी समस्याओं से सामना करना हुआ तो निश्चय ही उन क्षेत्रों में भी जनसांख्यिकी आंकडों पर ऐसे बदलाव दिखेंगे।

छोटा नागपुर क्षेत्र से लगी सीमा छत्तीसगढ़ के जशपुर और सरगुजा में भी इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। इस क्षेत्र के कई विकास खंडों में यह एक बड़ी समस्या बनते जा रही है। कई आदिवासी बालाओं ने यहाँ के मुसलमानों से विवाह कर लिया है, पर ये मामले सुर्खियों में नहीं है, किसी मीडिया के लिए या कोई मुद्दा नहीं है। पर यह विषय समाज विज्ञान और मानव विज्ञान में रुचि रखने वालों और वैचारिक लोगों के लिए एक ज्वलंत विषय होने के साथ-साथ एक गंभीर सामाजिक समस्या भी है। आदिवासी समुदाय से पढ़े-लिखे नौकरीपेशा समुदाय भी ऐसे मुद्दों को लेकर उदासीन ही है, वे एक संकुचित और सीमित दायरे में ही जीवन जीने के आदी होते जा रहे हैं। जनजातीय समाज की सामुदायिकता ही उनकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। यहाँ पर विचारणीय तथ्य यह भी है कि यह स्थिति निर्मित क्यों हो रही है, इसकी जड़ें कहाँ विद्यमान है और इसके लिए जिम्मेदार कौन है, इसकी आगे परिणीति क्या होगी?

इन क्षेत्रों में मुस्लिम युवाओं से विवाह के इतर अब एक अलग ही समस्या आ खड़ी हुई है। यह देखा जा रहा है कि विभिन्न सरकारी नौकरियों से जुड़ी हुई आदिवासी विधवा महिलाएँ इनकी अब आसान शिकार होती जा रहीं हैं। कई गैर आदिवासी विवाहित पुरूष इनके व्यक्तिगत मामलों में रुचि लेते हुए सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर इन्हें दूसरी पत्नी के रूप में उपयोग करने लगे हैं। दरअसल इनकी मंशा कुछ और होती है। ऐसी कमाऊ विधवा आदिवासी महिलाओं की संपत्ति पर उनकी नजर है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिसमें ऐसी महिलाएँ शारीरिक शोषण के साथ-साथ आर्थिक शोषण की भी शिकार हैं। ऐसे मामलों में मुस्लिमों के इतर दूसरे समुदय के लोग ज्यादा शामिल होते हैं। आदिवासी बालाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक विषमताओं के बावजूद जीवन भर उन्हें प्रतिकूल परिणामों का अधिक खतरा होगा यह जानते हुए भी वे ऐसा कदम उठाने का दुस्साहस कर रही हैं। संचार के युग में सारी चीजें अत्यंत तेजी से बदल रहीं हैं तथा आदिवासी समाज भी एक घोर संक्रमण काल से गुजर रहा है। पूर्व की भांति अब सामाजिक बंधन भी मजबूत नहीं रह गए हैं, सामाजिक कसावट अब ढीली पड़ चुकी है। अब कोई सामाजिक बंधन नहीं, कस्बाई संस्कृति खत्म होने के ये दुष्परिणाम भी हैं। आजादी ने अब स्वछंदता का रूप ले लिया है, पर आदिवासी समाज में इतना जल्द बिखराव और विचलन होगा यह एक अकल्पनीय और अध्ययन का विषय है।

जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में प्रति 1000 पुरुषों पर 940 महिलाएँ हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत कम लिंगानुपात के लिए खतरनाक क्षेत्र में है। पितृसत्तात्मक समाज परिवार के नामांकन जैसी पुरानी मान्यताओं के साथ एक परिवार को लड़का पैदा करने के लिए मजबूर करता है। भारत में जनजातियों का लिंगानुपात अधिक अनुकूल है क्योंकि अनादि काल से ही जनजातियों ने कभी भी लड़के और लड़की के बीच किसी किस्म का भेदभाव नहीं किया है। एक आदिवासी महिला सभी क्षेत्र में बराबरी की हकदार है। आदिवासी समाज में पूर्व से ही विधवा विवाह, लैंगिक समानता की भावना विद्यमान थी। दहेज जैसी कुरीतियाँ भी इन समाजों में नहीं हैं। आदिवासी समाज मातृसत्तात्मक ही होता है। यही सब कारण है कि आदिवासी समाज में लिंगानुपात ठीक उलट है, यहाँ महिलाओं की संख्या पुरुषों से काफी अधिक है, फलस्वरुप उनके समक्ष अब विवाह के लिए एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। कई आदिवासी युवतियों को यौवन की दहलीज पर पहुँचने के बावजूद भी उन्हें उपयुक्त वर नहीं मिल पाते, साथ ही उन्हें अपने समाज में पुरुषों की कमी के कारण अविवाहित रहने का सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। रोजगार की समस्या ने इन सब हालात को बद से बदतर कर दिया, पुरुष वर्ग भी अब बेरोजगारी का दंश झेल रहा है, उनकी भी शादी समय पर नहीं हो पाती, और अपने पैरों पर खड़े नहीं होने के कारण वे भी विवाह को लेकर गम्भीर नहीं रहते।

एक अध्ययन के अनुसार आदिवासी महिलाएं अन्य समाज की महिलाओं के इतर यौनावस्था को जल्द प्राप्त करती हैं। अश्वेत और हिस्पैनिक लड़कियाँ अन्य नस्लीय और जातीय पृष्ठभूमि की लड़कियों की तुलना में पहले यौवन का अनुभव करती हैं। उनकी अतृप्त, अनियंत्रित यौनाइच्छा और जीवनभर अविवाहित रहने का भय भी एक कारक है, गैर आदिवासी समुदाय इन सब हालातों से वाकिफ होते हैं, फलस्वरुप आदिवासी बालाओं का शोषण करना बेहद आसान हो जाता है।

यह जानकर बड़ी कोफ्त होती है कि न सिर्फ संथाल परगना और छोटा नागपुर, बल्कि पूरे भारत में आदिवासी लड़कियों को बहला फुसलाकर उनसे शादी करके उनकी संपत्ति हड़पने का षडयंत्र रचा जा रहा है। इसमें जितनी चालाकी दूसरे लोगों की है उससे बड़ी मूर्खता हमारी आदिवासी बहनों की भी है। आदिवासी समाज भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है। हालाँकि आज के प्रगतिशील समाज में किसी भी व्यक्ति को किसी भी व्यक्ति से शादी करने की आज़ादी है, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी आदिवासी समाज आज भी भोला-भाला बना हुआ है जबकि वहीं पर अनुसूचित जाति के लोग अपने समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हो चुके हैं।

आदिवासी समाज को आज ये चाहिए कि अपने समाज को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ संगठित करें वरना पूरे आदिवासी समाज के विलुप्त होने का खतरा बना रहेगा, उनकी खून की शुद्धता, एक विशिष्ट पहचान भी जाती रहेगी और वे ही इसके जिम्मेदार होंगे। वैसे भी धीरे-धीरे आदिवासियों को जंगल से बेदखल किया ही जा रहा है। अब जनजातीय संस्कृति को भी बेदखल करने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। ऐसे ज्वलंत मुद्दों के लेकर वर्तमान में किसी को इसका एहसास शायद न हो, पर ये विषय अत्यंत गंभीर और विचारणीय है।

सांप के निकल जाने के बाद लाठी पीटने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

# महिलाओं के खाते में आ रहा है सांय-सांय पईसा

धनंजय राठौर
संयुक्त संचालक,
जनसंपर्क छत्तीसगढ़








छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के लागू होने के साथ ही महिलाओं में नया आत्मविश्वास दिख रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना की लोकप्रियता शहरों के साथ-साथ गांवों में भी दिख रही है। राज्य में नई सरकार के गठन के साथ ही महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई इस योजना से राज्य के 70 लाख विवाहित महिलाओं को इसका लाभ छह माह से मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए गए इस महत्वाकांक्षी योजना में 21 वर्ष से अधिक उम्र की विवाहित महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में दी जाती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं के मोबाइल में मेसेज आते ही परिवार के बच्चे खुशी से कह उठते हैं कि हमर मोबाइल में सांय-सांय पईसा आवत हे। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन को सटीक और बेहतर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना एप्प जारी किया गया है। महतारी वंदना योजना का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है, ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आर्थिक तरक्की के बराबरी का मौके मिल सके, जिससे वह सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सके। यह वह तरीका है, जिसके द्वारा महिलाएँ भी पुरुषों की तरह अपनी हर आकंक्षाओं को पूरा कर सके। महतारी वंदन योजना में हर माह राशि आने का असर अब दिखने लगा है। महिलाओं ने हर कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। महिलाएँ अपना फैसले खुद ले रही हैं। महिलाओं में आत्मनिर्भरता का भाव जगाने में यह योजना सफल हुई है। इस योजना से महिलाओं को उनके रोजमर्रा की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी मदद मिल रही है। इस राशि से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हो रहा है। महिलाओं को मिले इस आर्थिक स्रोत से परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों के अध्यापन कार्य तथा उनके लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करने में कर रही हैं। महतारी वंदना योजना से महिलाओं को आगे बढने के लिए रास्ता मिल रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लखपति दीदी, ड्रोन दीदी जैसी नवाचारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। महिला समूहों को आर्थिक क्रियाकलपों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिहान योजना भी संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान लगभग 3100 स्व-सहायता समूहों को 100 करोड़ रूपए की राशि का ऋण वितरित किया है। इससे महिलाओं में स्वावलंबन और आर्थिक रूप से निर्भरता आएगी।

## आप की बात

### मनु की दुहरी सफलता

**पेरिस ओलंपिक** में भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने 12 साल बाद निशानेबाजी स्पर्धा में दो पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया है और हम भारतवासियों को गौरवान्वित किया है। खेलों में मनु भाकर की सफलता ने सिद्ध किया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं है। उन्होंने अपने हौसलों से हर मुश्किल काम को आसान किया है और हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी का परचम लहराया है। ओलंपिक में एक बार फिर मनु ने हमें गर्व करने का अवसर प्रदान किया है। ओलंपिक के 124 सालों के सफर में भारत ने अब तक 35 पदक ही हासिल किए हैं और इनमें मात्र 10 स्वर्ण पदक है। 10 में से 8 स्वर्ण पदक तो पुरुष हॉकी में जीते हैं और दो स्वर्ण पदक भाला फेंक और निशानेबाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में जीते हैं। ऐसे बहुत सारे गेम है जिसमें भारत पदक जीतने से अब तक वंचित रहा है। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सर्वाधिक सात पदक जीते थे। अब तक के ओलंपिक इतिहास में भारत पदक तालिका में दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाया है। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत पेरिस ओलम्पिक में अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर न केवल खेलों की दुनिया में अपना जलवा दिखाएगा, बल्कि वर्ष 2036 में ओलम्पिक मेजबानी के लिए भी तैयार होगा।

– **नलिन खोईवाल**, इंदौर

### मीडिया की जिम्मेदारी

**दिल्ली** से छपने वाले अखबारों में शायद ही ऐसा कोई दिन हो कि किसी कोचिंग संस्थान का पूरे पेज का विज्ञापन न छपा हो। विडंबना है कि जैसे ही ये कोचिंग संस्थान विज्ञापनदाता हो जाते हैं, मीडिया का ध्यान इस बात से हट जाता है कि इनके भीतर कोई गड़बड़ी भी हो सकती है। शायद बड़े विज्ञापन देने के कारण ये कोचिंग संस्थान मीडिया की जांच का विषय नहीं रह जाते। दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर लोग खुलेआम वीडियो बनाकर मीडिया संस्थान का नाम लेकर लिख रहे हैं कि वे इंटरव्यू शूट करने और दिखाने के लाखों रूपये लेते हैं। ऐसे में यदि किसी कोचिंग संस्थान के मालिक ने पैसे दे कर मीडिया के किसी हिस्से को इंटरव्यू दिया तो उसके लिए भी कोचिंग संस्थान कोई ख़बर का विषय नहीं है। मीडिया को भारी-भरकम विज्ञापन देकर प्रभावित किया जा सकता है। मीडिया में विज्ञापनों और खबरों के बीच द्वंद्व तो महात्मा गांधी के समय से ही शुरू हो गया था, जब मीडिया अपने उदीयमान समय में था। आज स्थिति पहले की तुलना में ज्यादा गंभीर हो गई है। लेकिन तमाम वित्तीय दबावों के बावजूद मीडिया से उम्मीद की जाती है कि वह देश और समाज की विसंगतियां उजागर करता रहेगा।

–**भूपेंद्र सिंह**, दिल्ली

### ट्रेन दुर्घटना

**हावड़ा** से मुंबई जा रही मेल एक्सप्रेस झारखण्ड में चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ा बम्बू स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 20 बोगियां बेपटरी हो गई जिससे 2 यात्रियों की मृत्यु हुई और अनेक घायल भी हो गए। हालांकि, रेलवे ने मृतक आश्रितों, गंभीर घायलों और मामूली घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है। लेकिन पिछले कुछ समय से एक के बाद एक दुखद रेल दुर्घटनायें कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही दर्शाती हैं। यह जांच का विषय है कि इनके पीछे कोई षड्यंत्र तो नहीं हो रहा है। लेकिन इनसे रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं। हालांकि रेलवे वर्तमान समय में नई-नई ट्रेनें चला रही है और अनेक विकास कार्य भी रेलवे में चल रहे हैं। लेकिन तकनीकी या गैर तकनीकी कर्मचारियों की कमी भी दूर करना जरूरी है ताकि परिचालन में असुविधा व अड़चनें न उत्पन्न होने पायें। रेलवे ने तकनीकी उन्नयन से यात्रियों की सुविधा बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है, पर यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में तकनीक पर अति-निर्भरता हानिकारक हो सकती है। समय की मांग है कि रेलवे में सभी खाली पदों पर उपयुक्त कर्मचारियों की यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र भर्ती की जाए।

–**महेश नेनावा**, इंदौर

### कर्नाटक का निर्णय

**भारतीय न्याय संहिता**-बीएनएस की धारा 281 के तहत वाहनों की गति 120 किलोमीटर से अधिक होने पर खतरनाक ड्राइविंग मानी जाती है। इसीलिए कर्नाटक राज्य सरकार ने 130 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले के खिलाफ एक अगस्त से एफआईआर दर्ज करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय उचित और स्वागत योग्य है। यह निर्णय इसलिए भी उचित है क्योंकि इससे अधिक स्पीड से गाड़ी चलाने पर ड्राइवर का कोई कंट्रोल नहीं रह पाता है और दुर्घटना का अंदेशा हमेशा बना रहता है। आजकल बाइक भी ऐसी आ रही है जो पल भर में 160 की स्पीड पकड़ लेती है जो जानलेवा सिद्ध हो सकती है। कर्नाटक सरकार का यह निर्णय प्रशंसनीय है। दूसरे राज्यों को भी इस निर्णय का अनुकरण कर इसे अपने प्रदेशों में इसे लागू करना चाहिए। दोपहिया या चौपहिया वाहन चालकों को स्पीड का आनन्द उठाने का अवसर देने के लिए राज्य सरकारों को बाइक व कार रेसिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करने पर विचार करना चाहिए। वाहनों की गति पर लगाम निरपराध राहगीरों के लिए भी जरूरी है।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# महतारी वंदन योजना के लाभार्थी लगाएंगे एक पेड़ मां के नाम कबीरधाम जिले में ढाई लाख पौधे

## कलेक्टर जनमेजय महोबे सहित वनमंडलाअधिकारी, जिला पंचायत सीईओ ने इस अभियान के तहत पौधा वितरण की शुरूआत की

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सहभागिता कबीरधाम जिले में लगभग ढाई लाख छायादार एवं फलदार पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे, वन मंडलाअधिकारी शशि कुमार और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने महराजपुर स्थित जिला पंचायत संसाधन भवन परिसर में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को छायादार एवं फलदार पौधा वितरण कर इस अभियान की शुरूआत की। वहीं सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम ओडिया खुर्द में भी एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण का आयोजन किया गया। यह अभियान एक अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर सहित




अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। कलेक्टर महोबे ने पौधा वितरण करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों को कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक पेड मां के नाम पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए इस अभियान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जिले में महतारी वंदन योजना के लभभग ढाई लाख लाभार्थी है। उन भी लाभार्थियों को छायादार एवं फलदार पौधा का वितरण किया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों के द्वारा पौधा रोपण भी कराया जाएगा। उन्होने हितग्राहियों को अपने घर-बाडी व खेत में एक पेड मां के नाम पौधा रोपण करने और उन्हे सुरक्षित रखने के लिए आग्रह भी किया। पौधा रोपण हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर कल की शुरूआत इस अभियान के माध्यम से होने जा रहा है। कलेक्टर महोबे ने एक पेड़ मां के नाम के तहत महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों तक पौधा पहुंचाने के लिए वन विभाग,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दायित्व दिया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर ने वनमंडलाअधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, उद्यानिकीय अधिकारी आरएन पांडेय एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों तक पौधा पहुचाने और उनके द्वारा एक पौधा रोपण कराने और उन पौधों को सुरक्षित रखने सहित सभी विषयों पर चर्चा की गई है। कलेक्टर ने महिला एंव बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिले के सभी परियोजना मुख्यालयों में इस अभियान के तहत आयोजन करने के निर्देश दिए है।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु जिला प्रधान न्यायाधीश ने वृक्षारोपण कर दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण के संरक्षण प्रबंधन अभियान के तहत बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा न्यायाधीश कॉलोनी गुनरबोड, बेमेतरा में वन विभाग, बेमेतरा के सहयोग से वृक्षारोपण कर जनमानस में यह संदेश दिया कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिये क्योंकि प्रकृति स्वयं उस पौधे का पालन-पोषण करती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा भी एक पौधा लगाया जाये तो हम आने वाले पीढ़ी को एक सुरक्षित, संरक्षित, प्रदुषण मुक्त वातावरण उपलब्ध करा सकते है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय, गुलापन राम यादव न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा एवं वी.एन. दुबे




उपखण्ड अधिकारी वन विभाग, बेमेतरा एवं पैरालिगल वॉलेटियर्स संजीव शर्मा, देवेन्द्र यादव, तरूण आनंद, पंकज घृतलहरे, टुवेन्द्र वर्मा, सुसोनिया राजपूत, सुस्वाती कुंजाम के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जनमानस से अपने घर, कॉलोनी, में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सुखा-गीला कचरे को रिसायकल कर प्रकृति को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के साथ-साथ अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील किया गया।

# कठिया-रांका हायर सेकंडरी स्कूल में किया गया वृहद वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया - रांका में वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्य एवं पर्यावरण प्रेमी संगठन के सहयोग से स्कूल प्रांगण में 51, फलदार, छायादार, ऑक्सीजन देने वाले पेड़ पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण में हमारे मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिया के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात अतिथियों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य ओ पी टंडन ने पेड़ पौधे एवं वृक्षारोपण के बारे में बताया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इन्हीं बदौलत आज हम जिंदा है, पेड़ पौधे काटने की वजह से आज वातावरण में असंतुलन पैदा हो गया है । जिसकी वजह से लोगों को ऑक्सीजन खरीदना पड़ रहा है हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने होंगे ताकि प्रकृति का जो अनमोल उपहार है उसे पैसे से ना खरीदा ना पड़े टिकरिया जी ने पर्यावरण प्रेमी



संगठन के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य गांव-गांव में किया जा रहा है बहुत उसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा किया जा रहा कार्य नेक और सराहनी कार्य है मैं पर्यावरण प्रेमी संगठन की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। वृक्षारोपण में स्कूल के बच्चे, प्राचार्य ओपी टंडन, तिवारी, खलखो, हमारे मुख्य अतिथि राहुल टिकरिया, डॉक्टर डीपी वर्मा, संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण चम्मन निषाद, लक्ष्मीनारायण साहू ,परदेसी राम साहू आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग से संबंधित चार बैठक 3 अगस्त को

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा 3 अगस्त को कृषि विकास योजना से संबंधित चार बैठक लेंगे। पहली बैठक एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजनांतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक होगी। दूसरी जिले में संचालित WDC-PMKSY 2.0 योजनांतर्गत वाटरशेड कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी समिति की बैठक लेंगे। तीसरी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की होगी। चौथी अंतिम बैठक परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यपालन समिति की होगी। बैठक कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी।

# राज्य में मानस के क्षेत्र में हो रहे हैं अभिनव पहल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्री राम चरित मानस से जुड़े मानस चिंतकों, साधकों, व्याख्याकारों, गीतकारों एवं संगीतकार के लिए मानस दर्शन जीवन अर्पण जो कि देश का प्रथम ऑनलाइन पटल हैं विविध आयामों केमाध्यम से मानस जगत से जुड़े सुधि श्रोताओं एवं वक्ताओं को एक नई पहचान दे रहा है।

मानस मंथन 4-0 के अंतर्गत होने वाले अद्वितीय एवं विशाल ऑफ्लाइन आयोजन के पूर्व इस रिक्तता के समय में विशिष्ट अभिनव पहल करते हुए तेरा तुझको सौपता शीर्षक से श्री राम चरित मानस के सप्तम सोपान उत्तर कांड के दोहा कहत कठिन समुझत कठिन, साधत कठिन विवेक जैसे जटिल प्रसंग को मानस चिंतकों लिए पटल पर प्रेषित कर विचार भाव आमंत्रित किए गए।जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी जिलों के मानस व्याख्याकारों, सुधि पाठकों, एवं मानस के निरंतर साधकों से लगभग 55 पीडीएफ हस्तलिखित भावपुष्प चिंतन व्याख्यान प्राप्त हुए।



प्राप्त चिंतन, व्याख्यान के सूक्ष्मतम गहनतम एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए मानस दर्शन के केंद्रीय मण्डल की ओर से सप्तर्षि विद्वज निर्णायक मंडल का गठन किया गया था जिन्होंने सभी व्याख्यान का बारंबार सूक्ष्मता पूर्वक अध्ययन कर मूल्यांकन किया पश्चात सभी निर्णायक गणों के समेकित प्राप्तांकों के आधार पर श्रेष्ठतम 1 एवं 10 उत्कृष्ट व्याख्यान लेखकों की घोषणा 30 जुलाई 24 को ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से पटल पर की गई। जिसमें ठोके लाल देवांगन कुसमी को श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त हुआ और फिर क्रमशः वेदराम साहू, पाटन, पंडित कुलेश्वर वैष्णव धमतरी, संदीप ठाकुर भिलाई, पंडित संतोष शर्मा बोडेग़ाव, गोपाल वर्मा, आनंद पांडे जी,प्यारेलाल साहू मरौद, मीनू राम सुदर्शन खैरागढ़ सुरेंद्र सिन्हा को स्थान प्राप्त हुआ है। विद्वान निर्णायक मंडल में अंजू शर्मा खैरागढ़, हेमलता साहू अम्बागढ़, संगीता निषाद कांकेर, चिंता सेन बागबाहरा बालेन्द्र साहू, डॉ लोकेश साहू धमतरी, अचल वैष्णव राजनांदगांव रहे। मानस दर्शन जीवन अर्पण को तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ ग ,राज मानस संघ धमतरी मम राजीव लोचन गरियाबंद, मा कौशिल्या मानस संघ रायपुर के आशीर्वादक गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त है। इस अभिनव पहल की सभी ने प्रसंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। संस्थापक दीपक गुहा मानस जिज्ञासु मरौद एवं देवलाल सिन्हा, पिंटू पटेल आर डी साहू, आत्मा राम साहू के के सिन्हा रामकुमार प्रजापति मेसुल साहू भूपेश बनपेला कनस कोमरे पुनेश्वर साहू सहित समस्त मातृ शक्ति संयोजक मण्डल ने बधाई देते हुए आगामी 28 एवं 29 सितंबर 2024 में आयोजित ऑफलाइन प्रतियोगिता 4.0 के लिए आमंत्रित किया। यह जानकारी विष्णु साहू बेमेतरा ने दिया

# स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जिले के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग इच्छुक आवेदकों से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा के कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार लाटा ने बताया कि जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के आवेदकों को अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत ऋण प्रदान किया जाएगा इसमें 10 हज़ार रुपये का अनुदान भी मिलता है।

# अपहृत बालिका को कुकदूर पुलिस ने दस्तयाब किया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नाबालिक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी नाबालिग पुत्री 27.07.2024 को घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 102/24 धारा 137(2) भा.न्या.सं. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया कि नाबालिग लड़की कही चले जाना/अपहरण होने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार, अति.पु. अधि. विकास कुमार, अति.पु.अधि. पुष्पेंद्र बघेल और पु.अनु.अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल





के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र द्वारा थाना स्तर पर टीम तैयार की गई कि उक्त टीम द्वारा अपहृत नाबालिग लड़की की पता साजी हेतु लगातार आसपास और संभावित ठिकानों में पतासाजी कर संदेहियो से लगातार पूछताछ करती रही कि पतासाजी दौरान साइबर सेल के सहयोग से अपहृता को ग्राम खोर्दा थाना बिलासपुर के खान मछली फार्म से नाबालिक को संदेही अजीत के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया जाकर नाबालिक का महिला पुलिस अधिकारी से पुछताछ कथन कराया गया जो नाबालिक पीड़िता ने अपने कथन में बताई की अजीत ध्रुवे पिता विशाल ध्रुवे ग्राम सारपानी निवासी द्वारा दिनांक धटना को पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर, बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बंध बनाया है की मामले में धारा 87, 64(2) भा.न्या.सं. एवं 06 पोक्सो एक्ट जोड़ी गई बाद नाबालिक को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया, आरोपी अजीत ध्रुवे पिता विशाल ध्रुवे उम्र 22 साल ग्राम सारपानी थाना कुकदूर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायलय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक व्यासनरायण चुरेंद्र, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद चंद्रवंशी, आर. 506 विनोद चतुर्वेदी और साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।

# बारिश के चलते पानी भराव, वार्ड वासियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका दल्ली राजहरा एवं चिखलाकसा क्षेत्र में बारिश के चलते पानी भराव से वार्ड वासियों में दहशत का वातावरण हो गया है। सफाई व्यवस्था को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय दल्ली राजहरा में भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें दल्ली राजहरा एवं चिखलाकसा के वार्ड नं. 11 मथुरा नगर एवं वार्ड नं.13 के मध्य में बारहमासी नाला है। . नाला में दल्ली राजहरा नगर पालिका क्षेत्र से नाला से पहाड़ी क्षेत्र एवं माईन्स से बारिश का पूरा पानी बहकर इस नाले के माध्यम से दल्ली राजहरा नगर क्षेत्र से होते हुये चिखलाकसा नगर पंचायत क्षेत्र में पहुंचता है। यह नाला नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा का मुख्य निकासी नाला है। नाला पहले लगभग 22 से 25 फीट चौड़ा था जिससे बारिश के पानी का बहाव बिना अवरोध के आसानी से हो जाता था। जिससे भारी बारिश में बाढ़ जैसी समस्या नहीं होती थी तथा पानी किसी के घरों में नहीं घुसता था। परन्तु 02-03 वर्षो से नाले में मलबा, मुरूम डाल-डालकर अवैध कब्जा किया गया है एवं अनावश्यक झाड़ियों के कारण 22 से 25 फीट चौड़े नाले की चौड़ाई सकरा होकर लगभग 08 फीट की



हो गई है। इस कारण बारिश का पानी रोड में और वार्ड नं.11 के वार्डवासीयों के घरों में घुस जा रहा है। इसी तरह दल्लीराजहरा के वार्ड ऋमांक 23 में भी लोगों के घर में पानी भर गया है जिससे वार्ड वासीयों के मकानों में पानी भरने से मकानों का नींव कमजोर हो रहा है. कच्चे मकानों के गिरने की सम्भावना बढ़ गई है। जिससे जान-माल को हानि हो सकती है। वार्ड में पानी भरे रहने से सड़क डूब गया है। इस कारण वार्डवासियों के आने-जाने में परेशानी हो रही है, बिजली के खम्भे भी आंशिक रूप से पानी में डूब गये हैं इस कारण विद्युत दुर्घटना की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। इस समस्या से वार्ड नं.11, 12 एवं वार्ड न.13 चिखलाकसा तथा दल्लीराजहरा के वार्ड नं. 23 (उड़िया पारा), वार्ड नं.24 (साहू सदन मार्ग) प्रभावित है। इस संबंध में पूर्व में कई बार नगर पंचायत अधिकारी, चिखलाकसा एवं नगर पालिका परिषद अधिकारी, दल्ली राजहरा को सूचित किया जा चुका है किन्तु कोई ठोस कार्यवाही अभीतक नहीं किया गया है। जिससे समस्या यथावत् बनी हुई है। शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट सोनकर द्वारा तत्काल मुख्यनगर पालिका अधिकारी चिखलाकसा को लेकर स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे एवं अधिकारियों को निर्देशित कर व्यवस्था को ठीक करने का तत्काल निर्देश दिया एवं नाले में किये गये अवैध कब्जा (मलबा, मुरूम) एवं झाड़ियों को हटाकर सफाई करवाए, जिससे जल भराव की समस्या से मुक्ति मिलें एवं नाले को पूर्व स्थिति में लाये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, सुरेश जायसवाल, जगेंद्र भारद्वाज, पीतांबर रावटे, कनकलता तिवारी हिमानी पांडेय रेशमा बानो उपस्थित थे।

# एफएसटीपी, के बेहतर संचालन के लिए शहरी-ग्रामीण अभिसरण कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मल-कीचड़ प्रबंधन उत्कृष्ट बनाने तथा व्यापक जागरूकता अभियान चलाने नगर पालिका परिषद् कुम्हारी में निर्मित एफएस टी पी, के बेहतर संचालन के लिए शहरी-ग्रामीण अभिसरण कार्यशाला का आयोजन नगरपालिका कुम्हारी के सभा कक्ष किया गया जिसमें खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना और स्वच्छ शौचालयों तक पहुँच में सुधार करना शौचालयों में उत्पन्न मल को सुरक्षित रूप से संग्रहीत, एकत्रित, परिवहन और उपचारित करना उपरोक्त कार्य करते समय रिसाव को कम करना



शौचालय बनाना और कीचड़ की रोकथाम करना अंतिम उत्पादों का निपटान करना और/या लाभकारी तरीके से उपयोग करना मल-कीचड़ प्रबंधन (एफएसएम) की आवश्यकता क्यों है के सम्बन्ध में जानकारी, देश भर में और राज्य के ग्रामीण छोटे शहरी क्षेत्रों में एक गड्ढे और सेप्टिक टैंक वाले शौचालय प्रमुख हैं । शौचालय निर्माण कार्यक्रम (स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण) के दूसरे चरण की घोषणा 2020 में की गई । खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) राज्यों को बनाए रखने पर मुख्य ध्यान निष्क्रिय मल प्रबंधन का नवीनी करण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन शहरी ग्रामीण अभिसरण का उद्देश्य मल अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को पड़ोसी शहरी एफएसटी पी से जोड़ना ग्रामीण स्थानीय निकायों के समूह के लिए ग्रीन फील्ड एस एल डब्ल्यू एम पर एक पायलट प्रदर्शन में जिले को समर्थन प्रदान करने पंचायत प्रतिनिधियों को एफएस एम. के मुद्दे पर समझ विकसित कर उन्हें जिम्मेदार बनाना एफएसएम के लिए समिति का निर्माण करना एवं मासिक समीक्षा करना तथा मल- कीचड़ प्रबंधन (एफएसएम) की आवश्यकता क्यों है विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।कुम्हारी के समीपस्थ ग्राम पंचायत ढाबा, खपरी, मुर्रा, पंचदेवरी, सांकरा एवं कपसदा के सरपंच एवं सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग एवं नगर पालिका परिषद कुम्हारी का मार्गदर्शन रहा तथा आयोजन समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से उपरोक्त कार्यक्रम किया गया है । कार्यक्रम में मुख्यरूप से नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, अभियंता डी. आर साहू, स्वच्छता निरीक्षक लखन साहू, समर्थन संस्था से मनीष झा एवं राजेश साहू ने विषय से संबंधित मुद्दे पर प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा की एवं पंचायत कार्ययोजना बनाने हेतु दिशा निर्देश दिये ।

# डाक्टर डीपी दुबे का निधन



**बेमेतरा।** ग्राम दाढ़ी (बेमेतरा) निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डां. डी.पी दुबे (ढारेंद्र - शंकर ) का आकस्मिक निधन 30 जुलाई 2024 को हो गया। वे डॉक्टर योगेश ,राकेश ,शिशिर दुबे के पिता थे एवं पंडित रूपेंद्र पुरोहित, दिनेश दुबे, डॉ. कमलेश दुबे के ज्येष्ठ भ्राता थे। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दाढ़ी में 31 जुलाई में संपन्न हुआ जहां विभिन्न समाज सहित स्वजन शामिल हुए।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में हुई पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने अमृत सरोवर निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए 15 अगस्त 2024 तक प्रत्येक विकासखण्ड में एक मॉडल अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आदर्श अमृत सरोवर निर्माण में वृक्षारोपण, सामुदायिक शौचालय, पाथवे, बेंच, सोलर लाईट, घाट इत्यादि निर्माण कर सौंदर्यीकरण एवं आजीविका संबंधी विभिन्न घटकों को कराया जाना है। जिला पंचायत के मुख्य




कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे ने सभी जनपद सीईओ को जिले के 89 अति जर्जर आंगनबाड़ी भवन का चिन्हांकन करते हुए प्रति आंगनबाड़ी राशि 11.69 लाख के लागत से 89 आंगनबाड़ी भवन हेतु राशि 1040.41 लाख की स्वीकृति कर उक्त आंगनबाड़ी शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किए हैं। जिसमें गुण्डरदेही विकासण्ड में 30, बालोद 16, गुरूर 10, डौण्डी 14 व डौण्डीलोहारा 19 सहित कुल 89 आंगनबाड़ी की स्वीकृति दी गई है। उन्होंनें 19 अपूर्ण आंगनबाड़ियों को 30 अगस्त तक गुणवत्तायुक्तढंग से समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डौण्डीलोहारा व डौण्डी जनपद सीईओ को आंगनबाड़ी के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने समग्र विकास एवं अन्य विकास प्राधिकरण के लंबित या अपूर्ण कार्यो को भी समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त बनाने हेतु उन्हें बैंक लिंकेज कर अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियां शुरू कराने के निर्देश दिए। जिससे उनके आय के स्त्रोत जनरेट हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन शेड के कार्य पूर्ण हो गये हो वहां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व-सहायता समूह की दीदीयों तथा कचरा प्रबंधन शेड में लगे दीदीयों का श्रम पंजीयन व स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के कुल स्वीकृत आवास 32 हजार 394 में से 30 हजार 317 पूर्ण लंबित 1155 आवास को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सभी जनपद सीईओ को फील्ड में लगातार निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। प्रथम किश्त प्राप्त कुल 218 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त 660 आवासों को 15 अगस्त तक आगामी स्तर में निर्माण पूर्ण कराया जाकर जियो टेगिंग उपरांत आगामी किश्त की राशि प्रदाय करने का लक्ष्य आबंटित किया गया है। डॉ. कन्नौजे ने सभी जनपद सीईओ को जनपद स्तर पर जीपीडीपी तैयार कर अपलोड करने के निर्देश दिए जिससे 15वें वित्त की राशि जारी की जा सके। कार्यक्रम अधिकारी या तकनीकी सहायक मनरेगा को वृक्षारोपण, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिवस रोजगार देने, अमृत सरोवर तालाब, व्यक्तिमूलक कार्यो एवं आंगनबाड़ी के कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालन अभियंता ग्रामिण यांत्रिकी सेवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थिति थे।

# स्काउट गाइड की गतिविधियों को प्रभावी बनाने आपसी समन्वय से कार्य करें: डॉ. सोमनाथ यादव

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



स्काउट गाइड विश्व की सबसे बड़ी सेवाभावी संगठन है। दुनिया के 200 से अधिक देशों में इसकी सक्रिय इकाईयां है। भारत के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अत्यंत सक्रियता से कार्य कर रही है। जांजगीर चांपा जिला में भी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से संबंधित शिक्षक शिक्षिकाएं स्काउट गाइड की गतिविधियों को सर्व संबंधित अधिकारियों और जनसमुदाय के आपसी समन्वय से प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें। जिले के प्रत्येक शासकीय, अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में विधिवत रूप से कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर दलों का गठन अनिवार्य रूप से हो। उक्त निर्देश भारत स्काउट्स एवम गाइड्स जिला जांजगीर चांपा द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन,रोवर लीडर, रेंजर लीडर के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य संघ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव ने कही। भारत स्काउट्स एवम गाइड्स जिला जांजगीर चांपा के वार्षिक कार्य योजना के अनुसार 31.07.2024 को राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव के मुख्य आतिथ्य, राज्य परिषद छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार की अध्यक्षता एवम जिला शिक्षा अधिकारी एवम पदेन आयुक्त स्काउट अश्वनी कुमार भारद्वाज,जिला मुख्य आयुक्त जितेन्द्र कुमार तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जांजगीर में जिले भर के स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परा अनुसार स्काउट गाइड प्रार्थना से किया गया।जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहन लाल कौशिक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुरान प्रसाद पटेल, ए एल टी संजय कुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार सोनी, पी आर साहू ने मंचस्थ पदाधिकारियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया।इस अवसर पर उपस्थित स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर, रेंजर लीडर को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज ने कहा कि जिला संघ के प्रत्येक पदाधिकारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारियों से संपर्क कर समस्त स्कूलों में दल पंजीयन की कार्यवाही शुरू करें, शिविर लगाकर बच्चों को प्रशिक्षित करें। शालाओं में स्काउट गाइड निधि का उपयोग स्काउटिंग गाइडिंग के कार्यों में ही करें। इस अवसर पर सम्मेलन में भाग ले रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए भारत स्काउट गाइड राज्य परिषद के उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग के क्षेत्र में जांजगीर चांपा जिला का गौरवशाली इतिहास रहा है।कोरोना संक्रमण के समय, लोकसभा, विधान सभा चुनाव में इस जिला के स्काउट गाइड, रोवर रेंजर ने सेवा का उत्कृष्ट कार्य किया है।पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी स्काउट गाइड के स्वयं सेवक अच्छा कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले 15 स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन को कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को जिला मुख्य आयुक्त जितेन्द्र कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया।वार्षिक प्रतिवेदन जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहन लाल कौशिक ने प्रस्तुत किया।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ सक्ती की समीक्षा बैठक संपन्न






पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती जिले के संस्कार पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के आतिथ्य में जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. चंद्रा के अध्यक्षता में स्काउट गाइड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्कूल कसेरपारा सह जिला कमिश्नर गाइड पीली गवेल, संस्कार पब्लिक स्कूल के प्राचार्य हरेंद्र पाल सिंह चौहान, जिला क्रीड़ा अधिकारी ए एस राज तथा चार विकास खंड के विकास खंड अधिकारी श्याम लाल वारे डभरा, के पी राठौर सक्ती, विजय सिंह सिदार जैजैपुर, एम एल प्रधान मालखरौदा सहित जिला सचिव के डी गवेल, जिला सह सचिव खगेश भारद्वाज, जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामनारायण सायतोड़ा गीता सायतोड़ा, जिला संगठन आयुक्त गाइड, रंजिता राज, रेंजर लीडर जयंती खमारी, निखत करीम अनिता विकासखंड सचिव चंद्रकांता राठिया, संजीव कुमार राठिया, लंबोदर भारद्वाज, श्याम मनोहर द्विवेदी, समस्त जिला पदाधिकारी व 77 यूनिट लीडर्स उपस्थित हुए, समीक्षा बैठक के अंतर्गत विगत सत्र हुए जिले में स्काउटिंग से संबंधित कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं आगामी सत्र में होने वाले वार्षिक कार्य योजना राज्य मुख्य आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा राज्य मुख्य आयुक्त के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुसार ही जिला परिषद व विकास खंड परिषद के लिए प्रस्ताव पारित किए गए ।जिले के समस्त प्राथमिक शाला से उच्चतर माध्यमिक शाला तक प्रत्येक शनिवार को स्काउटिंग को सुचारू रूप से संचालित करने, यूनिफॉर्म की उपलब्धता अनिवार्य करने, सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड दल गठन करने, पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।सभी विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों के नेतृत्व मे 7 सदस्यीय टीम को मॉनिटरिंग एवं पंजीयन संबंधित अन्य कार्यों को पूर्ण करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म पर भारत-सरकार कृषकों के अधिकारियों का स्वागत सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



विगत दिनों मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर पर दिल्ली से भारत सरकार की सहकारी खाद समिति कृषकों के उच्च अधिकारियों एवं विशेषज्ञों का एक उच्च स्तरीय दल पधारा। यह तीन दिवसीय भ्रमण निरीक्षण का कार्यक्रम हमारे जैविक खेती के प्रयासों और टिकाऊ कृषि में हमारे नवाचारों की मान्यता का प्रतीक था। कृषको की इस उच्च स्तरीय टीम के सभी सदस्यों का व्यवहार बेहद शालीन, सहज, सरल और आदरणीय था। उन्होंने हमारे फार्म पर हो रही खेती की जमकर प्रशंसा की और कहा, पूरे भारत में कम लागत पर इतना ज्यादा फायदा खेती से लेने का ऐसा उदाहरण मिलना संभव नहीं है। विशेष रूप से, उन्होंने हमारे उस नेचुरल ग्रीनहाउस को सबसे ज्यादा पसंद किया, जो डॉ. त्रिपाठी ने केवल डेढ़ लाख में एक एकड़ में तैयार किया है। जबकि प्लास्टिक और लोहे से तैयार होने वाला परंपरागत ग्रीनहाउस का एक एकड़ का लागत 40 लाख रुपये होता है। उन्होंने समझा कि कैसे डॉ. त्रिपाठी का ग्रीनहाउस न केवल बेहद टिकाऊ है बल्कि परंपरागत ग्रीनहाउस की तुलना में बहुत अधिक लाभदायक भी है। यह जानकर सभी सदस्य हैरान रह गए कि 40 लाख रुपये वाला ग्रीनहाउस सात-आठ साल में नष्ट हो जाता है और उसकी कोई कीमत नहीं रहती, जबकि डॉ. त्रिपाठी का पेड़-पौधों से तैयार नेचुरल ग्रीनहाउस हर साल अच्छी आमदनी देने के साथ ही दस साल में लगभग तीन करोड़ की बहुमूल्य लकड़ी भी देता है।कृषकों की टीम ने हमारे कम खर्चे में संपन्न होने वाले अनूठे जैविक खेती की पद्धतियों और नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल का निरीक्षण और परीक्षण किया। उन्होंने हमारी विधियों का दस्तावेजीकरण और छायांकन भी किया, जिससे वे इन प्रभावी तरीकों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सकें।

# आजीविका ऋण लेकर करे व्यवसाय शुरू बने आर्थिक रूप से सशक्तः कलेक्टर

**मेले में लगभग 08 करोड 11 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत**

- बलौदा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जावलपुर में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जनपद स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय बलौदा के ग्राम पंचायत जावलपुर में लगाये गये आजीविका ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान आजीविका ऋण मेला को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गांव की आवश्यकता के अनुसार स्व सहायता समूह की महिलाएं आजीविका ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और धीरे-धीरे उसमें मेहनत करते हुए वित्तीय रूप से सशक्त एवं मजबूत बन सकते हैं। व्यवसाय करने से केवल घर परिवार ही नही बल्कि समाज में भी एक नई दशा और दिशा देती है इसलिए जरूरी है कि महिलाएं व्यवसाय के क्षेत्र में आगे आए। उन्होंने कहा कि व्यवसाय से रोजगार सृजन होता है और दूसरों को भी रोजगार प्रदान करता है उन्होंने कहा कि व्यवसाय से आजीविका गतिविधि शुरु करें और दूसरों को भी रोजगार दे। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जांजगीर-चांपा, उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, पीएम विश्वकर्मा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 08 करोड़ 11 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई।

# खाद्य पदार्थों के लिए अखबार व स्याही लगा कागज का उपयोग न करें, कलेक्टर ने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने खाद्य पदार्थों के लिए छपाई वाले अखबार या स्याही लगा कागज का उपयोग नहीं करने की लोगों एवं खाद्य व्यापारियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अखबार या स्याही लगा हुआ कागज का उपयोग किए जाने से खाद्य पदार्थों में स्याही का स्थानांतरण होता है, जो उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों को प्रभावित करता है। साथ ही मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों के लिए बिना स्याही लगा कोरा-कागज या दोनापत्तल का इस्तेमाल करना चाहिए। बता दें कि मंगलवार को जनदर्शन के दौरान एक आवेदक ने खाद्य पदार्थो को लाने-ले-जाने में व्यापारियों द्वारा अखबार व स्याही लगा कागज उपयोग किए जाने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल ने बताया कि अखबार को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में डाइ आइसोब्यूटाइल फटालेड डाइएन आईसोब्यूटाइलेट जैसे हानिकारक रसायन एवं कई तरह के हानिकारक रंजक होते है, जो तेल के साथ मिल जाते है और खाने के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते है, जिससे हमारे शरीर में पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता तथा प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है।

# बाईक चोरों का गिरोह पकड़ाय, आरोपियों में एक नाबालिग भी, आरोपियों से सात बाईक यूपीएस व अन्य सामान जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को सूचनातंत्र सुदृढ कर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। निर्देशों के पालन में उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर द्वारा चोरीध्नकबजनी के मामलों में माल-मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी जिसमें तमनार पुलिस को सुने मकानों में सेंधमारी और बाइक चोरी में सक्रिय गिरोह के 06 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी के 05 बाइक, एक बैटरी, एक युपीएस और आरोपियों की 02 बाइक को बरामद कर जप्त किया गया है, आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना तमनार में 03 आपराधों का खुलासा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक 29 जुलाई को थाना तमनार में बाइक चोरी की दो रिपोर्ट आयी। रिपोर्टकर्ता के अनुसार ग्राम ढोलनारा के धनीराम पटेल के किराए मकान के सामने खड़ी दो बाइक बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 8615, अपाचे क्रमांक सीजी 16 सीएम 7232 बजाज पल्सर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, चोरी की रिपोर्ट पर क्रमशः अपराध क्रमांक 200, 201 धारा 305, 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर माल मुलाजिम की पतासाजी में लिया गया। माल मुल्जिम पतासाजी के दरमियान थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा घटनास्थल से आरोपियों के भागने के संभावित मार्ग के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए।

# जिले के मुक्ता में पति-पत्नी की निर्मम हत्या, पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी पहुंचे घटनास्थल पर





पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुक्ता में 31 जुलाई को पति-पत्नी के डबल मर्डर का मामला सामने आया है, देर रात किसी अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर दंपति की निर्मम हत्या कर दी है, जिससे समूचे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान मगन गबेल (60 वर्ष) और उनकी पत्नी बुधवार बाई (55 वर्ष) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मगन गबेल और उनकी पत्नी बुधवार बाई दोनों किराना दुकान और खेती-बाड़ी करके अपना जीवन यापन करते थे। मंगलवार की रात हमेशा की तरह भोजन के बाद दोनों घर में सो रहे थे। इसी दरमियान देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके सिर और गले पर वार कर उनकी हत्या कर दी, बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने दंपत्ति की लाशें संदिग्ध अवस्था में देखीं तो उनके होश उड़ गए, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कातिल की तलाश शुरू करते हुए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है, बिलासपुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। गांव में चर्चा का विषय है कि दोनों दंपत्ति का जमीन विवाद भी चल रहा था शायद इसकी वजह से उनकी हत्या कर दी गई हो, पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। शवों पर सिर और गले पर कई गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है,शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शक्ति मनीष कंवर एवं पुलिस के अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर सभी दृष्टिकोण से घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच में लग गई है।

# लायंस स्कूल की नवगठित छात्र परिषद ने ली शपथ



पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में 31 जुलाई दिन बुधवार को दोपहर 03.00 बजे से नवगठित छात्र परिषद की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर मार्त्यापण किया। तत्पश्चात् अतिथियों का पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल अजिता वी. के. ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् क्रीड़ा शिक्षक ओ. पी. पाण्डेय ने नवगठित लायंस स्कूल के छात्र परिषद पदाधिकारियों की घोषणा की। लायंस शिक्षण समिति के सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में शपथ ग्रहण की महत्ता पर प्रकाश डाला। लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर ने नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि वे विद्यालय हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें। समारोह के मुख्य अतिथि लायन गिरधारी लाल अग्रवाल ने छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि विद्यालय एक मंदिर है और उसे मंदिर के समान ही विद्यार्थी आदर देकर अनुशासन में रहते हुए शाला के विकास में योगदान देवें। सत्र 2024-25 के लिए समीर गुप्ता हेड ब्वाय एवं लक्ष्मीरानी पटेल हेड गर्ल तथा संस्कार जसवानी डिप्टी हेड ब्वाय एवं माही जसवानी डिप्टी हेड गर्ल मनोनित किये गये है। इसके अलावा अनेक क्लब एवं चार हाउस का भी गठन किया गया। समारोह का संचालन शिक्षिका एम. वारियर एवं कृतिका देवांगन ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया।

**प्रशिक्षण प्राप्त 65 हितग्राहियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र, रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए किया गया प्रोत्साहित**

# पीएम विश्वकर्मा योजना हुनर को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर राहुल देव ने लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 65 हितग्राहियों को सिलाई मशीन में प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने हितग्राहियों को बधाई दी और रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। आप लोगों के चेहरे की खुशी बता रही है, इस प्रमाण पत्र के क्या मायने है। इस योजना से जीवन में कैसे बदलाव आ सकता है। हुनर को नई पहचान दिलाने में पीएम विश्वकर्मा योजना महत्वपूर्ण है, इससे रोजगार व स्वरोजगार के विकल्प खुलेंगे।

**हितग्राहियों को सुगम तरीके से ऋण दिलाने के दिए निर्देश**-कलेक्टर ने प्रशिक्षण में महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं है, जो अपने घरेलू कामकाज और व्यस्ततम समय के बीच प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं, यह महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने उद्योग विभाग के अधिकारी को प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार सुगम तरीके से ऋण स्वीकृत कराने की बात कही। डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने कहा कि यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को स्वयं का व्यवसाय अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने प्रोत्साहित किया। इस दौरान आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एल. पी. पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण के दौरान स्टायफंड का भी है प्रावधान**-जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सी. डी. प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दी जाती है। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500 रूपए की स्टायफंड राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा सरकार 15 हजार रुपए के विभिन्न प्रकार के टूल किट प्रदान किया जाता है। हितग्राहियों को पहले चरण में 01 लाख रूपए (18 महीने के पुर्नभुगतान के लिए) तथा दूसरे चरण में 02 लाख रूपए 05 प्रतिशत की ब्याज दर पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कक्ष क्रमांक 215 से सम्पर्क कर सकते हैं।

**योजना के तहत 18 प्रकार के पारम्परिक व्यवसाय में दिया जाता है प्रशिक्षण**-लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी निखत कुरैशी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारम्परिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकार एवं कारीगर राशनकार्ड, मोबाईल नम्बर, बैंक पासबुक, आधारकार्ड के साथ अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर या ग्राहक सेवा केन्द्र से आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। योजना में 18 प्रकार के पारम्परिक व्यवसाय कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, ताला बनाने वाले, हथौड़ा टूलकीट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार(मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, डलिया बनाने वाले, पारम्परिक गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकर, धोबी एवं मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि को सम्मिलित किया गया है। हितग्राही कुलेश्वरी साहू और ललिता जायसवाल ने बताया कि प्रशिक्षण में बहुत से जानकारी प्राप्त हुई है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग**

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

ज्ञाप क्रमांक-6543/व.ले.लि./लेखा खण्ड/2024-25 दुर्ग, दिनांक 31/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 14/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 16/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 22/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 23/08/2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 3 T0004 | कलेक्ट्रेट बंगला में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (अतिरिक्त कार्य) (द्वितीय आमंत्रण) | 14.15 |

General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोटः-
1. "It is mandatory for the "B", "C" & "D" Class bidders, to submit (Annexure3, Annexure-"2"
2. It is Mandatory for the "A" Class bidder, to Submit affidavit (Annexure3, Appendix 1, Annexure 1,2.
3. अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G-242501543/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

# बालको वेदांता एल्यूमिनियम ने भारतीय मानक ब्यूरो से प्राप्त किया सातवां प्रमाणन

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में बनने वाली 12एमएम वायर रॉड अब भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणित है। इसने 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों के लिए पुनःप्रमाणन भी प्राप्त किया है। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने घोषणा की है कि बालको कोरबा, छत्तीसगढ़ में बनने वाली 12 एमएम वायर रॉड को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित किया गया है। इस नई प्रमाणित 12 एमएम एल्यूमिनियम वायर रॉड के कई विविध उपयोग हैं। मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल व पावर ट्रांस्मिशन में इसका इस्तेमाल किया जाता है। हल्का एवं टिकाऊ होने के साथ रॉड की विद्युत चालकता बेहतर होती है।

वेदांता एल्यूमिनियम भारत एल्यूमिनियम उद्योग की पहली कंपनी है जिसने अपने अनेक एल्यूमिनियम उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन हासिल किए हैं। यह नया प्रमाणन बेमिसाल उत्पाद क्वालिटी एवं एल्यूमिनियम उद्योग में निरंतर नवाचार हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। 12 एमएम वायर रॉड के नए बीआईएस प्रमाणन के साथ ही ब्यूरो ने कंपनी की 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों का पुनःप्रमाणन भी किया है। ईसी इनगॉट, अलॉय इनगॉट, प्राइमरी इनगॉट, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट व रोल्ड प्लेट सामान्य इंजीनियरिंग उद्देश्यों के लिए ये सभी कंपनी की बालको इकाई में बनाए जाते हैं। इन प्रमाणनों के साथ वेदांता की बालको यूनिट के पास अब 7 बीआईएस प्रमाणन हो गए हैं जो कुल 17 उत्पादों पर लागू है इससे कंपनी को एल्यूमिनियम बाजार में बहुत फायदा मिलेगा।



गुणवत्ता उत्कृष्टता पर वेदांता एल्यूमिनियम के फोकस के बारे में कंपनी के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम में हम निरंतर ऐसे उत्कृष्टत एल्यूमिनियम उत्पाद प्रस्तुत करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं जो उच्चतम मापदंडों को पूरा कर सकें। ये बीआईएस प्रमाणन हमारे बेहतर क्वालिटी कंट्रोल और उन्नत उत्पादन तकनीकों को दर्शाते हैं। इन्हीं उत्पादों के बल पर हम विविध उद्योगों एवं वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं दे पाएंगे। हमारे पास ऐसे उत्पादों की विविधतापूर्ण रेंज है जिन्हें उद्योग के मानकों से भी आगे बढ़ जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित इमारतें, हाईटैक मैन्युफैक्चरिंग एवं सस्टेनेबल पैकेजिंग में अपरिमित अनुप्रयोगों के साथ एल्यूमिनियम लो-कार्बन धातु होने की वजह से भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय मानक ब्यूरो देश के उद्योगों के लिए गुणवत्ता मानकों को परिभाषित करने वाली शीर्ष संस्था है। यह ब्यूरो कड़े मूल्यांकन पद्धतियों पर अमल करने के बाद बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क जारी करता है। मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों पर क्वालिटी की पहचान के तौर पर यह प्रतिष्ठित मोहर लगाई जाती है। ये प्रमाणन फिर दोहराते हैं कि वेदांता एल्यूमिनियम अपने उत्पादों को गुणवत्ता युक्त और विश्वसनीय बनाने के अपने वादे को निरंतर पूरा कर रही है।

वेदांता के एल्यूमिनियम उत्पाद लंदन मेटल ऐक्सचेंज में पंजीकृत हैं जो अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों की निर्विवाद होने की पुष्टि करता है। कंपनी सक्रियता से बीआईएस प्रमाणन हासिल करने को प्रयासरत है ताकि भारतीय ग्राहकों में भरोसा जागे कि जो एल्यूमिनियम वे खरीद रहे हैं वह देश के सर्वोच्च गुणवत्ता मानक प्राधिकरण से प्रमाणित है। इसे हासिल करने के लिए वेदांता एल्यूमिनियम मेटल मैन्युफैक्चरिंग में दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों को अमल में लाती है, परिष्कृत प्रक्रियाओं का उपयोग, गहन अनुसंधान एवं विकास तथा उभरती तकनीकी स्टार्टअप व दुनिया भर के विशेषज्ञों के साथ काम करती है। यही कारण है कि आज यह कंपनी लगभग 60 देशों अपने ग्राहकों की पसंदीदा आपूर्तिकर्ता है।

वेदांता एल्यूमिनियम एल्यूमिनियम उत्पादों की सबसे विस्तृत रेंज का विनिर्माण करने वाली कंपनियों में से एक है। वेदांता एल्यूमिनियम के उत्पाद जैसे रिस्टोरा-लो कार्बन एल्यूमिनियम, बिलेट, वायर रॉड, अलॉय इनगॉट व कास्ट बार, एआईएसआई टी-इनगॉट, स्लैब व रोल्ड प्रोडक्ट विभिन्न उद्योगों में काम आते हैं जिनमें एयरोस्पेस से लेकर ऑटोमोबाइल, बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिफिकेशन, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग, कंज्यूमर गुड्स आदि शामिल हैं।

## विश्व फेफड़े के कैंसर दिवस 2024: इतिहास और महत्व

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दुनियाभर में हर साल 1 अगस्त को वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे के रूप में मनाया जाता है। यह खास दिन लोगों के बीच इस जानलेवा बीमारी के बारें में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। फेफड़ों का कैंसर दुनिया में सबसे आम कैंसरों में से एक है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, साल 2020 में फेफ्ड़ों के कैंसर से लगभग 1.8 मिलियन लोगों की मौत हुई थी।

### 'वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे' का इतिहास

बता दें, पहली बार लंग्स कैंसर को लेकर साल 2012 में फोरम ऑफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज ने इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग्स कैंसर और अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन की सहायता से यह कार्यक्रम आयोजित किया था। दुनिया भर में कैंसर के कारणों, लक्षणों, रोकथाम और निदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 'वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे' मनाया जाता है। यह खास दिन लोगों से इस



जानलेवा रोग के शीघ्र निदान और उपचार के लिए अपनी जांच समय से करवाने का भी आग्रह करता है।

'वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे' की थीम- वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे 2024 की थीम है की हम एक साथ मजबूत हो कर फेफड़ों के कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए एकजुट हों। लंग्स कैंसर के कारण- फेफड़ों में कैंसर होने के सबसे बड़े कारणों में धूम्रपान, नशीले पदार्थों का सेवन, प्रदूषण वाली हवा, तापमान का उतार-चढाव, सांस संबंधित बीमारी, जेनेटिक कारण हो सकते हैं। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में उपस्थित कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. देवव्रत हिशीकर इस क्षेत्र में अनुभवी है। उन्होंने रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में एमडी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी में डी.आर.एन.बी. की डिग्री हासिल की है।

## इन्दिरा आईवीएफ रायपुर की सुचारू रूप से कार्यसेवाएं शुरू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को माननीय हाईकोर्ट छत्तीससगढ़ से अंतरिम रोक दिये जाने के बाद इसका पूर्ण संचालन शुरू हो गया है। अब इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल रायपुर निःसंतानता उपचार की समस्त आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू हो गया है। हॉस्पिटल सभी रोगियों के देखभाल के लिए उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए रियायती दरों में सुगम आईवीएफ उपचार और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर हमेशा से ही अनुभवी विशेषज्ञों और अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बेहतर प्रजनन उपचार प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। हाल ही में माननीय हाईकोर्ट ने इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को अंतरिम में अपनी फर्टिलिटी सेवाओं को फिर से शुरू करने के आदेश दिये हैं, जिससे माता-पिता बनने की इच्छा रखने वाले दम्पतियों को उपचार एवं सहयोग करना जारी रख सकते हैं। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर में, हम प्रजनन उपचार से जुड़ी भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों को समझते हैं। निःसंतानता उपचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है और प्रत्येक रोगी को उनकी समस्या व जरूरत के अनुरूप व्यक्तिगत उपचार योजनाएँ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। सफलता के प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, हॉस्पिटल निसंतानता से प्रभावित दम्पतियों का उन्नत तकनीकों से उपचार का एक विश्वसनीय केंद्र बना हुआ है। इन्दिरा आईवीएफ देशभर में 140 से अधिक केंद्रों के साथ भारत का सबसे बड़ी निःसंतानता उपचार हॉस्पिटल्स का नेटवर्क है, जहां 3100 से अधिक कुशल लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप द्वारा एक वर्ष में लगभग 45,000 से अधिक आईवीएफ प्रक्रियाएं की जाती हैं जो देश में सर्वाधिक हैं। एक जिम्मेदार लीडर के रूप में इन्दिरा आईवीएफ द्वारा निःसंतानता के बारे में मिथकों और गलत सूचनाओं को दूर करने का लगातार प्रयास किया जाता है। इन्दिरा आईवीएफ फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के लिए प्रतिभा को विकसित करने और निखारने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इन्दिरा फर्टिलिटी एकेडमी के माध्यम से इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले संगठनों और संस्थानों के साथ सहयोग करता है।

## क्रेशर संचालक द्वारा किसानों की जमीन पर किया जा रहा कब्जा

### केशर संचालक के खिलाफ ग्राम पंचायत कोट (क) के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


पायनियर संवाददाता < कसडोल
www.dailypioneer.com

विकासखंड मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत कोट(क) के ग्रामीणों ने कलेक्टर बलौदाबाजार से लिखित आवेदन दे कर बताया, कि उनके गांव कोट में कसडोल निवासी रमेश साहू द्वारा अनैतिक तरीके से जमीन खरीदी करते हुए साथ ही आस पास के भोले भाले आदिवासी भाईयो के जमीन को आर्थिक लाभ पहुंचाने संबंधित लालच देकर उनसे सहमति पत्रक तैयार कर उनके भी जमीन को अपने द्वारा स्थापित क्रेशर प्लांट के लिए चुना पत्थर की आपूर्ति के लिए उपयोग करते हुए चुना पत्थर खनन



के नाम पर जमीनों को बेतहासा शासन के विरुद्ध नियमों को ताक में रखते हुए सीमा से अधिक खोदा जा रहा है । ग्रामीणों के बताये अनुसार उनका कहना है, कि समीपस्थ आशु स्टोन क्रशर द्वारा संचालित खान जो शासन के नियमानुसार सीमा से अधिक खुदाई किये जाने से समीपस्थ ग्रामीणों की खेतिहर जमीनों पर पानी नहीं ठहरने एवं क्रेशर से निकलने वाले धूल की परत जम जाने से खेत बंजर हो रही है जहां फसल की पैदावार नहीं हो पा रही है ,जिसकी शिकायत तहसीलदार कसडोल को भी पूर्व में शिकायत की जा चुकी है पर तहसीलदार कसडोल द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में उक्त खनन क्षेत्र और ग्राम की दूरी 1.5किलोमीटर दर्शाया गया था, जबकि ग्राम से खनन क्षेत्र लगा हुआ है जिसमें आप दूरी की अंतर माप नहीं सकते। इस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम के अंतिम क्षेत्र पर कुछ जमीनों की खरीदी कर कसडोल नगर निवासी रमेश साहू द्वारा पूर्ववर्ती सरपंच एवं सचिव को लोभ दिखा कर क्रेशर प्लांट एवं चुना पत्थर खनन हेतु खदान स्वीकृत कराकर इतने वर्षो से अनवरत विश्व को अन्न आपूर्ति करने वाले किसानों के खेतों को बंजर कर अपनी जेबें भर रहे हैं,ऐसे क्रेशर प्लांट एवं उसे चुना पत्थर आपूर्ति हेतु उक्त चुना पत्थर खान की लीज समाप्त किये जाने की मांग शिकायतकर्ताओं द्वारा कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा से की गई है। ज़िला कलेक्टर से क्रेशर प्लांट एवं चुना पत्थर आपूर्ति करने वाले खान की लीज समाप्त किये जाने संबंधित आवेदन सौपने वालों में मुख्य रूप से ग्राम कोट से अजय मिश्रा,रामकुमार साहू, किर्तन पटेल, कैलाशा बाई, जुगरी बाई, राहीन बाई, संतोषी बाई, द्रोपती बाई, हीराबाई, अगहन बाई, सावन बाई सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया motorola edge 50




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने motorola edge 50 को भारत में लॉन्च किया है। सही मायने में यह ज़िंदगी में नई उमंग जगाने वाला स्मार्टफोन है, जो आर्ट के मामले में सबसे आगे है और इसे क्रिएटिविटी को बड़ी आसानी से जाहिर करने के लिए बनाया गया है। मोटोरोला के प्रीमियम द्गस्त्रद्दद्ग सीरीज़ में शामिल किए गए सबसे नए स्मार्टफोन के रूप में, motorola edge 50 में स्ङ्क्षरु 810H मिलिट्री ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और IP8 अंडरवॉटर प्रोटेक्शन जैसे कई बेमिसाल फीचर्स मौजूद हैं, और इसी वजह से यह IP 8 MIL-810H मिलिट्री ग्रेड सर्टिफाइड सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है। इसमें सोनी सेंसर LYTIA 700ष्ट के साथ इस सेगमेंट का सबसे शानदार motoAI पावर्ड कैमरा लगाया गया है, साथ ही इसमें 6.7 1.zK Super HD+, HDR 10+ pOLED कर्व्ड डिस्प्ले के अलावा ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स भी मौजूद हैं। द्वश्रह्लश्रह्म्श्चद्यड्ड द्गस्त्रद्दद्ग 50 को बेहतरीन तालमेल के साथ बड़ी समझदारी से तैयार किए गए डिज़ाइन के साथ पेश किया गया है।

## पॉवर कंपनी से मुख्य अभियंता अविनाश सोनेकर की विदाई



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (ईएचटी) अविनाश सोनेकर की 37 वर्ष की सेवा अवधि उपरान्त कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में मानव संसाधन (सीएसपीटीसीएल) द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में एमडी ट्रांसमिशन राजेश शुक्ला, एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर ने उन्हें कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र, शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अविनाश सोनेकर ने सेवाकाल मे अधिकारियों से मिले सहयोग व टीमवर्क को अपनी सफ्लता का मूलमंत्र बताया। सोनेकर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञ रहे हैं। वर्ष 2010 में पॉवर कंपनी द्वारा बिजली चोरी के प्रकरणों में कमी लाने के लिए उन्हें तात्कालिन अध्यक्ष पी.जॉय.ओम्मेन द्वारा पुरस्कृत किया गया। सोनेकर ने अपने कार्यकाल में सर्वाधिक राजस्व वसूली, उपभोक्ता सेवा, विद्युत अधोसंरचना एवं विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही प्रदेश स्तर में ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता विनोद गोवर्धन, अनुभाग अधिकारी बिलासपुर भूषणलाल वर्मा, अनुभाग अधिकारी रायपुर आरिफ अली, मानचित्रकार (सिविल) भूपेंद्र कुमार टांग एवं लाईन सहायक श्रेणी एक रघुवीर ध्रुव को भी भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंतागण एवं कार्यालयीन स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## कोलंबिया फार्मेसी के तीन विद्यार्थी जी पैट 2024 में क्वालिफाइड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों नेशनल बोर्ड ऑफ एक्सामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट 2024 में कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीटुएशन्स द्वारा संचालित फार्मेसी संकाय के तीन विद्यार्थियों योगेंद्र कुमार, अजय कुर्रे एवं आशीष एक्का ने सफलता का परचम लहराते हुए इस परीक्षा को क्वालीफाई किया। नतीजों के अनुसार योगेंद्र कुमार ने 94.52, अजय कुर्रे ने 81.093 एवं आशीष एक्का ने 55.99 परसेंटाइल अंक प्राप्त किये है। फार्मेसी स्नातकों के लिए ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, इस परीक्षा के द्वारा बी फार्मेसी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् विद्यार्थी मास्टर ऑफ फार्मेसी की परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र रहता है, इसके अलावा ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट क्वालिफाइड स्टूडेंट्स आई आई टी के समतुल्य नाइपर में भी प्रवेश के लिए पात्र रहता है। अध्यक्ष किशोर जादवानी एवं सचिव हरजीत सिंह हुरा ने



कहा कि संस्थान हमेशा अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा और सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इन विद्यार्थियों की सफलता हमारे प्रोत्साहन और उच्च गुणवत्ता की शिक्षा का परिणाम है। हम अपने विद्यार्थियों को हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे, ताकि वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें और फार्मेसी क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। विद्यार्थियों कि इस उपलब्धि पर फार्मेसी संकाय के समस्त फैकल्टी मेंबर्स एवं मित्रगण गौरवान्वित है। संस्थान प्रबंधन ने इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाइयाँ प्रेषित की है।

## वॉल्वो सीई ने नया 'बिल्ट फॉर भारत' ईसी 210 हाईड्रॉलिक एक्सकेवेटर पेश किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

वॉल्वो कंस्ट्रक्शन ईक्विपमेंट (वॉल्वो सीई इंडिया) ने बिल्ट फॉर भारत 20-टन एक्सकेवेटर, नया ईसी 210 पेश किया। यह एक्सकेवेटर बढ़ते हुए भारतीय सीई (कंस्ट्रक्शन ईक्विपमेंट) बाजार में इनोवेटिव और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जो देश में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाईन किए गए हों। ईसी210 एक्सकेवेटर में अनेक विशेषताओं के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और शानदार फ्यूल एफिशियंसी भी मिलती है। इस नए एक्सकेवेटर का अनावरण अनिरबन बनर्जी, हेड, अपटाईम एवं पार्ट्स, वॉल्वो सीई इंडिया ने पश्चिमी क्षेत्र के अन्य नेतृत्वकर्ताओं की मौजूदगी में किया। ईसी210 के लॉन्च के साथ वॉल्वो सीई ने नया ब्रांड कैम्पेन, करो ज्यादा की उम्मीद भी पेश किया। इस कैम्पेन में मुख्य फिल्म के माध्यम से ज्यादा की इच्छा रखने, उत्कृष्टता की कोशिश करते रहने और सीमाओं को आगे बढ़ाते रहने की मानवीय मानसिकता को दिखाया गया है।

## न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी दर्ज की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री, आय और लाभ में बढ़ोतरी घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के अनऑडिटेड विस्तृत वित्तीय नतीजों को जारी किया है। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा 4.8 एमएमटी रही। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय 2,636 करोड़ रुपये रही। पहली तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटिडा 348 करोड़ रुपये रहा। कंपनी पूरी तरह से प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिनका ट्रेड वॉल्यूम में हिस्सा वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 40% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों की विद्युत की समस्या हुई दूर

**गरियाबंद।** ठिरलीगुड़ा के ग्रामीणों की विद्युत की समस्या अब दूर हो गई है। गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। जिससे गांव में विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि बिजली ट्रांसफार्मर के ख़राब होने से ग्रामीणों को बिजली की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के संज्ञान में शिकायत आने पर उन्होंने गांव में विद्युत की समस्या का त्वरित निराकरण के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पश्चात विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिजली समस्याओं का जांच परीक्षण करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। बिजली चालू हो जाने से अब ग्रामीणों को अंधेरे में नही रहना पड़ेगा।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/निविदा/क्रय/2024-25/1753 जगदलपुर दिनांक 30/07/2024

**// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जगदलपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से चिकित्सालय में उपयुक्त होने वाले विद्युत सामग्री एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु कार्यालय द्वारा मुहरबंद तृतीय खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र प्राप्ति के लिए आवश्यक शर्तों के साथ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक रूपये 2000/- रूपये (दो हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का नगद भुगतान कर जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय या जिले की विभागीय वेबसाईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय तिथिः- 01 अगस्त 2024 (कार्यालयीन समय में)
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथिः- 07 अगस्त 2024 (दोपहर 1:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः- 07 अगस्त 2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथिः- 07 अगस्त 2024 शाम 04:00 बजे

**(निविदा शर्तो का सही व पूर्णतः अध्ययन कर ही निविदा मे भाग ले)**

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय जगदलपुर

G-242501488/3

**न्यायालय उप तहसील पटेवा जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

प्रकरण क्रमांक ब-121/2023-24
ग्राम चिटको प.ह.न. 10
रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी चिटको को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जगजीवन पिता सोनसाय जाति सतनामी निवासी ग्राम चिटको प.ह.नं. 19 ने ग्राम चिटको प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा अपने पिता श्री जगजीवन का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हलफनामा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदक के पिता का मृत्यु दिनांक 05/01/1997 को होना दर्शाया गया है तथा आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो वह पेशी दिनांक 30/07/2024 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधी पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पटेवा, जिला-महासमुंद

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.............ब-121-2024
क्रमांक/132/वाचक/तह.2024 लालपुर थाना दिनांक 02/07/2024

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम छिरपुट्टी को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार पति/पिता श्री हीरादास जाति सत. साकिन छिरपुट्टी तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पत्नि चम्पाबाई आ. श्री विमलकुमार के जन्म दिनांक 30/04/1965 ग्राम छिरपुट्टी को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 08/08/2024 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर
तहसीलदार
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लालपुर, थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.............ब-121 वर्ष 2023-2024
ग्राम तिल्दा प.ह.नं. 24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री महेश यादव पिता छेदीलाल जाति राऊत ग्राम.......... प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. मरदा तहसील-लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन-पत्र में लेख किया जाता है, पुत्र/पुत्री/माता/पिता महेश यादव का जन्म दिनाँक 12.01.1972 को ग्राम तिल्दा में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्ट्रार में पंजीयन कर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र स्टाम्प के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो पेशी दिनाँक 06.08.2022 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय को पद मुद्रा शील, मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लवन

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ 2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्री देवशंकर पिता दुलारी, 2. श्री खुमान पिता दुलारी, जाति मरार, निवासी बोल्दाखुर्द, तहसील बोडला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा संयुक्त नाम की भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम गोदा, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. बोडला, तहसील बोडला स्थित भूमि ख.नं. 324/3 रकबा 0.465 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (गुड़ उद्योग) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 05.08.2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 01.08.2024**
**पेशी दिनांक - 05.08.2024**

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 20240821020001/अ-2/2023-24
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तह. बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनश्याम साहू पिता भरतलाल साहू निवासी बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 782/13 रकबा 0.0110 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.0110 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 16/08/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पुल, पुलिस कैंप ही कट गया सड़क संपर्क से

## पुलिस जवानों के सुरक्षा घेरे में साल भर पहले बनी थी सड़क-पुलिया, पहाड़ में कई जगह बारिश से सड़क उखड़ गई, नाली नहीं बनाया



पायनियर संवाददाता ◄ मोहला/मानपुर
www.dailypioneer.com

पखवाड़े भर से लगातार बारिश के बीच आदिवासी बाहुल्य नक्सल प्रभावित मानपुर ब्लॉक में आवागमन को लेकर त्रासदी पूर्ण हालात निर्मित हो गए हैं। मानपुर ब्लॉक मुख्यालय से दूर पहाड़ पर बसे बुकमरका गांव को जोड़ने वाले कोराचा-बुकमरका सड़क का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। यह निर्माण पहली ही बारिश नहीं झेल सका। क्षेत्र में नक्सल चुनौतियों के बीच यह मार्ग सुरक्षाबल के विशेष सुरक्षा घेरे के बीच बनाया गया था।

ग्राम गट्टेगहन व संबलपुर के बीच नदी में पीएमजीएसवाय के तहत बने पुल के ढह जाने से मानपुर ब्लॉक अंतर्गत महाराष्ट्र सीमावर्ती धुर नक्सल प्रभावित तीन गांवों संबलपुर, बुकमरका व सुढ़ियाल से सड़क संपर्क टूट गया है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से महाराष्ट्र सीमा पर मौजूद छत्तीसगढ़ पुलिस कैंप से भी आवागमन प्रभावित हो गया है। पखवाड़े भर से मानपुर इलाके में छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला नेशनल हाइवे 930 अवरुद्ध है। भारी बारिश के बीच यहां निर्माणाधीन पुल-पुलियों की एप्रोच रोड बह जाने से यह हालात बने हैं। इन परिस्थितियों में प्रशासन ने मार्ग डायवर्ट कर आवागमन की व्यवस्था बनाई है। इस बीच ग्राम गट्टेगहन व संबलपुर के बीच पुल के ध्वस्त हो जाने से एक नई समस्या खड़ी हो गई।



### मार्ग की स्थिति बदतर

बताया जा रहा है कि, इस मार्ग में और कई पुल टूट कर बहने की कगार पर हैं। यही नहीं सड़क से डामर की परतें उखड़ रही हैं। इस पूरे मामले में गुणवत्ता विहीन निर्माण को लेकर नक्सल प्रभावित इलाके में सड़क के नाम पर भ्रष्टाचार सामने आया है। यहां सड़क के किनारे नाली का निर्माण भी प्रस्तावित था जो कि नहीं किया गया है। जानकारी है कि, ग्रामीण कई बार गुणवत्ता विहीन निर्माण की शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन इस पर पीएमजीएसवाय के अधिकारियों ने कभी कोई सुध नहीं ली। निर्माण ठेकेदार की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है।

### जान-जोखिम में डालकर आवाजाही

नक्सल प्रभावित इलाके के संबलपुर, बुकमरका व सुढ़ियाल तक का पहुंच मार्ग पुल ढह जाने की वजह से अवरुद्ध हुआ है। क्षतिग्रस्त पुल का एक हिस्सा ही बचा हुआ है जिसमें जान जोखिम में डालकर लोग आवाजाही कर रहे हैं। जबकि बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। पुल के पूरे हिस्सों में बड़ी बड़ी दरारें उभर आई हैं। बचा हिस्सा किसी भी समय पूरी तरह ढह जाने की आशंका बनी हुई है। तकरीबन साल भर पहले बने पुल के टूट जाने से महाराष्ट्र से भी आवाजाही बंद हो गई है। सड़क मार्ग से जुड़े महाराष्ट्र सीमावर्ती कोराचा ग्राम पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव टापू बन गए हैं।

### शिकायत पर विधायक ने की थी विवादित टिप्पणी

क्षेत्रीय विधायक से इस सड़क में गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर की गई शिकायतों को लेकर मीडिया के सामने विवादित टिप्पणी कर दी थी जिसे लेकर भारी विवाद हुआ था। सड़क पुल का मामला उठाने व ग्रामीणों की फरियाद पर यदि विधायक ने गुणवत्ता को सुधरवाने व जिम्मेदारों पर कार्यवाही कराने में गंभीरता दिखाई होती तो शायद ये पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर आज टूटता नहीं। अब देखना है कि सत्ता पक्ष की भूमिका में भाजपा इस पर क्या करती है।

# 75 डेंजर स्पॉट जहां आवारा मवेशियों से खतरा, दुर्घटना रोकने बन रही योजना

■ कलेक्टर ने सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क पर घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़कों पर घुमंतू पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में 75 स्थानों का चिन्हांकन किया गया हैं, जहां मवेशी बैठते है और जिसके कारण दुर्घटना होनी की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जिले से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है। राष्ट्रीय राजमार्ग में मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जिसमें पशुओं के साथ जनहानि भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले गांवों सहित पूरे जिले में पशुओं के लिए सुरक्षित समुचित व्यवस्था करना होगा, जिससे मवेशी सड़क पर ना आए। इस कार्य को सभी को जिम्मेदारीपूर्वक करना होगा। मवेशियों को सड़क से हटाकर कांजीहाऊस में रखने कहा। पशुओं का चिन्हांकित होने पर पशु मालिकों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने कहा और उन्हें खुले में पशुओं से होनी वाली जनहानि एवं पशु हानि के संबंध में समझाईश देने कहा। जिससे वे खुले में पशुओं को नहीं छोड़े। उन्होंने कहा कि जिन पशुओं के मालिकों का चिन्हांकन नहीं होता है, उसे निलाम कर सकते हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने सरपंच एवं सचिवों को मवेशियों के लिए अपने-अपने स्तर पर गांव में उचित व्यवस्था करने कहा, जिससे पशु सड़क पर नहीं बैठे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधि को गांव में बने कांजीहाउस में मवेशियों को छोडने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के सभी कांजी हाउस में रखे मवेशियों की नियमित जांच कराने के लिए रोस्टर में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश पशु चिकित्या विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार भी साझा किए।

# चलित खाद्य प्रयोगशाला की टीम ने किराना एवं मिठाई दुकानों से लिया सेम्पल

■ एक्सपायरी खाद्य पदार्थों का मौके पर किया गया नष्टीकरण

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खैरागढ़ शहर के राजीव चौक-गोल बाजार स्थित विभिन्न किराना एवं मिठाई दुकानों का चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से परीक्षण किया गया। जिसमें गुरु नानक किराना, मूलचंद किराना, बिकानेर स्वीट्स



शामिल है। इस दौरान निहाल डेली निड्स से पनीर व सोनपापड़ी का लीगल नमूना लेकर गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। वही जनता रेस्टोरेंट, मनोहर होटल,ल व गुजराती होटल से तेल का मौके पर परीक्षण किया गया। साथ ही सम्बंधित प्रतिष्ठानों से बरामद एक्सपायरी खाद्य पदार्थ आटा 5 किलोग्राम 2 नग, 4 नग बिस्किट, 18 नग गुलाब जामुन, ब्राउन राइस 4 किलो, डालडा 5 नग का नष्टीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंगेश्वरी कचलाम, नमूना सहायक भूषण सिंह, लैब टेक्निशियन लक्ष्मीकांत साहू एवं भरत साहू शामिल रहें।

### आयोध्या जाएंगे जिले के 91 श्रद्धालु

**राजनांदगांव।** रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजना अंतर्गत 55 वर्ष से 75 वर्ष आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को 22 से 25 अगस्त 2024 तक रामलला दर्शन कराया जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए यात्रियों का कोटा 91 निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्रों से 75 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्रों से 25 प्रतिशत यात्रियों को रामलला दर्शन कराया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव एवं जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पालिका व नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रामलला दर्शन के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों की सूची समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव को 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया से 17-17 एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 10 तथा नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 एवं नगर पालिका डोंगरगांव व छुरिया से 4-4 यात्रियों को रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) के लिए भेजा जाएगा।

# फोरलेन की जांच के नाम पर खानापूर्ति कर गए अफसर मोबाईल टेस्टिंग लैब के दिखावा, अफसरों का फोटो सेशन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में निर्माणाधीन फोरलेन के स्तरहीन निर्माण से बने गड्ढे व जलजमाव से जारी लगातार हादसों को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारी गुरूवार को डोंगरगांव नगर पहुंचे थे। इस दौरान वे मीडिया से बचते रहे। वहीं जांच के लिए आई मोबाईल टेस्टिंग लैब निर्माणाधीन सडक़ के चक्कर लगाकर बगैर किसी जांच के लौट गई। हालांकि अफसरों द्वारा इस दौरान विभिन्न स्पाटों पर अलग अलग एंगल से फोटो सेशन कर जांच की औपचारिकता निभाई गई है। उल्लेखनीय है कि फोरलेन को लेकर समाचार पत्रों में वर्षभर से जारी खबर प्रकाशन के बाद बीते दिनों प्रदेश में सत्तापक्ष भाजपा के वरिष्ठनेता ने

### फोरलेन में मौत व शिकायत के बाद पहुंचे अफसर



नागरिकों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त शिकायत पत्र में फोरलेन निर्माण कार्य में प्रारंभ से लेकर जारी लगातार हादसों में मृतकों व घायलों का जिक्र करते हुए गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उक्त शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा तकनीकी व प्रशासनिक जांच के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया है। हालांकि जांच में पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी स्थानीय मीडियाकर्मी व आमजनों से बचते नजर आये। अधिकारियों ने बारिश का हवाला देते हुए तथा कार्य अपूर्ण होने की बात कहते हुए अप्रत्यक्ष तौर पर ठेकेदार का बचाव करते नजर आये। विदित हो कि उक्त निर्माण कार्य के कार्य पूर्णता की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है। परन्तु, पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेकेदार पर कार्यवाही करने के बजाय समय सीमा बढ़ा देने की अपुष्ट खबर है।

### सत्तापक्ष ने की है गंभीर शिकायत

नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले स्टेट कारिडोर के 3.60 किमी में फोरलेन सडक़, डिवाइडर, ड्रेनेज सिस्टम तथा विद्युतीकरण के लिए शासन से लगभग साढ़े पन्द्रह करोड़ स्वीकृत हुए हैं। उक्त कार्य लेखराम साहू फर्म को दिया गया है। इस कार्य के प्रारंभ से ही गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। डब्ल्यूएमएम, डिवाइडर के क्रांकीटीकरण से लेकर एक माह की बीटी में बन रहे जानलेवा गड्ढों सहित लगातार हादसे ज्वलंत विषय बने हुए हैं। इसे लेकर सत्तापक्ष के नेता ने बीते दिनों कलेक्टर को शिकायती पत्र दिया था।

### शिकायतकर्ता को नहीं लगी भनक

गुरूवार को निर्माणाधीन फोरलेन तथा ड्रेनेज सिस्टम की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता बीएस बघेल, अधीक्षण अभियंता एचआर ध्रुव तथा कार्यपालन अभियंता एके चौहान पहुंचे थे। इस दौरान एसडीओ हर्षद साहू व उप अभियंता कौशल जत्ती मौजूद थे। हालांकि इसकी भनक शिकायतकर्ताओं को भी नही लगने दी गई। जबकि शिकायत में खुली जांच की मांग की गई थी। विभाग के अफसर उक्त सडक़ में कोई भी जांच किये बगैर मोबाईल टेस्टिंग लेब वैन को लेकर बैरंग लौट गए। इस दरम्यान जांच के नाम जमकर फोटो सेशन हुए।

# गोटाटोला से 51 नग अवैध गैस सिलेंडर जप्त, खाद्य विभाग की कड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में खाद्य विभाग द्वारा गैस सिलेण्डरों के अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई किया जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार गतदिवस खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके के मार्गदर्शन में ग्राम गोटाटोला में आयुष शर्मा के किराना दुकान का निरीक्षण किया। जांच करने पर दुकान परिसर में अवैध रूप से एचपी कंपनी का 51 नग भरा हुआ घरेलु गैस सिलेन्डर (14.2 कि.ग्रा.), 01-01 नग भारत गैस एवं एच.पी. कंपनी का खाली सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) एवं 01



नग एच.पी. कंपनी का खाली गैस सिलेण्डर (5.00 कि.ग्रा.) पाया गया। जिसके संबंध में लायसेंस एवं आवश्यक दस्तावेज नही होने पर सभी गैस सिलेण्डर जप्त किया गया। यह कार्रवाई सहायक खाद्य अधिकारी संजय कुमार कौशिक एवं खाद्य निरीक्षक हेमंत नायक द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत किया गया।

### टैक्सी ड्राईवर कोर्स प्रशिक्षण हेतु 10 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (पेण्ड्री) राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय व सेक्टर ऑटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 10 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण अंतर्गत टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

# निगम प्रशासन के लिखित आश्वासन पर पार्षदों ने तोड़ा अनशन

■ इंदिरा नगर के पीछे संकरे नाले से अतिक्रमण हटाने लिखित आश्वासन दिया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

इंदिरा नगर के पीछे मौजूद नाला पर अतिक्रमण के खिलाफ वार्ड नं. 41 व 43 के पार्षद चंपू गुप्ता व ऋषि शास्त्री ने वार्डवासियों के साथ बुधवार की सुबह आमरण अनशन शुरु किया। उन्हें समर्थन देने अन्य कांग्रेसी पार्षद भी महावीर चौक स्थित अनशन स्थल पहुंचे। इंदिरा नगर व राजीव नगर के वार्डवासी भी प्रदर्शन स्थल पर समर्थन देने पूरा दिन मौजूद रहे। अनशन के बीच देर शाम निगम प्रशासन ने लिखित आश्वासन देकर पार्षदों से अनशन तोड़ने की अपील की। निगम ने लिखित तौर पर कहा है कि, वर्षा ऋतु के बीच अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया जाना मुश्किल है। इसलिए वर्षा ऋतु के समाप्त होते ही



सात दिनों के भीतर नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद पार्षद चंपू गुप्ता ने कहा कि, मेरा कर्तव्य है कि हमारे नागरिकों को स्वच्छ माहौल मिले। लेकिन बीते कई सालों से इंदिरा नगर और राजीव नगर क्षेत्र के लोगों के घरों में बारिश के दौरान नाला का गंदा पानी भर जाता है। इसका कारण है नाला में अतिक्रमण कर उसे संकरा कर दिया जाना। कुछ लोगों द्वारा किए गए इस अतिक्रमण से हजारों की आबादी का जीना मुहाल हो गया है।

उन्होंने कहा कि, अनशन का उद्देश्य यही था कि निगम प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करे ताकि प्रभावित हो रही आबादी को राहत मिल सके। निगम प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि इस समस्या को दूर करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। लिखित आश्वासन पर अनशन समाप्त किया गया है। इस दौरान कांग्रेस के अन्य पार्षद भी हमारे साथ आए और हमारी मांगों का समर्थन किया।

# पुलिस ने पकड़ी 10 ग्राम ड्रग्स, दुर्ग के दो युवक गिरफ्तार नांदगांव ब्राउन शुगर सप्लाई करने आए थे आरोपी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोतवाली पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दुर्ग निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 10 ग्राम ड्रग्स बरामद की गई है। इसकी कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, दोनों आरोपी राजनांदगांव ड्रग्स छोड़ने ही आए हुए थे। ये जब ड्रग्स लेने आने वाले लोगों का इंतजार कर रहे थे तब दबोचे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपियों के मोबाईल से मिले डेटा की जांच की जा रही है। इस रैकेट से जुड़े दूसरे लोगों तक पहुंचने पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। पुलिस ने एक अगस्त को यह कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया कि, मुखबिर से जानकारी मिली थी कि लखोली बाइपास में दो युवक ब्राउन शुगर लेकर घूम रहे हैं। थाना प्रभारी एमन साहू और सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार ने टीम लेकर छापेमारी कर दोनों संदेहियों को हिरासत में लिया। मौके पर ही जांच में दोनों के पास से तकरीबन 5-5 ग्राम की ब्राउन शुगर की 100 पुड़िया



मिली। दोनों आरोपी दीपेश साहू (36), योगेश विश्वकर्मा (30) दुर्ग जिले के हैं। युवकों के खिलाफ धारा-21 एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, विरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक जी. सिरिल, संदीप चैहान आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया कुश बघेल, प्रदीप जायसवाल, भागवत पैकरा सायबर सेल राजनांदगाँव से प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा एवं थाना स्टाफशामिल रहा।

### जिले में अब तक औसत 669.2 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 669.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 30.2 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 29.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 34.2 मिमी, घुमका तहसील में 32 मिमी, छुरिया तहसील में 26.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 30.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## 3 एकड़ में फैले कार्यक्रम स्थल में आयोजन को लेकर कई चुनौतियां

# 700 की बैठक क्षमता वाले ऑडिटोरियम में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा आज से

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा 02 से 08 अगस्त तक प्रस्तावित ऑनलाईन शिवमहापुराण कथा का वाचन राजनांदगांव से करेंगे। राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम में सीमित यजमान ही इस कथा में सीधे शामिल होंगे। अचानक तैयार किए गए इस कार्यक्रम के लिए आयोजन से जुड़ी तकनीकी टीम ने पूरे साधन झोंक दिए हैं। शिव महापुराण कथा के इस कार्यक्रम को लेकर आनन-फानन में व्यवस्था बनाने जिला व पुलिस प्रशासन ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि जिला प्रशासन ने देर शाम तक आयोजन की अनुमति नहीं दी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल, आईजी दीपक झा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। जिस ऑडिटोरियम में यह आयोजन हो रहा है वहां का कुल क्षेत्रफल तकरीबन 3 एकड़ है। इसमें से लगभग 50 डिसमिल में



ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है। यहां तकरीबन 600 लोगों की बैठक क्षमता बताई जाती है। पं प्रदीप मिश्रा के आयोजन के लिए इससे कहीं बड़ी जगहों की जरुरत होती है। इस लिहाज से ऑडिटोरियम में भीड़ जुटने पर व्यवस्था चरमराने की आशंका भी है। भिलाई में शिव महापुराण का आयोजन संपन्न होने के बाद गुरुवार को पंडित प्रदीप मिश्रा राजनांदगांव पहुंचे। वे यहां सनसिटी में ठहरें हैं। वे शुक्रवार एक बजे से महापुराण का वाचन शुरु करेंगे जो कि शाम चार बजे तक चलेगी। ऑडिटोरियम की क्षमता अनुसार कथा में लगभग 600 लोग शामिल होंगे। इनके लिए पास की व्यवस्था की गई है। जबकि कथा में 10 मुख्य यजमान शामिल होंगे।

आयोजन की व्यवस्था संभाल रहे दिनेश साहू ने बताया कि, कथा में सीधे शामिल होने के लिए रोज शाम को पास जारी किए जाएंगे। पास सीमित ही हैं इसलिए पहले आने वाले यजमानों को ही ये उपलब्ध हो पाएगा। उन्होंने कहा कि, दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कथा का आयोजन होगा। ऑडिटोरियम से ही लाईव कथा का प्रसारण किया जाएगा। इसके सारी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं।

### कार्यक्रम होगा या नहीं... अभी स्पष्ट नहीं

मुंगेली जिले के लोरमी में 2 अगस्त से शिवमहापुराण कथा का आयोजन होना था। वहां 6 विभागों ने कार्य म के लिए एनओसी नहीं दी। इसका कारण मौसम, पंडाल व्यवस्था और अन्य विषय को बताया गया। इसके बाद ही राजनांदगांव में एक अलग कार्य म की रुपरेखा बनाई गई है। लेकिन, आनन-फानन में कार्य म का आयोजन बड़ी चुनौती साबित हो रही है। संभावना है कि पंडित मिश्रा के हजारों अनुयायी यहां जुट सकते हैं। इस स्थिति में हालात को संभाल पाना प्रशासन के लिए बेहद मुश्किल साबित हो सकता है। हाल फिलहाल में ऐसे आयोजनों में भगदड़ मचने जैसे मामले भी सामने आए हैं। प्रशासन इस मुद्दे को लेकर गंभीरता से विचार कर रहा है। शु वार की सुबह हालात को देखते हुए प्रशासन इस पर आगे का निर्णय लेगा।

### एक दिन की तैयारी और छोटा आयोजन स्थल..

गौरतलब है कि, 02 से 08 अगस्त तक लोरमी में आयोजित शिव महापुराण का आयोजन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया। जबकि यहां 4 एकड़ के मैदान में इसकी व्यवस्था की गई थी। पंडाल लग चुका था और भक्तों के लिए व्यवस्था भी बनाई गई थी। इतनी व्यापक तैयारियों के बाद भी कथा के लिए व्यवस्था को पर्याप्त नहीं माना गया। पंडित मिश्रा की कथाओं में रोजाना लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि दो दिनों की तैयारियों के बीच आखिर किस तरह यह आयोजन राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में सीमित लोगों की मौजूदगी में संपन्न हो पाएगा। सभी व्यवस्थाएं इतने कम समय में सुनिश्चित कर ली जाएं ये तो मुमकिन नहीं दिखता। यहां वीआईपी भक्तों का तांता लगने के भी आसार हैं।

### ऑडिटोरियम के चारों ओर बैरिकेटिंग

पुलिस प्रशासन ने फिलहाल गौरवपथ से जुड़े सभी मार्गों में बैरिकेटिंग कर दी है। कथा स्थल पर दूसरी व्यवस्थाएं भी तैयार की जा रहीं हैं। कथा का आयोजन गौरवपथ में हो रहा है यहां बड़ी संख्या में अनुयायियों के जुटने पर भीड़ अनियंत्रित भी हो सकती है, इसे मद्देनज़र रखते हुए व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को यहां तक न पहुंचने दिए जाने पर वीआईपी रोड, सर्किट हाऊस की सड़क, जिला अस्पताल से गौरव पथ मार्ग, बांसपाई पारा, दिग्विजय कॉलेज से गौरवपथ और राजीव नगर की ओर आने वाली सड़क में बड़ी संख्या में लोग जुट सकते हैं।

# कव्वाली मंच में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर का हुआ आयोजन, कृष्ण कुमार राय ने नागरिकों को बांटे पौधे

## आज सामुदायिक भवन पुरानीटोली में होगा जनसमस्या शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 के नागरिकों की समस्या के निराकारण के लिए कव्वली मंच में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 239 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 204 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 35 आवेदन, निर्माण से संबंधित 44 आवेदन, विघुत से 19 आवेदन, सफाई से 24 आवेदन, पेंशन के 11 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 19 आवेदन, जलप्रदाय के 52 आवेदन, राशनकार्ड के 44, जन्म - मृत्यू के 24 तथा राजस्व के 02 प्रकारण प्राप्त हुए। पखवाड़ा शिविर में छ.ग. पर्यटन मण्डल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने आम नागरिकों को पौधा वितरित किया। आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में गरीबी रेखा प्रमाण पत्र व राशनकार्ड का वितरण किया गया। शिविर में रेणु रोशन, सालो बाई, सबनम परवीन, असीनता बाई को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। शिविर स्थल में ही महिन्द्रर राम, शशि मंजू, अन्तोनिस का पेंशन प्रकारण का निराकरण और शशि मंजू एवं असन्ति बाई का राशन कार्ड का प्रकरण का मौके पर ही निराकरण किया गया। शासन के द्वारा चलाई जा रही जन समस्या निवारण पखवाड़ा के संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योज़ना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना, आयोध्या घाम तिथि यात्रा योजना, विस्तरित जानकारी उपस्थित आम नागरिकों को प्रदान किया गया। शिविर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरीकों से घरों के बाहर कचरा न फेंके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। मुख्यनगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायत पर प्रभारी अधिकारीयों द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए मौके पर ही 102 प्रकारण का निराकारण किया गया। जिसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विधुत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। उक्त शिविर में नायब तहसीलदार, जशपुर, महिला बाल विकास, श्रम विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे। स्वस्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर स्थलपर ही आयुस्मान कार्ड बना कर हितग्राहीयों को प्रदाय किया गया। साथ ही नगरपालिका द्वारा आम, जामून, कटहल, ईमली, आमरूद, अर्जून एवं अन्य प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधो का वितरण किया गया। कलेक्टर डॉ. रवि मितल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारीयों को दी गई है। निर्देश के परिपालन में जिले के सभी नगरी निकायों द्वारा मौके पर ही निराकरण करने की कार्यवाही की जा रही है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष, फैजान सरवर खान, नीतु गुप्ता, पिंकी लकड़ा, गणेश साहू पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, अशिमा विश्वास उप अभियंता, टी. आर यादव, लेखपाल, जगेशवर चौहान लोक निर्माण प्रभारी, सुरेन्द्र मिश्रा जल प्रदाय प्रभारी, प्रभात सिंन्ह, राजस्व प्रभारी, लिलेन्द्र प्रधान, दिनेश सिंह, भोला यादव, शंकर यादव सहित निकाय के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित रहे। जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक निकाय के वार्डो में लगाई जावेगी, जिसमें आम नागरिक अपने शिकायत एंव मांग हेतु आवेदन कर सकते है। 02 अगस्त 2024 को वार्ड क्रमांक 09, 10 के लिए जनसमस्या शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन, पुरानीटोली, में किया जाएगा।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की जुलाई माह की गोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की जुलाई माह की गोष्ठी वृंदावन सभागार में आयोजित की गई। सरोज दुबे ने सबका अभिनंदन कर सचिव नीता श्रीवास्तव को मंच सौपा, नीता ने सर्वप्रथम मंच सज्जा कर ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, डॉ चितरंजन कर, अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, मंजु यदु सरोज दुबे से माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। वीणापाणि की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की ईरा पंत ने, मासिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा द्वारा किया गया। इस माह डॉ चितरंजन कर, शकुंतला तरार, नीलिमा मिश्रा का जन्मदिन था, सबने उन्हे पुष्पगुच्छ देकर बधाइयाँ प्रेषित की। गोष्ठी का संचालन भार संरक्षक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु के कांधों पर था, उन्होंने अपने फौजी अंदाज में अध्यक्ष से अनुमति लेकर गोष्ठी को प्रवाह दिया, कवि व लेखकों को रोबीले अंदाज़ में काव्यपाठ हेतु आमंत्रित करना और दर्शकदीर्घा को फौजियों के अंदाज़ में ही तालियाँ बजाने का आदेश जारी कर गोष्ठी को अनूठे तरीके से सुशोभित कर दिया, साहित्यकारों ने भी सलामी देकर अपनी कृतियाँ प्रस्तुत की ये अलहदा अंदाज़ अद्वितीय रहा। गीत, गज़ल, कविता, व्यंग्य, पावस गीत से सराबोर गोष्ठी में सहभागी रहे सुरेंद्र रावल, आचार्य अमरनाथ त्यागी, आशामानव, डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव, के पी सक्सेना दूसरे, डॉ चितरंजन कर, माधुरीकर, लतिका भावे, साधना सक्सेना, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, चंद्रकांता अग्रवाल, चंद्रकला त्रिपाठी, नीता श्रीवास्तव, डॉ सुरेश तिवारी, दिलीप वरवंडकर, नीलिमा मिश्रा, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, किरणलता वैद्य, अंजु यदु, कोमल राठौर, शकुंतला तरार, सुनिता वर्मा, ईरा पंत, मीना शर्मा, सरोज दुबे विधा, विनय वर्मा आदि। अंत में ब्रिगेडियर ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा।

# डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


विद्यालय की प्राचार्या आशा विग के नेतृत्व में एकता अस्पताल, शंकर नगर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का कोटा स्थित डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का क्रियान्वयन विद्यालय के संचालक मिनहाज़ असद एवं प्राचार्या आशा विग की उपस्थिति में हुआ। इसमें डॉ धनंजय पाटिल, डॉ कीर्तना, डॉ मृगया जैन, डॉ शिखा विश्वकर्मा, डॉ सत्यम बंजारे एवं डॉ लक्ष्मी पिंजानि ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसमें दांत सम्बंधित सामान्य परिक्षण, फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी आदि जांच की सुविधा थी। विद्यालय के कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों की जांच कर उन्हें स्वास्थय सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय के भी कई शिक्षक व शिक्षकों ने भी जांच करवाई। विद्यालय की प्राचार्या आशा विग ने सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि वे भविष्य में ऐसे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करती रहेंगी।

# जिला अस्पताल जशपुर के मरीजों को मिलने लगा अब मां के हाथ का खाना, अधीश्री स्व सहायता समूह करेंगे संचालन

## खाना की गुणवत्ता को लेकर पूर्व में लगातार उठते रहे सवाल, अब बेहतर की उम्मीद

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







राजा देवशरण जिला चिकित्सालय जशपुर में मरीजों को दिए जाने वाले पौष्टिक खाना परोसने का ठेका इस बार महिला स्व सहायता समूह को दिया गया है। जिला मुख्यालय के अधीश्री स्व सहायता समूह की महिलाओं को 1 अगस्त से आगामी वर्ष 31 जुलाई तक 1 साल के लिए टेंडर दिया गया है। 1 अगस्त गुरूवार को टेंडर शुरू होने के पहले दिन समूह की महिलाएं पुष्प गुच्छ लेकर प्रसूता महिलाओं के वार्ड में प्रवेश कीं और पुष्प गुच्छ देते हुए सबसे पहले प्रसूताओं को गर्म चाय, बिस्किट और लड्डु परोसे। इसके साथ ही उन्हें केला और गर्म उबला अंडा भी दिया गया। मेनू का अनुसरण करते हुए स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मरीजों को पौष्टिक भोजन परोसकर अपने काम की शुरूआत की।

### गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल

बीजेपी के शासन में आने से पहले अस्पताल के खाने को लेकर बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा गुणवत्ता के संबंध में लगातार मुद्दा उठाया जाता रहा है। अस्पताल के मुद्दे को लेकर सड़क तक की लड़ाई लड़ने वाले बीजेपी के युवा नेता दीपक गुप्ता और विकास सोनी ने खाना की गुणवत्ता के संबंध में कोई समझौता नहीं होने की बात कही थी। सरकार बदलते ही खाना परोसने की जिम्मेदारी को लेकर शासन की ओर से स्व सहायता समूह को संचालन की जिम्मदारी देने का फैसला लिया गया, जिसकी सभी ओर सराहना हो रही है। अब यह उम्मीद की जा रही है कि मरीजों को बेहतर गुणवत्तायुक्त भोजन अवश्य मिलेगा।

मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन मिले इसके लिए शासन की ओर से सख्त निर्देश मिले हैं। अधीश्री स्व सहायता समूह को एक साल का नया टेंडर दिया गया है। उनके द्वारा बेहतर संचालन किया जा रहा है। विभाग सत्त निगरानी भी करेगा।

-डॉ. विपीन इंदवार, सीएमएचओ जिला जशपुर

# एन ई एस महाविद्यालय जशपुर के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित हुए सेवानिवृत महाविद्यालय और नगर उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





डॉ विजय रक्षित की कुशल कार्यक्षमता उत्कृष्ट योगदान सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की महाविद्यालय को हमेशा अपेक्षा रहेगी। उक्त बातें शासकीय राम भजन राय एन ई एस महाविद्यालय जशपुर के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ बी एन उपाध्याय ने महाविद्यालय में आयोजित सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ विजय रक्षित के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि गण, महाविद्यालय के प्रोफेसर गण एवं कर्मचारी समूह ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सभी ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर उनके सेवाकाल की चर्चा की। सेवानिवृत्त हुये प्राचार्य डॉ विजय रक्षित को विशेष सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में प्राचार्य डॉ विजय रक्षित एवं विशेष अतिथियों को स्वागत परंपरागत मांदरदल नृत्य के साथ प्राचार्य कक्ष से सेमिनार हॉल तक लाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विजय रक्षित एवं विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित मधु छन्दा रक्षित, डॉ विजय रक्षित के परिवार, डॉ बी एन उपाध्याय भूतपूर्व प्राचार्य, डॉ व्ही पाठक प्राचार्य आरा, डॉ विनायक साय, प्राचार्य शासकीय बाला साहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी, निशी एक्का, प्राचार्य दुलदुला इत्यादि अतिथियों का स्वागत पुष्प माला एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने गीत के माध्यम से किया। कार्यक्रम के उद्बोधन में महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ उमा लकड़ा ने डॉ विजय रक्षित के सम्पूर्ण शासकीय जीवन में किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को क्रमबद्ध तरीके से प्रकाश डाला। आगे उन्होंने कहा जशपुर के इतिहास को विश्व जगत में पहुंचाने में अमूल्य योगदान रहा, उन्होंने इतिहास के क्षेत्र में सम्पूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया।

**डॉ. रक्षित का जीवन परिचय-** डॉ विजय रक्षित का 1959 में जन्म जशपुर नगर में ही हुआ। यह जशपुर के अध्ययन के दौरान मेधावी छात्र रहे हैं।हायर सेकेंडरी तक कि शिक्षा जशपुर से प्राप्त कर उच्च शिक्षा एम ए पीएचडी की उपाधि रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से प्राप्त किया हैं।

**शासकीय सेवा-** प्रथम नियुक्ति इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक के रूप में 1982 में शासकीय महाविद्यालय चाम्पा में हुई थी और वर्तमान में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत स्नातकोत्तर प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। लगभग 31 वर्ष तक सहायक प्राध्यापक के रूप में काम किया और स्नातकोत्तर में 35 वर्ष का इनका अध्यापन अनुभव रहा है।

**प्रशासनिक अनुभव** - लंबे समय से प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे 2007 से ही शासकीय महाविद्यालय कुनकुरी, शासकीय राम भजन राय महाविद्यालय जशपुर शासकीय कन्या महाविद्यालय जशपुर और विगत में 2018 से पी जी प्राचार्य के पद पर शासकीय अग्रणी महाविद्यालय जशपुर नगर में कार्यरत हैं विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण दायित्वों का इन्होंने लंबे समय से अनुभव रहा है जहां यह कार्य परिषद सरगुजा विश्वविद्यालय अंबिकापुर के सदस्य रहे हैं वहीं इतिहास अध्ययन मंडल के अध्यक्ष सरगुजा विश्वविद्यालय अंबिकापुर में संकाय अध्यक्ष कला संकाय के पद पर भी इन्होंने कार्य किया है और वर्तमान में है कार्य परिषद सरगुजा विश्वविद्यालय अंबिकापुर के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं. राष्टीय सेवा योजना और इनका जुड़ाव राष्ट्री य सेवा योजना के अनुभव के तौर पर कार्यक्रम अधिकारी के रूप में लगभग 16 वर्ष का रहा जिला संगठन के रूप में यह 2002 से 2011 तक लगातार कार्यरत कर रहे इकाई स्तरीय शिविर आयोजन में 16 विशेष शिविर में भाग लिया है जहां जिला स्तरीय के पांच शिविर वहीं विश्वविद्यालय स्तर के पांच शिविर और राज्य और राष्टीय स्तर के शिविरों में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।यह गुरु घसीदास विश्वविद्यालय के पी.एचडी. इतिहास के शोध निर्देशक थे और उनके अंतर्गत कई छात्रों को पी. एचडी. की उपाधि प्राप्त हुई है. और वर्तमान शोध कार्य पर लगातार कार्य कर रहें हैं। प्राचार्य के पद पर छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी रायपुर में 2007 में एवं 2019 मे इन्होंने प्राचार्य के पद पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वहीं छत्तीसगढ़ ह्यूमन डिपार्टमेंट से भी उन्होंने प्राचार्य के पद में प्रशिक्षण प्राप्त किया है इन्हें विभिन्न पुरस्कार और सम्मान शासन द्वारा प्राप्त हुए जिसमें उत्कृष्ट जिला संगठन के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा इन्हें पुरस्कृत किया गया ।उनके कार्यों के लिए इन्हें याद किया गया।

# चांपा कोरबा मुख्य मार्ग पर गड्ढे को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

## सात दिवस के भीतर मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी





पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

कोरबा मुख्य मार्ग वार्ड न. 22 तिलक नगर के सामने जर्जर सड़के गड्ढों की दयनीय स्थिति को अवलोकन व उच्चाधिकारियों को जगाने का कार्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी चाम्पा शहर के तत्वावधान में और जांजगीर चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में किया गया। पीडब्लूडी विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में रोड़ को बनाने का आश्वासन दिया है, नही बनने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में ब्यास कश्यप (विधायक), दांडीयात्री एडवोकेट अवधेश गुप्ता, (अध्यक्ष) सुनील साधवानी कार्य. अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, अजय बंसल, राजेश अग्रवाल (पूर्व नपा अध्यक्ष), किशन सोनी, मो. इब्राहिम मेमन, उपकार सिंग ढिल्लो, विष्णु विश्वकर्मा, उमेश तिवारी, भालचंद्र तिवारी, अनिल मोदी, पार्षद नागेंद्र गुप्ता, रंजन कैवर्त, डुग्गु प्रधान, गोविन्द देवांगन, बहादुर यादव, दिनेश्वर देवांगन, अमरजीत सलूजा, टिंकू मेमन, शिवदयाल कर्ष ,हरीश श्रीवास, अंजुम अंसारी, राज सरोज, पंकज शुक्ला, राजू शर्मा, मोहम्मद अली, अंजुम अंसारी, राकेश कर्ष, खूबचंद देवांगन, अनिल बनकर, जगदीश सोनी, माणिक मसीह, अब्बास मेमन, जीवन बंजारे, संतोष दुबे, सुमित चौहान, रूपेश गर्ग, राजेन्द्र देवांगन, राकेश कर्ष, सुरेश कर्ष ,शिवा केंवट, नितिन सोनी, पोखराज, दुर्गेश कुमार, अनमोल महन्त, राधेलाल, देवा यादव, कीर्तन दास, सुनील महन्त, सोनू युवराज, कंचन बाई, गौरी साहू, अंजली दास, बनू बेगम, बृहस्पति बाई, सावित्री, दुर्गा बाई, धनेश्वरी बाई स्नेहा पटवा शिखा पटवा भूमिका तिवारी कविता सोनी रजनी यादव सरिता बाई मेला बाई गणेश बाई सावित्री बाई नीलम साहू तीरथ चौहान शिवम गौरहा दीपक बरेठ सत्या यादव रफ़ीक सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने की 6.10 करोड़ के कार्यो की घोषणा, जिले में महतारी वंदन योजना की हितग्राही पौधा लगाकर बनीं पर्यावरण संगवारी

# एक पेड़ मां के नाम : उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मां के सम्मान में लगाया पीपल का पौधा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मोपका में मां के सम्मान में पीपल का पौधा लगाया। आज यहां आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों ने ढाई एकड़ जमीन में 1500 छायादार और फलदार पौधे अपनी मां के सम्मान में लगाएं। जिले में सभी ब्लॉक मुख्यालय, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सघन पौधरोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम स्थल से बेजा कब्जा हटाकर यहां उद्यान बनाया जा रहा है। रिमझिम फुहारों के बीच शहरवासियों क लिए सौगातों की बरसात हुई। उप मुख्यमंत्री ने 6 करोड़ 10 लाख की लागत से विकास कार्यो की घोषणा की। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी, रामदेव कुमावत, पार्षद विमला यादव, कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आर.पी. चौहान ने भी पौधरोपण किया। जिले में महतारी वंदन योजना की सवा चार लाख हितग्राही आज पर्यावरण संगवारी बनीं। उपमुख्यमंत्री साव ने अपने संबोधन में वार्ड क्रमांक 47 मोपका में एक करोड़ की लागत से गार्डन बनाने, एक करोड़ की लागत से शहर में तीन वेंडिग जोन, 30 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 52 वसंत विहार में वेंडिग जोन बनाने की घोषणा की। बिलासपुर निगम क्षेत्र में सड़कों की पिचिंग के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति दी। कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मां के नाम उद्यान के लिए 30 लाख रूपए, एनर्जी पार्क के उन्नयन के लिए 20 लाख रूपए और वार्ड क्रमांक 51 में मुक्तिधाम निर्माण के लिए 30 लाख रूपए की स्वीकृति दी। उपमुख्यमंत्री साव ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के सम्मान और उनकी बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पवित्र रिश्ता मां का होता है। मां के लिए इससे बड़ा सम्मान और कुछ नहीं हो सकता। मां के सम्मान में यह आज हम सब पेड़ लगा रहे हैं। जितना सम्मान मां का होता है उतना ही सम्मान पेड़ का भी होता है। वृक्षों से ही धरती माता का श्रृंगार होता है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना चलायी जा रही है। अब हर महीने में महिलाओं के खाते में पैसा भी सांय-सांय आ रहा है। आज भी महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना की किस्त आई है। उन्होंने कहा कि जब महिला मजबूत और सक्षम होती है तो परिवार भी मजबूत होता है। हमारी सरकार महिलाओं को सक्षम और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मिलन, इंद्रा सूर्यवंशी, अंजु कोसले, सरिता देवांगन, लता शर्मा, पुष्पा देवांगन सहित अन्य महिलाओं ने उत्साह से पौधे लगाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से पौधे लगाने की अपील की। महतारी वंदन योजना की हर माह किस्त मिलने की खुशी व्यक्त करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।

**ब्लॉक मुख्यालय सहित पूरे जिले में हुआ सघन पौधरोपण**-आज ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित पूरे जिले में सघन पौधरोपण हुआ। महिलाओं ने इसके अलावा अपने घरों में आंगन में भी पौधा लगाकर हरियाली का संदेश दिया।

# 16 लीटर अवैध कच्ची महुआ-देशी एवम अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



16 लीटर अवैध कच्ची महुआ/देशी एवम अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमें मुखबिर सूचना पर आरोपी सुंदर लाल कुर्रे साकिन भठली थाना नवागढ़ के कब्जे से 8.8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवम 7.2 लीटर देशी एवम अंग्रेजी शराब कीमती 5,320/रुपए एवम शराब बिक्री रकम 36,680/? रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 284/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर का दिनांक 01.08.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ एवम थाना नवागढ़ स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।



















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403